वर्ष-32, अंक- 01, पृष्ठ-12 | कार्तिक कृष्ण पक्ष 08, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
मंगलवार
14 अक्टूबर 2025

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## विशेष संपादकीय

## राष्ट्रीय नवीन मेल: सत्य और सेवा की अपनी अनमोल धरोहर

राष्ट्रीय नवीन मेल की स्थापना के बाद से तीन दशकों का सफर अविस्मरणीय रहा है। राष्ट्रीय नवीन मेल के संस्थापक एवं प्रधान संपादक के रूप में जब कदम रखा था, और तब से यह अखबार पलामू, डाल्टनगंज, और इसके आसपास के इलाकों के लोगों के जीवन में गहरे जुड़ाव के साथ पत्रकारिता की क्रांति का प्रतीक बन गया है। 14 अक्टूबर 1994 को इस अखबार की शुरुआत एक मकसद के साथ हुई थी। सच्चाई को उजागर करना, जनता की आवाज़ बनना, और समाज के हर तबके को न्याय एवं विकास की ओर प्रेरित करना। आज तीन दशक से अधिक समय बाद, इस मिशन की अनुभूति मेरे दिल में उतनी ही प्रबल है जितनी प्रारंभ में थी।

प्रारंभ से ही हमारा उद्देश्य केवल समाचार देना नहीं था, बल्कि हम चाहते थे कि हमारा अखबार समाज की चेतना का माध्यम बने। इसलिए हमने सत्य, निष्पक्षता और समाज सेवा को अपने मूल स्तंभ बनाया। पलामू का यह क्षेत्र, जिसकी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक विविधताएं अत्यंत गहन हैं, यहां के लोगों की आवाज़ को हम तक पहुंचाना हमारा पहला कर्तव्य समझा। इस दिशा में राष्ट्रीय नवीन मेल की टीम कई बार कठोर परिस्थितियों का सामना किया, कई चुनौतियों को पार किया, लेकिन कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।

राष्ट्रीय नवीन मेल की टीम उस समय से पलामू के इतिहास, उसके नायकों और उसकी संस्कृति को संजोने की भी बहुत कोशिश की। नीलांबर-पीतांबर के स्वतंत्रता संग्राम को लेकर हमारी टीम की रिपोर्टिंग और उपलब्धियां इसलिए खास हैं कि वे सिर्फ इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि हमारे वर्तमान के लिए प्रेरणा हैं। हमारी पत्रकारिता का उद्देश्य ऐसे महापुरुषों के उदाहरण को नए पीढ़ी तक पहुंचाना रहा है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर आज़ादी और समाज के लिए लड़ाई लड़ी। 30 वर्ष की पत्रकारिता यात्रा में हमने कई बार महसूस किया कि पत्रकारिता केवल खबरों का संकलन नहीं है, बल्कि यह जनता और सरकार के बीच सेतु का काम करती है। हर खबर जो हमारी टीम ने प्रकाशित की, चाहे वह सड़क या बिजली की समस्या हो, शिक्षा का अभाव हो या स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, उसका उद्देश्य था जागरूकता और प्रशासनिक क्रियाशीलता बढ़ाना। कई बार हमारी खबरों ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारीयों को तुरंत कार्रवाई के लिए प्रेरित किया, और हम इसी संबंध को अपने लिए बड़ी सफलता मानते हैं।

पिछला वर्ष हमारे लिए विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है। डिजिटल युग में संक्रमण के बावजूद, हमने अपने प्रिंट संस्करण की गुणवत्ता और विश्वसनीयता बनाए रखी। साथ ही, डिजिटल माध्यम का भी हमनें भरपूर सदुपयोग किया, जिससे हमारी खबरें अधिक तेजी से और व्यापक स्तर पर पहुंच सकीं। इस बदलाव के दौर में अखबार ने न केवल भाषा और शैली में नवीनता लाई, बल्कि जनता के करीब भी रहा। इस संवादात्मक प्रक्रिया ने पत्रकारिता को जनता के लिए और भी सजीव और कारगर बनाया है।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने पाया कि आज का पाठक केवल खबरों का उपभोक्ता नहीं है, बल्कि वह संवेदनशीलता, विश्लेषण, और संदर्भ की भी अपेक्षा करता है। इसीलिए हम अपने रिपोर्टरों को स्थानीय मुद्दों के साथ-साथ वैश्विक संदर्भ में भी शिक्षित करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि खबरें व्यापक और गहराई से प्रस्तुत की जा सकें। हमने सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, और शिक्षा सुधार जैसे विषयों को अखबार के स्तंभों में प्रमुखता दी है ताकि जागरूकता और स्वविवेक को बढ़ावा दिया जा सके।

राष्ट्रीय नवीन मेल की पत्रकारिता की मुख्य विशेषता है, उसका जन-समाज के हर वर्ग से जुड़ाव। किसान हो, मजदूर हो, शिक्षक हों या छात्र, अखबार ने हर तबके की जरूरतों और समस्याओं को समर्पित रिपोर्टिंग के माध्यम से संवारा है। हमने राजनीति, प्रशासन, और समाज के बीच पारदर्शिता लाने की कोशिश की है। हमारी कोशिश रही कि हर खबर निष्पक्ष हो, हर सूचना सटीक हो और हर संपादन तथ्यपरक हो। पाठकों का विश्वास हमारे लिए सबसे बड़ी पूंजी है और यही पूंजी हमें गतिशील बनाती है। हमने स्थानीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन को भी अपनी प्राथमिकता बनाया है। पलामू की धरती पर बिखरी सांस्कृतिक विविधता, पारंपरिक त्योहार, लोककथाएं और कला के प्रति हमारा सम्मान और समर्थन अखबार की आत्मा की तरह है। हम चाहते हैं कि हमारी पीढ़ी इन्हें समझे, सराहे और आगे बढ़ाए। इसलिए हर वर्ष त्योहारों, धार्मिक आयोजनों, और लोक कला के संरक्षण की खबरों में हम नई ऊर्जा के साथ पत्रकारिता करते हैं। एक संपादक के रूप में मेरा यह मानना है कि पत्रकारिता सिर्फ सूचना का आदान-प्रदान नहीं बल्कि समाज की नैतिक आवाज भी है। हम जानते हैं कि जिम्मेदारी के साथ यह शक्ति बड़ी होती है, इसलिए कभी भी त्वरित सफलता के लिए अपनी निष्ठा से समझौता नहीं किया। अखबार के हर पृष्ठ पर हमें समाज के लिए समर्पण की गंध आती है। यही मूलमंत्र हमारे पत्रकारों और सम्पादकीय टीम की मेहनत का आधार है। आगे का रास्ता भी आसान नहीं होगा। बदलते युग, नई तकनीकें और मीडिया के बढ़ते विकल्प हमें चुनौती देते हैं। परंतु मुझे विश्वास है कि इस अखबार की जड़ें अब इतनी गहरी हो चुकी हैं कि वे किसी भी तूफान का सामना कर सकती हैं। यही वजह है कि हम हर दिन नई ऊर्जा, नवीन विचार और समाज के प्रति दायित्व के साथ काम करते हैं। हमारा लक्ष्य केवल खबरें देना नहीं, बल्कि एक ऐसा मंच तैयार करना है जो पलामू और आसपास के क्षेत्र के हर नागरिक का सशक्त साथी बने। तीस सालों से चल रही यह यात्रा बताती है कि पत्रकारिता की सबसे बड़ी पूंजी पाठकों का विश्वास और समाज से जुड़ाव है। 'राष्ट्रीय नवीन मेल' ने इन्हीं मूल्यों को अपनाया और इन्हीं से निरंतर अपनी शक्ति बढ़ाई है। मैं गर्व महसूस करता हूं कि इस अखबार के साथ जुड़कर मैं लेखनी की सेवा में जनता और समाज का साथ पाया है।

मैं अपने पूरे संपादकीय परिवार का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने इस सफर में मेरी प्रेरणा और सहयोग के स्तंभ बने। साथ ही उन पाठकों का भी धन्यवाद जो हर दिन हमें पढ़ते हैं, समझते हैं और हमारे प्रयासों को सम्मान देते हैं। हम आगे भी इसी भावना, ईमानदारी और निष्ठा के साथ अखबार को अखंडित रखते हुए पलामू और आसपास के लोगों की सेवा करते रहेंगे। अंत में यह कहना चाहूंगा कि 'राष्ट्रीय नवीन मेल' केवल एक समाचार माध्यम नहीं, बल्कि एक संस्था है जो समाज के उज्जवल भविष्य का संदेशवाहक है। हम उम्मीद करते हैं कि आने वाले वर्षों में भी यह प्रकाश पुंज समाज की अंधकारमयी समस्याओं को दूर करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा और पत्रकारिता की परंपरागत सीमाओं को न केवल हराएगा, बल्कि एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा। यह यात्रा संभव नहीं होती अगर हमारे समाज के सभी वर्गों का समर्पण और सहयोग न होता, सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोग, प्रशासनिक पदों पर विराजमान अधिकारी, किसान और मजदूर, समाजसेवी और नेता। उनकी भागीदारी और समर्थन के बिना यह मुकाम सम्भव नहीं था। राष्ट्रीय नवीन मेल परिवार उनके विश्वास और सहयोग का सदैव आभारी रहेगा। विशेष रूप से राष्ट्रीय नवीन मेल उन सुधि पाठकों का आभार व्यक्त करना चाहता है, जिनके सुझावों और आलोचनाओं के कारण हम निरंतर सुधार कर बेहतर पत्रकारिता करके आगे बढ़ रहे हैं। उनका विश्वास और संवाद हमें सशक्त बनाता है। हमारा संकल्प है कि आगे भी निरंतर प्रयास करेंगे ताकि सत्य और सेवा की यह अनमोल धरोहर और प्रगाढ़ हो, और पत्रकारिता का यह प्रकाश पुंज समाज के अंधकार को दूर करने का माध्यम बना रहे। हम आशा करते हैं कि आने वाले वर्षों में भी हमारा अखबार नई चुनौतियों का सामना करते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव की मजबूत प्रेरणा बनेगा।

**- सुरेश बजाज**
**प्रधान संपादक**

### रंगदारी वसूलने वाले गिरोहों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

# रांची में दो मुठभेड़ में दो घायल समेत 5 गिरफ्तार

- तुपुदाना-बालसिरिंग में हुई मुठभेड़ में सुजीत सिन्हा गिरोह के तीन पकड़ाए, एक घायल
- मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र में मुठभेड़ में दो धराए, कुख्यात अपराधी प्रभात राम जख्मी

**नवीन मेल डेस्क**


**रांची।** राजधानी में सोमवार को पुलिस और अपराधियों के बीच पांच घंटे के भीतर मुठभेड़ की दो अलग-अलग घटनाएं हुईं। इनमें पुलिस की गोली से दो अपराधी घायल हुए हैं। इनके अलावा, मौके से तीन अन्य अपराधियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही, कई हथियार बरामद किए गए हैं।

पहली घटना सोमवार की सुबह तुपुदाना-बालसिरिंग क्षेत्र में हुई। यहां कुख्यात सुजीत सिन्हा गिरोह के अपराधी बड़ी घटना अंजाम देने के इरादे से इकट्ठा हुए थे। एसएसपी राकेश रंजन को इसकी सूचना मिली। उन्होंने तुरंत स्पेशल टीम मौके पर भेजी। बालसिरिंग पहाड़ के पास पुलिस को देखते ही अपराधी गोली चलाने लगे। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। जवाबी कार्रवाई में सुजीत सिन्हा गिरोह से जुड़ा अपराधी आफताब घायल हो गया। वहीं, दो अन्य अपराधियों को मौके से गिरफ्तार किया गया। उनके पास से हथियार और कारतूस बरामद किए गए।



### राज्य सरकार की प्राथमिकता है बेहतर कानून व्यवस्था

हेमंत सोरेन सरकार की अपराधियों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हमेशा कहा है कि अपराध नियंत्रण में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने हमेशा कहा है कि राज्य के नागरिकों को बेहतर कानून व्यवस्था और सुरक्षा प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा है कि अपराधों पर नकेल कसने के लिए नई तकनीक का प्रयोग करें। असामाजिक तत्वों का डाटाबेस तैयार किया जाए, जिससे कि विशेष स्थिति में उन पर नियंत्रण पाने के लिए त्वरित कार्रवाई हो सके।



पुलिस जांच में सामने आया कि घायल अपराधी आफताब डोरंडा के कुसई कॉलोनी में हुई हालिया फायरिंग में शामिल था। उसने रंगदारी वसूली और दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग को अंजाम दिया था। रांची एसएसपी राकेश रंजन के अनुसार, सुजीत सिन्हा गिरोह शहर में बिल्डरों और कारोबारियों से रंगदारी वसूली के लिए लगातार दहशत फैलाने की कोशिश कर रहा था।

दूसरी मुठभेड़ मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र में सोमवार को दोपहर में हुई। यहां पुलिस की जवाबी कार्रवाई में कुख्यात अपराधी प्रभात राम गोली लगने से घायल हो गया। मौके से उसके साथी संजय राम को भी गिरफ्तार किया गया। मौके से एक कारबाइन, पिस्टल और बाइक बरामद की गई। घायल अपराधी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रांची के ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने घटना की पुष्टि की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि प्रभात राम गिरोह रंगदारी वसूली करने पहुंचा है। इसी आधार पर पुलिस टीम ने इलाके में गश्त बढ़ाई। जांच के दौरान जब बाइक सवार संदिग्धों को रोकने का इशारा किया गया, तो अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में प्रभात राम घायल हो गया।

रांची पुलिस के अनुसार, प्रभात राम गिरोह ईंट-भट्ठा और कोयला कारोबारियों से अवैध वसूली करता था। साथ ही, भय फैलाने के लिए फायरिंग की घटनाओं को अंजाम देता था।

### अपराधियों के खिलाफ जारी रहेगी रांची पुलिस की कार्रवाई : एसएसपी

एसएसपी राकेश रंजन ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ रांची पुलिस की कार्रवाई जारी रहेगी। उनके पास अब केवल दो ही रास्ते हैं। या तो आत्मसमर्पण कर दें, या पुलिस की गोली खाने को तैयार रहें। ज्ञात हो कि इससे पहले 10 अक्टूबर 2025 को खलारी थाना क्षेत्र में पुलिस और राहुल दुबे गिरोह के बीच मुठभेड़ हुई थी। उस मुठभेड़ में गैंग के दो सदस्य साजन अंसारी और अमित गुप्ता घायल हुए थे, जबकि दो अन्य को गिरफ्तार किया गया था। उस कार्रवाई में भी पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद किए थे।

## हजारीबाग में नक्सली ठिकाने से एसएलआर और कारतूस बरामद

- पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम को मिली बड़ी सफलता

**नवीन मेल डेस्क**



**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है। जिला पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने सोमवार को हजारीबाग-बोकारो जिले के सीमावर्ती जंगलों में सर्च ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में हथियार और अन्य सामग्रियां बरामद की हैं। बरामद वस्तुओं में दो एसएलआर, मैगजीन, बड़ी संख्या में कारतूस, पिट्ठू बैग, वर्दी, दस्तावेज और अन्य नक्सली सामान शामिल हैं।

बताया गया कि हजारीबाग के एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि नक्सलियों का एक दस्ता सीमावर्ती इलाके में सक्रिय है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने अभियान की रूपरेखा तैयार की और सोमवार के तड़के बलों को जंगल की ओर रवाना किया गया। सर्च ऑपरेशन के दौरान जंगल के एक गुप्त ठिकाने से नक्सलियों द्वारा छिपाई गई हथियारों की खेप और विस्फोटक सामग्री बरामद हुई। छापेमारी की भनक मिलते ही नक्सली मौके से भाग निकले।

इससे पहले सितंबर महीने में इसी इलाके में पुलिस और सुरक्षा बलों के संयुक्त ऑपरेशन में एक करोड़ के इनामी माओवादी नक्सली सहदेव सोरेन उर्फ प्रवेश सहित कुल तीन नक्सली मारे गए थे। यह मुठभेड़ जिले के बरकट्ठा-गोरहर थाना क्षेत्र के जंगल में हुई थी।

भाकपा माओवादी संगठन हाल में पुलिस मुठभेड़ की घटनाओं में अपने कई साथियों के मारे जाने के विरोध में 8 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक प्रतिरोध सप्ताह मना रहा है। इस दौरान हिंसा फैलाने की उनके मंसूबों की खुफिया रिपोर्ट के आधार पर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने सभी नक्सल प्रभावित जिलों को अलर्ट कर रखा है।

हजारीबाग पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार अभियान चलाया जा रहा है, ताकि नक्सलियों के ठिकानों और सप्लाई चेन को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस और सीआरपीएफ के बीच बेहतर समन्वय से क्षेत्र में नक्सलियों की गतिविधियों में लगातार कमी आई है।

## पलामू एसीबी ने बीपीएम को पांच हजार घूस लेते किया गिरफ्तार

- एएनएम लीलावती कुमारी से मांगे थे घूस के रुप में 10 हजार

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** पलामू एसीबी की टीम ने सोमवार को लातेहार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीपीएम अजय भारती को 5000 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बेंदी उप स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम लीलावती कुमारी पर कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगा था। इस मामले में विभाग द्वारा जांच की गई, जिसमें वह वह निर्दोष साबित हुई। हालांकि अजय भारती ने जांच रिपोर्ट पॉजिटिव दिखाने के एवज में 10 हजार रुपए की मांग की थी। बाद में यह सौदा 5 हजार रुपए में तय हुआ। लीलावती कुमारी रिश्वत देना नहीं चाहती थीं, जिसके बाद उन्होंने पलामू एसीबी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की पुष्टि होने पर एसीबी टीम ने लातेहार प्रखंड स्वास्थ्य केंद्र परिसर में अजय भारती को 5 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद एसीबी टीम आरोपी अजय भारती को धर्मपुर स्थित उसके किराए के आवास पर ले गई, जहां तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के बाद टीम उसे सुरक्षा के बीच पलामू ले गई, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई की गयी।



### भारत का जलवायु व आपदा प्रबंधन मॉडल जी-20 में चमका

# डॉ. पीके मिश्र ने पूर्व-चेतावनी व वित्तीय रणनीति का वैश्विक खाका पेश किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्र ने जी-20 आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) मंत्रिस्तरीय बैठक के पहले दिन भारत की ओर से दो उच्च-स्तरीय सत्रों में भाग लेते हुए देश की बहुआयामी आपदा प्रबंधन रणनीति पेश की। उन्होंने कहा कि पूर्व-चेतावनी प्रणालियां केवल तकनीकी विलासिता नहीं, बल्कि अनुकूलन के लिए एक रणनीतिक निवेश हैं।डॉ. मिश्र ने भारत की बहु-एजेंसी संरचना की रूपरेखा प्रस्तुत की, जो एक कॉमन अलर्ट प्रोटोकॉल यानी कॉम्प्लायंट इंटीग्रेटेड एलर्ट सिस्टम के माध्यम से मौसम विज्ञान, जल विज्ञान, भूकंप विज्ञान और समुद्र विज्ञान संस्थानों को एकीकृत करती है। यह प्रणाली अब तक 109 बिलियन से अधिक चेतावनियां जारी कर चुकी है। उन्होंने वैश्विक स्तर पर 'सभी के लिए पूर्व-चेतावनी' प्रणाली के लिए साझा डेटा प्रोटोकॉल और क्षेत्रीय प्लेटफार्मों के सशक्तीकरण पर जोर दिया।डीआरआर निवेश सत्र में डॉ. मिश्र ने भारत की पांच-स्तंभ वित्त रणनीति की चर्चा की, जिसमें वित्त आयोग के तहत नियम-आधारित आवंटन, साक्ष्य-आधारित प्राथमिकता और विकेंद्रीकृत वित्तपोषण शामिल है। उन्होंने राहत-केंद्रित दृष्टिकोण से जोखिम-आधारित मॉडल की ओर भारत के संक्रमण को रेखांकित किया और समुदाय-आधारित तैयारी, आपदा-विशिष्ट कार्यक्रमों तथा आपदा मित्र स्वयंसेवकों की भूमिका पर प्रकाश डाला।बैठक के दौरान डॉ. मिश्र ने दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय वार्ताएं कीं। नीदरलैंड और ब्राजील के साथ संस्थागत सहयोग बढ़ाने और प्रकृति-आधारित समाधानों पर संयुक्त पहल जारी रखने की सहमति बनी। दिन का समापन करते हुए उन्होंने नवाचार, समावेशी वित्तपोषण और अंतरराष्ट्रीय एकजुटता के माध्यम से सतत विकास में साझेदारी का संकल्प दोहराया।




### मुख्य बिंदु

- 109 बिलियन से अधिक अलर्ट देने वाली एकीकृत प्रणाली का प्रदर्शन।
- पूर्व-चेतावनी को रणनीतिक निवेश बताया।
- पांच-स्तंभ वित्तपोषण रणनीति प्रस्तुत।
- चार देशों से आपदा सहयोग पर सहमति।
- सतत विकास में वैश्विक साझेदारी का संकल्प।

### केरल में लोहरदगा के युवक की चाकू मारकर की गई हत्या

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र की जिंगी पंचायत के जोंजरो गांव के एक युवक की केरल में चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। युवक का शव केरल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पड़ा हुआ है। इस संबंध में सोमवार को केरल पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है। मृतक के परिजन युवक का शव लाने के लिए परेशान हैं। बताया जाता है कि कुडू थाना क्षेत्र के जोंजरो गांव निवासी परमेश्वर टोप्पो रोजगार की तलाश में गांव के साथियों के साथ केरल गया हुआ था। वह केरल के कालीकट जिले के बलसिरी थाना क्षेत्र के ऐगेरूल में काम करता था। रविवार की रात केरल में काम करने वाले कुछ साथियों के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपितों ने परमेश्वर टोप्पो की चाकू मारकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद सभी आरोपित फरार हो गए। साथ में रहने वाले ग्रामीणों की इसकी जानकारी हुई, इसके बाद परमेश्वर को इलाज के लिए बलसिरी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### पिस्टल लेकर घूम रहे दो अपराधी गिरफ्तार

**चतरा।** पुलिस अधिक्षक सुमित कुमार अग्रवाल को मिली गुप्त सचना पर पुलिस टीम ने हंटरगंज थाना क्षेत्र में तीन अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफल रही है। पुलिस ने सोमवार को पिस्टल के साथ दो अपराधियों को दबोच कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। दोनों को बिहार के बॉर्डर गोसाईडीह से गिरफ्तार किया गया है। उपरोक्त जानकारी एसपी ने पत्रकारों को देते हुए बताया कि दोनों आपराधिक वारदात की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार अपराधी हंटरगंज थाना क्षेत्र के गोदोबार निवासी नरेश प्रजापति का पुत्र विश्वनंदन कुमार उर्फ रिशु कुमार और बहेरा गांव निवासी जयराम सिंह का पुत्र प्रियांशु कुमार है। तलाशी के दौरान पुलिस ने अपराधियों के पास से एक देसी पिस्टल के साथ दो मोबाइल बरामद किया गया। जिसके उपरांत हंटरगंज थाना कांड संख्या 175/2025 में दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

# राष्ट्रीय नवीन मेल: तीन दशक की अटूट पत्रकारिता

14 अक्टूबर 1994 यही वह दिन था जब राष्ट्रीय नवीन मेल ने पलामू के (एक गांव, अब शहर) डालटनगंज की धरती से पत्रकारिता यात्रा की शुरूआत की थी। समय का यह सिलसिला अब पूरे 31 वर्षों का हो चला है। इन तीन दशकों में यह अखबार न सिर्फ खबरों का माध्यम बना, बल्कि पलामू और आसपास के अंचलों की आवाज, संस्कृति का दर्पण और जनता का आत्मीय साथी बन गया। सत्य, निष्पक्षता और जनसेवा की मूल भावना पर चलते हुए राष्ट्रीय नवीन मेल आज भी उस मिशन के प्रति अडिग है, जिससे इसकी नींव रखी गई थी, समाज को जोड़ना, जागरूक बनाना और बदलाव की दिशा देना। यूं तो 1998 से मैं सक्रिय पत्रकारिता में हूं। इसकी शुरुआत भी राष्ट्रीय नवीन मेल से बतौर संवाददाता से हुआ है। इस अखबार ने बहुत कुछ सिखलाया है। फिर कई वर्षों तक दूसरे क्षेत्रीय, राष्ट्रीय अखबारों में काम करने का अवसर मिला। बीते वर्षों में अखबारी दुनिया से बहुत कुछ सीखा, समाज की नब्ज परखी, लोगों की संवेदनाएं जानी और पत्रकारिता को केवल पेशा नहीं, जनसेवा का संकल्प माना। यह सफर संघर्षों से भरा रहा, लेकिन हर चुनौती ने सीखने और मजबूत बनने का अवसर दिया। एक समय आया जब अपनी जन्मभूमि और कर्मभूमि की पुकार इतनी गूंज उठी कि अपनी मिट्टी का ऋण चुकाने वापस लौटना पड़ा।

अप्रैल 2024 में जब मैं राष्ट्रीय नवीन मेल परिवार के साथ पुनः स्थानीय संपादक के रूप में जुड़ा, तब अखबार के पुनर्निर्माण और विस्तार का एक नया अध्याय शुरू हुआ। पिछले एक वर्ष के इस सफर में न केवल नए प्रयोग हुए, बल्कि जनता से जुड़ाव और भी गहरा हुआ।

पिछले महीनों में अखबार ने अपनी कवरेज का दायरा और गहराई दोनों बढ़ाई हैं। ग्रामीण इलाकों में संवाददाताओं की सक्रियता, जन सरोकार से जुड़े मुद्दों पर निरंतर रिपोर्टिंग और प्रशासन को जागृत करने वाली खबरें हमारे मिशन की पहचान बनीं। सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे मूलभूत विषयों पर सटीक, निर्भीक और संवेदनशील पत्रकारिता ने न केवल जनमत को दिशा दी बल्कि नीतिगत संवाद की भी राह खोली।

सांस्कृतिक और सामाजिक घटनाओं की कवरेज में भी राष्ट्रीय नवीन मेल ने अपनी अलग पहचान बनाई। मेदिनीनगर की दुर्गा पूजा, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह, किसानों की समस्याएं। हर मुद्दे को राष्ट्रीय नवीन मेल उसी संवेदनशीलता से देखा, जिस संवेदना से पाठक जुड़ा रहता है। यही भावनात्मक रिश्ता हमारे अखबार और पाठकों के बीच सबसे बड़ी शक्ति है।

प्रिंट और डिजिटल दोनों माध्यमों में अखबार की मौजूदगी अब पहले से कहीं मजबूत है। अब खबरें केवल सूचना नहीं, बल्कि प्रेरणा बन रही हैं। कई अवसरों पर हमारे समाचारों पर जनप्रतिनिधियों ने तत्काल प्रतिक्रिया दी, प्रशासन ने कार्रवाई की। यह हमारे काम की सार्थकता का प्रमाण है।

पलामू की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों बेतला के अद्भुत जंगलों, राजा मेदिनी राय की विरासत, झारखंड-बिहार की साझा संस्कृति और स्थानीय लोककला को सहेजने की दिशा में भी राष्ट्रीय नवीन मेल ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई है। स्वतंत्रता संग्राम के अमर नायकों और जननायकों की यादों को शब्दों में सजोना हमारा नैतिक कर्तव्य रहा है।

महंगाई, बेरोजगारी, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और शिक्षा व्यवस्था की चुनौतियों पर भी बिना झिझक सवाल उठाए। निष्पक्ष विश्लेषण किया, समाधान की राह सुझाई। यही हमारी उस परंपरा का हिस्सा है, जो पत्रकारिता को सच्चे अर्थों में जनता की आवाज बनाती है।

स्थापना दिवस के इस गौरवपूर्ण अवसर पर हम यह स्वीकार करते हैं कि राष्ट्रीय नवीन मेल' का लक्ष्य केवल खबरें देना नहीं, बल्कि जनचेतना जगाना है। पत्रकारिता तभी सार्थक है जब वह आमजन की आंख, कान और आत्मा बने, जब वह उनके सपनों को शब्द और संघर्षों को सम्मान दे। आने वाले वर्षों में हमारा संकल्प और भी मजबूत होगा- सत्य, निष्पक्षता और सादगी के मार्ग पर चलते हुए हम हर खबर को जनहित की दिशा में एक कदम बनाएंगे। हमारा लक्ष्य है कि पलामू और आसपास के अंचलों का हर नागरिक आत्मविश्वास से कह सके- राष्ट्रीय नवीन मेल हमारा अखबार है, हमारी आवाज है।

आप सभी पाठकों, शुभचिंतकों और सहयोगियों के प्रति हृदय से आभार। आप ही की स्नेहशीलता और विश्वास से यह अखबार झारखंड-बिहार की पत्रकारिता में अपने स्वर्णिम अध्याय लिख रहा है।

**-राणा अरुण सिंह**
**स्थानीय संपादक**

### आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विधानसभा सम्मेलन का भव्य आयोजन

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा गढ़ रहा है : नीरा यादव

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में सोमवार को भाजपा कार्यालय हुसैनाबाद में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विधानसभा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं कोडरमा विधायक नीरा यादव, विशिष्ट अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम व पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी व संचालन जिला मंत्री सोमेश सिंह ने किया। कार्यक्रम में राम प्रवेश सिंह, रणजीत पासवान, उदय विश्वकर्मा, संतोष सिंह, अजय गुप्ता एवं अजीत सिंह सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सम्मेलन में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने पूरे परिसर को जोश, उमंग और देशभक्ति की भावना से भर दिया। मुख्य अतिथि नीरा यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा गढ़ रहा है। आत्मनिर्भर भारत अभियान न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे राष्ट्रीय गौरव और सांस्कृतिक स्वाभिमान से जुड़ा जनआंदोलन है। हमें हर घर स्वदेशी का मंत्र अपनाकर भारत को सशक्त राष्ट्र बनाने में योगदान देना होगा। विशिष्ट अतिथि सांसद विष्णु दयाल राम ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता को राष्ट्रीय चरित्र का हिस्सा बना दिया है। आज दुनिया भारत को नए नजरिए से देख रही है। यह आत्मविश्वास, स्वदेशी भावना और संगठन शक्ति का परिणाम है।




#### पुन: विश्वगुरु बनाने के लिए स्वदेशी का भाव अनिवार्य

विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का जो संकल्प देश के सामने रखा है, वह भारत के पुनर्जागरण का मार्ग है। भारत को पुन: विश्वगुरु बनाने के लिए स्वदेशी का भाव अनिवार्य है। जब हम अपने स्थानीय उद्योगों, कारीगरों और संसाधनों को प्राथमिकता देंगे, तभी भारत आत्मनिर्भर बनेगा। मोदी जी का हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी का आह्वान केवल नारा नहीं, बल्कि भारत के उत्थान की दिशा में एक विराट आंदोलन है। भाजपा का उद्देश्य केवल राजनीति नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है। झारखंड की धरती में असीम संभावनाएं हैं, यदि इन्हें स्वदेशी दृष्टिकोण से सशक्त किया जाए, तो यह प्रदेश आत्मनिर्भर भारत का मजबूत स्तंभ बनेगा। सम्मेलन के समापन पर मौजूद सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया और यह प्रण किया कि वे समाज के हर वर्ग तक स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और आत्मनिर्भरता के संदेश को पहुंचाएंगे। सभी ने यह भी तय किया कि वे जन-जन को प्रेरित कर हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी के अभियान को जनांदोलन का स्वरूप देंगे।

## मोतियाबिंद शिविर का उद्घाटन, 20 मरीजों का नि:शुल्क लेंस प्रत्यारोपण

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला अंधापन नियंत्रण समिति एवं राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को हुसैनाबाद अस्पताल में नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. एसके रवि, डॉ. विनोद कुमार और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संचालक डॉक्टर अखिलेश कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. एसके रवि ने कहा कि किसी व्यक्ति की आंखों की रोशनी लौटाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। इस दिशा में जिला अंधापन नियंत्रण समिति और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार द्वारा इस क्षेत्र में पिछले कई सालों से शिविर आयोजित कर बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील की है कि अपने-अपने क्षेत्रों से मोतियाबिंद रोग से ग्रसित लोगों को इस शिविर में पहुंचाने का काम करें। डॉक्टर अखिलेश गुप्ता ने बताया कि आईएलओ द्वारा लेंस प्रत्यारोपण किया जा रहा है। सभी मरीजों को नि:शुल्क दवा और चश्मा भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर के आज पहले दिन नेत्र चिकित्सक डॉ. धीरज प्रसाद और डॉ. आशुतोष कुमार के द्वारा 20 मरीजों का मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया गया। इस मौके पर निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, नेत्र चिकित्सक बिरजू प्रसाद,दयानंद कुमार, जयप्रकाश सिंह उर्फ बच्चा सिंह,डॉ.सुशील कुमार, विनोद सिंह उर्फ लाल सिंह, विवेक कुमार, एएनएम आरती कुमारी, रानी कुमारी, रेखा कुमारी, सेलिना मिंज,अनुराधा कुमारी,अनुप्रिया मिंज, सुजीत कुमार, अजय प्रसाद गुप्ता,विशाल कुमार, लल्लू, अमीत ,मिथिलेश कुमार, बसंती देवी, रागनी कुमारी, विपिन कुमार, संतोष सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## चतरा सांसद की पत्नी ने पांकी में हार्डवेयर दुकान का किया उद्घाटन

**पांकी।** मेदिनीनगर मुख्य पथ गजबोर के निकट स्थित डॉ. एस कुमार के कांप्लेक्स में गजबोर प्लाइवूड हार्डवेयर एवं पेंट दुकान का उद्घाटन मुख्य अतिथि चतरा लोकसभा के सांसद कालीचरण सिंह के अनुपस्थिति में उनकी धर्मपत्नी जयमंती सिंह ने फीता काटकर किया। इससे पहले अनिकेत कुमार के परिवारजनों द्वारा विधि विधान से हवन पूजन भी किया गया और प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर जयमंती सिंह ने कहा कि ग्राहकों की सेवा का ख्याल रखना ही व्यवसाय की मूल बात होती है। उन्होंने कहा कि पांकी जैसे छोटे शहरों में भी इतना बड़ा प्लाईवूड का दुकान खुलना बहुत ही खुशी के बात है। दुकान के प्रोपराइटर अनिकेत कुमार ने कहा कि ग्राहकों को बेहतर सेवा देने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। प्लाई बोर्ड दरवाजा, डिजाइनर दरवाजा, सानमाइका, फ्लश डोर, किचेन बॉस्केट व प्लाई हार्डवेयर सामान खुदरा भाव में मिलेगा। उद्घाटन के अवसर पर मुख्य रूप से उप प्रमुख अमित कुमार चौहान, विधायक प्रतिनिधि मिटी वर्मा, पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद गुप्ता,भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्नसिंह, लोहरसी मंडल अध्यक्ष रौशन सिंह, भाजपा ओबीसी मोर्चा का जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, सत्य प्रकाश पांडे, प्राचार्य डॉ दिलीप राम, सांसद प्रतिनिधि अक्षय कुमार, सुरेंद्र सिंह, लाल सिंह, रीमा शर्मा, नीलम देवी, उमेश कुमार, डॉ रामचरित्र सिंह, कुंदन सिंह सहित कई गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## हस्त नक्षत्र और विधूति योग में 20 को मनेगी दीपावली, धनतेरस 18-19 को

**मोहम्मदगंज।** दिपावली का त्योहार इस बार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष में 20 अक्टूबर को हस्त नक्षत्र और विधूति योग में मनाई जाएगी। इस संबंध में पंचांग में वर्णित जानकारी को देते हुए भीमचूल्हा पर्यटक स्थल स्थित मंदिर के पुजारी सह गाइड पंडित गंगा तिवारी ने दी है। उन्होंने बताया कि दिपावली कृष्ण प्रदोष निशोथ व्यापिनी अमावस्या को उक्त नक्षत्र और योग और स्थिर लग्न मुहूर्त में मनाई जाएगी। जिसमें चित्रा नक्षत्र भी विद्यमान रहेगा। मान्यतानुसार इस दिन धन और वैभव की कामना को लेकर महालक्ष्मी, महासरस्वती, विघ्नहर्ता भगवान गणेश और धनकुबेर की विधि-विधान पूर्वक पूजा-अनुष्ठान का बड़ा महत्व होता है। इस वर्ष अमावस्या तिथि के दो दिनी होने के कारण दीपोत्सव 5 नहीं इस बार 6 दिनों की होगी। जो धनतेरस से शुरू होकर भैया दूज तक मनाई जाएगी।

## लेस्लीगंज में अव्यवस्थित ट्रैफिक व साफ-सफाई पर मंथन



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने रविवार को शाम राज्य भर के चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्षों के साथ एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन बैठक की। इस बैठक में व्यापारियों की समस्याओं और सुरक्षा को लेकर चर्चा हुई। लेस्लीगंज प्रखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष छोटेलाल सोनी एवं महामंत्री तनवीर आलम ने स्थानीय थाना परिसर में थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय से मुलाकात की और लेस्लीगंज शहर में व्याप्त अव्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि अव्यवस्थित यातायात के कारण व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। साथ ही, बाजार क्षेत्र की साफ-सफाई एवं पुराने ब्लॉक परिसर में अस्थायी बाजार लगाए जाने जैसे मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ। बातचीत के बाद थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने चेंबर के सदस्यों के साथ बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया और मौके पर ही कुछ दिशा-निर्देश जारी किए। वहीं मौके पर लेस्लीगंज के व्यापारियों की ओर से थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय एवं समस्त थाना स्टाफ को उनके सक्रिय सहयोग और संवेदनशील रवैये के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से एक युवक की मौत, एक घायल

- **आक्रोशित ग्रामीणों ने जपला-दंगवार मुख्य सड़क को एक घंटे किया जाम**

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जपला-दंगवार मुख्य सड़क के बरवाडीह गांव के समीप रविवार की रात करीब 7: 30 बजे तेज रफ्तार पिकअप वाहन की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गयी, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बिहार के रोहतास जिला के डेहरी ऑन सोन निवासी आलोक खरवार अपने भाई सूरज खरवार के साथ बाइक से जपला से अपने घर डेहरी लौट रहा था, इसी क्रम में दंगवार की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही पिकअप वाहन की चपेट में आ गया। जिससे आलोक खरवार (27 वर्ष ) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि गंभीर रूप से घायल सूरज रजवार 32 वर्ष को पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने जपला दंगवार मुख्य सड़क पर शव को रखकर करीब एक घंटे तक सड़क को जाम कर दिया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों सड़क पर प्रदर्शन करते हुए जपला दंगवार मुख्य सड़क को जाम कर दिया, दोषी वाहन चालक की गिरफ्तारी और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा की मांग कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद थाना के थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, देवरी ओपी, दंगवार ओपी घटना स्थल पर पहुंचकर लोगों को समझा बुझाकर जाम को हटाया। आठ बजे से रात नौ बजे तक सड़क जाम रहने के कारण सड़क के दोनों ओर छोटी बड़ी वाहनों की लंबी लाइन लग चुकी थी, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर सोमवार को पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया, पुलिस ने पिकअप वाहन को जब्त कर थाना ले आयी हैं।

### जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा की दूसरी बैठक संपन्न

## छत्तरपुर को जिला बनाने की मांग, नहीं तो होगा आंदोलन : मोर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** छतरपुर को जिला बनाने को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। छतरपुर, हरिहरगंज, पिपरा, सरैडीह, नौडीहा बाजार, नावा बाजार, डाली, लठेया आदि इलाके के लोगों ने जिला बनाने को लेकर हुंकार भरी। छतरपुर जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा की दूसरी बैठक छतरपुर हाई स्कूल के मैदान संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद प्रतिनिधि फंटूश जायसवाल ने की। वहीं संचालन अजय कुमार सिंह ने किया। मौके पर जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा के संयोजक अरविंद गुप्ता चुनमुन ने विस्तार से जिला बनाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। बैठक को मोर्चा के संयोजक सह जिला परिषद प्रतिनिधि फंटूश जायसवाल, पूर्वी जिला परिषद अमित जायसवाल, पप्पू यादव, तनवीर खान, रणजीत गुप्ता, दीपक सिंह, संदीप सरकार ने संबोधित किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आजादी के बाद से ही छतरपुर एक पिछड़े इलाके के रूप में चिन्हित रहा है। सरकारें बदलती गई, विधायक, सांसद बदलते गए, लेकिन छतरपुर की किस्मत नहीं बदली, यही कारण है की सारी अहताएं पूरी करने के बाद भी छतरपुर को जिला नहीं बनाया गया।



मौके पर उपस्थित सैकड़ों लोगों ने एक स्वर में कहा कि छतरपुर जिला बनाने की सारी अहताएं पूरी करता है। अगर राज्य सरकार ने छतरपुर को जिला नहीं बनाया तो छतरपुर, हरिहरगंज, नौडीहा बाजार, पिपरा, लठेया, सरैडीह, डाली, चेगौना, नावा बाजार के लोग आंदोलन करने को विवश हो जाएंगे। बैठक की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए संघर्ष मोर्चा के संयोजक सह सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद कुमार चुनमुन ने कहा कि छतरपुर भौगोलिक रूप से, जनसंख्या, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और परिवहन के दृष्टिकोण से भी जिला बनाने के लिए एक आदर्श इलाका है, छतरपुर को जिला बनाकर, सरकार छतरपुर की विकास सुनिश्चित कर सकती है। वहीं मोर्चा के संयोजक जिला परिषद प्रतिनिधि फंटूस जायसवाल ने कहा कि संघर्ष मोर्चा के लोग गांव गांव जाएंगे, जन आंदोलन किया जाएगा, कहा कि सारी योग्यताएं रखने वाले छतरपुर को सरकार द्वारा जिला बनाना ही होगा। बैठक में सर्व समिति से तय किया गया कि छठ पूजा के बाद दो नवंबर दिन रविवार को अगली बैठक की जाएगी। जिसमें कमेटी का विस्तार करते हुए जिला बनाने के रणनीति पर चर्चा होगी।

## रोस्टर के अनुसार सफाई कर्मियों को सौंपा गया कार्य : एस के रवि

- **हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में सफाई व्यवस्था को लेकर चिकित्सा प्रभारी सख्त**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद ।** अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के चिकित्सा प्रभारी डॉ. एसके रवि ने अस्पताल परिसर की स्वच्छता को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने सोमवार को अस्पताल के सभी सफाई कर्मियों को बुलाकर उन्हें कार्य के प्रति जिम्मेदार रहने का निर्देश दिया। चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि अस्पताल में किसी भी तरह की गंदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मरीजों और उनके परिजनों को स्वच्छ वातावरण में इलाज की सुविधा मिलनी चाहिए, यह सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सफाई कर्मियों के बीच रोस्टर के अनुसार कार्य का विभाजन किया, ताकि अस्पताल परिसर, वार्ड, ओपीडी, प्रसूति कक्ष और शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जा सके। डॉ. रवि ने चेतावनी दी कि यदि किसी क्षेत्र में लापरवाही पाई गई तो संबंधित कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था में सुधार लाने के लिए सभी कर्मचारियों को सहयोग करना होगा, तभी मरीजों को बेहतर सुविधा मिल पाएगी। इस दौरान ये भी निर्णय लिया गया कि अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में जिस क्षेत्र में जिस सफाई कर्मी का कार्य क्षेत्र रहेगा उसका नम्बर उस क्षेत्र में लिखा हुआ रहेगा, प्रसूति कक्ष में महिला सफाई कर्मी को सफाई के लिए निर्देशित किया गया है, वहीं मुख्य गेट के पास सभी सफाई कर्मियों के नाम, संपर्क नंबर व किस सफाई कर्मी को क्या कार्य करना है, उसका लिस्ट अंकित रहेगा। अस्पताल के साफ-सफाई की दिक्कत महसूस होने पर उस से सीधा संपर्क कर सफाई से संबंधित शिकायत कर सकते है या फिर अस्पताल प्रबंधन को शिकायत कर सकते है। इस मौके पर बीपीएम बिभूति कुमार, सुनील कुमार, सफाई कर्मी अशोक कुमार, अरविंद कुमार, चंदन कुमार, बादल कुमार, अजय कुमार व संतोष कुमार के साथ अन्य लोग मौजूद थे।

## मौसम में आया अप्रत्याशित बदलाव : आर्द्रता में वृद्धि से शाम होते सर्द मौसम का होने लगा अहसास

**मोहम्मदगंज।** 4 महीने की कमोबेश लगातार बारिश के बाद हाल के दिनों में मौसम में अप्रत्याशित रूप से बदलाव हुआ है। जिसमें खुले आसमान तले शाम से अहले सुबह तक सर्द मौसम का अहसास होने लगा, बताया जाता है। प्राप्त आंकड़ानुसार जून से सितंबर तक कुल मिलाकर 1377.5 मिलीमीटर वर्षापात दर्ज हुआ था। जिसके बाद छिटपुट रूप से बारिश हुई। लेकिन अब मौसम में बदलाव का असर ऐसा हुआ है, जिसमें सोमवार को दिन का तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और बारिश शून्य दर्ज हुआ। जिसमें 36 डिग्री सेल्सियस का प्रभाव पड़ा, बताया गया। जबकि आर्द्रता 55% रहा। इससे ही उक्त सीमित समयावधि में सर्द मौसम का अहसास होने लगा, बताया जाता है। हालांकि लोगों का कहना है कि जिस मात्रा में बारिश हुई है और मौसम परिवर्तन के साथ जो समयावधि गुजर रहा है, इससे सर्दी का अहसास और अधिक होना चाहिए था। लेकिन हाल यह है कि सामान्य लिबास में ही समय व्यतीत करना सहज बना हुआ है। ऐसे में सर्दी का भरपूर अहसास कबतक होता है,देखने वाली बात होगी। याकि अभी और बारिश के बाद ही सर्दी के मौसम का भरपूर अहसास होगा। हालांकि मॉनसून के बहुत जल्द ही वापस लौट जाने संभावना भी जताई गई है।

## मैदानी इलाकों में भी जंगल की तरह फैलने लगे बाग-बगीचा

**मोहम्मदगंज।** एक जमाना ऐसा भी था, तब बताया जाता है कि मीलों में फैले बाग-बागीचा हुआ करते थे। इससे ही गांवों और जगह के नाम और उनकी पहचान भी हुआ करती थी। ऐसे बागीचे इस इलाके में भी हुआ करते थे। जिसमें खासकर, आम और महुआ के बड़ी संख्या में पेड़ लगे होते थे। लेकिन बाद में इनके निजी क्षेत्र में होने की वजह से इनकी बड़े पैमाने पर कटाई से कई सारी जरूरतें पूरी की गई। जिससे हरियाली मिटती चली गई थी। लेकिन जब पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया, तब से गांव-गांव में एक बार फिर से बाग-बगीचा नजर आए हैं। बल्कि जंगल की तरह हरियाली भी लौट आई है। लोगों की मानें, तो वैश्विक महामारी कोरोना के फैलने की वजह ऑक्सीजन की कमी के सामने आने के बाद से मैदानी के साथ ही जंगलों-पहाड़ों के भी पेड़ों की कटाई से परहेज किया जाने लगा है। इतना ही नहीं लोग इन्हें बचाने के लिए भी आगे आए। नतीजतन, मैदानी के साथ ही जंगलों-पहाडों में भी हरियाली की चादर फैल गई है। जो पहले अंधाधुंध कटाई से विरान हो गए थे। इस बार की करीब चार महीने की लगातार बारिश ने तो पेड़ों की वृद्धि को उर्वरा शक्ति प्रदान कर दी है। साथ ही इससे कई प्रकार के विलुप्तप्राय औषधीय गुण वाले पौधें भी उग आए हैं। इससे प्राकृतिक सौंदर्य भी निखर आया है।

## पांच दिवसीय दीपोत्सव पर जगमगाते है घर-घर दीया

**हैदरनगर।** दीपावली त्योहार पांच दिनों की होती हैं। इस दौरान हिंदू धर्मावलंबियों के घर घर दीया की रोशनी जगमगाता है। कार्तिक कृष्ण पक्ष त्रयोदशी को धनतेरस के रुप में मनाया जाता है। चूंकि समुन्द्र मंथन से प्राप्त वैद्य धंवतरी का प्राकट्य दिवस माना जाता है। विद्वान पंडित कुंडल तिवारी ने कहा कि वैद्य धन्वंती जी मनुष्य की रोग निवारण के लिए मिले हैं। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को सूर्य पुत्र यमदेव अपनी बहन यमुना के घर मथुरा में धरती पर मिलने आए, इसी उपलक्ष्य में दीपोत्सव मनाई गई है। कार्तिक मास कृष्ण पक्ष अमावस्या को माता लक्ष्मी और गणेश पूजन, अनुष्ठान और श्री राम के चौदह वर्ष वनवास से लौटकर आने के उपलक्ष्य में दीपोत्सव मनाई गई। जबकि कार्तिक शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को अन्नकूट गोवर्धन पूजा मनाने की परंपरा चली आ रही है। कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया को भाई दूज त्योहार के रुप में मनाई जाती है। कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को श्री कृष्ण भगवान ने नरकासुर राक्षस का वध किया और यमदेव के आगमन पर दीपोत्सव मनाई गई, जिससे नरक चतुर्दशी भी कहा जाता है।

### मोहम्मदगंज : मिशन आदि कर्मयोगी अभियान

## चयनित ग्राम में कार्य योजना तैयार करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के कादलकुर्मी चयनित ग्राम में मिशन आदि कर्मयोगी अभियान के तहत कार्य योजना तैयार करने का निर्देश बीडीओ सह सीओ रणवीर ने इसके लिए प्रतिनियुक्त कर्मियों को दिए हैं। इस संबंध में जारी आदेश में उन्होंने बताया है कि जिला कल्याण पदाधिकारी के द्वारा पत्र के माध्यम से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत उक्त चयनित ग्राम में कार्य योजना तैयार करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके आलोक में 15-16 अक्टूबर को विभिन्न निर्धारित बिंदुओं पर कार्य योजना तैयार करने और कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर राजकुमार दास पंचायत सचिव, जनेश्वर राम रोजगार सेवक, मीना कुमारी पीआरपी (जेएसएलपीएस), सुमति खलखो आंगनबाड़ी सेविका, रीना देवी स्वास्थ्य सहिया, शिक्षक और पंचायत सहायक सहित अन्य कई प्रतिनियुक्त किए गए हैं। उन्हें संबंधित एनजीओ के साथ समन्वय से कार्य योजना तैयार कर फोटोग्राफ्स के साथ इससे संबंधित प्रतिवेदन प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विवेकानंद पटेल को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई है।



**संदेश**

### हैदरनगर के कुकही में नशा मुक्ति व शराबबंदी पर चला जागरुकता अभियान

## समाज को जिम्मेवारी लेने से ही होगा अभियान सफल : सीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड क्षेत्र के कुकही पंचायत सचिवालय परिसर में सोमवार को नशा मुक्ति एवं शराबबंदी के प्रति जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों का सक्रिय सहयोग रहा है। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, अंचल अधिकारी संतोष कुमार, हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, हुसैनाबाद की महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी विशेष रुप से भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को शराब और नशे के दुष्प्रभावों से मुक्त करना, अफीम की खेती पर रोक लगाना और महिलाओं-बच्चों के बीच जागरुकता फैलाना है।

#### शराबबंदी में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम



मुखिया रेणु देवी ने कहा कि शराब समाज के लिए अभिशाप है। इससे न केवल आर्थिक हानि, बल्कि पारिवारिक और मानसिक शांति भी खत्म होती है। वरिष्ठ समाजसेवी सह अधिवक्ता प्रेमतोष सिंह ने कहा कि शराबबंदी में महिलाओं की भूमिका सबसे अहम है। नारी शक्ति अगर ठान ले, तो समाज से नशे जैसी बुराई को खत्म किया जा सकता है। आज उन्हें अपने गांव व आसपास के इलाके में पूर्ण रुप से नशामुक्त बनाने का संकल्प लेना चाहिए। प्रखंड प्रमुख कलावती देवी ने इस आयोजन पर पंचायत प्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान से लोगों में नई सोच और जागरुकता आयेगी। महिलाएं और युवा अगर इस मुहिम में जुड़ें, तो समाज में सकारात्मक बदलाव निश्चित है।अंचल अधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान तभी सफल होगा जब समाज इसके लिए खुद आगे आयेंगे। प्रशासन हमेशा सहयोग के लिए तत्पर है, लेकिन असली जिम्मेदारी गांव और घर के लोगों की है। अफीम की खेती न केवल अवैध है। बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को भी बबार्दी की राह पर ले जाती है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने कहा कि शराब और नशे की लत आपराधिक घटनाओं की जड़ है। नशे में व्यक्ति सोचने - समझने की क्षमता खो देता है, जिससे हिंसा और अपराध बढ़ता है। पुलिस प्रशासन इस दिशा में सख्त कार्रवाई कर रहा है। महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी ने कहा कि महिलाओं की भूमिका नशा मुक्ति में सबसे प्रभावशाली हो सकती है। वे अपने परिवार और समाज को बदलने की ताकत रखती हैं। इस दौरान महिलाओं ने नशा न करना होगी बड़ी खराबी जैसे गीत गाकर लोगों को नशामुक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य राजीव शर्मा, समाजसेवी राजेश मेहता, नावाजिश खान, पूर्व मुखिया यमुना यादव, जेएसएलपीएस क्लस्टर कोऑर्डिनेटर निशांत कुमार समेत सैकड़ों महिला, पुरुष और बच्चे शामिल रहे।

## अलीनगर में सर्पदंश से महिला गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के अलीनगर गांव में बीती रात सोते समय फुलकुमारी देवी नामक एक महिला को जहरीले सांप ने डस लिया। परिजनों ने तत्काल उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सक ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। चिकित्सक के अनुसार इलाज के बाद महिला की स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## 12 वर्षीय छात्र लापता, स्वजन परेशान

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के पचमो गांव निवासी उदय साव का 12 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार दो दिनों से लापता है। वह पांचवीं वर्ग का छात्र है। मिली जानकारी के अनुसार नीरज बीते रविवार को गांव के ही नजदीक किसी काम से मझिगावां बाजार गया था। जो लौटकर वापस घर नहीं आया। इसे लेकर स्वजन काफी परेशान हैं।

### उपायुक्त समीरा एस के निर्देश पर कार्रवाई, अयोग्य व्यक्ति कर रहा था अस्पताल संचालन

# हुसैनाबाद में केके हॉस्पिटल सील, आदर्श हॉस्पिटल पर चिकित्सकीय कार्यों पर रोक

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला प्रशासन द्वारा आम जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में संचालित दो निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त समीरा एस के निर्देश पर गठित टीम ने निरीक्षण के दौरान हुसैनाबाद के अंबेडकर नगर स्थित केके हॉस्पिटल एवं पथरा रोड गजना में संचालित आदर्श हॉस्पिटल में कई कमियां पाई। इन कमियों के मद्देनजर निरीक्षण टीम द्वारा केके हॉस्पिटल को तत्काल सील कर दिया गया, वहीं आदर्श हॉस्पिटल में चिकित्सकीय कार्यों के संचालन पर रोक लगा दी गई। निरीक्षण टीम का नेतृत्व अंचल अधिकारी पंकज कुमार, अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के उपाधीक्षक डॉ. संजय कुमार रवि एवं थाना प्रभारी सोनू कुमार कर रहे थे।

उपायुक्त समीरा एस ने कहा कि जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की निगरानी को लेकर पलामू जिला प्रशासन तत्पर है। वे खुद भी स्वास्थ्य केन्द्रों व आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत हो रही हैं और संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही हैं। उन्होंने कहा कि जनहित में की जा रही निरीक्षण व कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य लोगों को समयबद्धता के साथ सुरक्षित व मानक अनुरूप चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि केके हॉस्पिटल रजिस्टर्ड तो है, लेकिन अस्पताल में कोई चिकित्सक उपस्थित नहीं थे। निरीक्षण के समय एक बच्चे को नेबुलाईज किया जाता पाया गया, परंतु अस्पताल प्रबंधन चिकित्सक की उपस्थिति या उससे संबंधित किसी भी प्रमाण को प्रस्तुत नहीं कर सका। बार-बार आग्रह के बाद भी पंजीकृत चिकित्सक से संपर्क नहीं कराया गया। अस्पताल में उपस्थित चिकित्साकर्मियों की सूची या शैक्षणिक प्रमाणपत्र नहीं पाए गए। सशुल्क सेवाओं की सूची, फायर एक्सटिंग्विशर, कलर कोटेड डस्टबिन, और बॉयोवेस्ट निस्तारण की उचित व्यवस्था का भी अभाव पाया गया। अस्पताल परिसर में कचरा, उपयोग किए गए सिरिंज और कॉटन खुले में बिखरे देखे गए। दवा दुकान तो रजिस्टर्ड थी, लेकिन दवा अयोग्य व्यक्ति के द्वारा बेची जा रही थी। टीम ने पाया कि अस्पताल का संचालन किसी अयोग्य व्यक्ति के हाथों में था, जिसके आधार पर केके हॉस्पिटल को अगले आदेश तक सील कर दिया गया।

#### चिकित्सीय कार्यों के संचालन पर रोक, 15 दिनों में सुधार का समय

आदर्श हॉस्पिटल के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अस्पताल रजिस्टर्ड है, लेकिन उस समय कोई मरीज भर्ती नहीं था और सहमति प्राप्त चिकित्सक भी उपस्थित नहीं थे। अस्पताल में कर्मियों की सूची और शैक्षणिक दस्तावेज उपलब्ध पाए गए, परंतु फायर एनओसी, बायोवेस्ट निस्तारण और सशुल्क सेवाओं की सूची में कमियां पाई गईं। सिविल सर्जन, पलामू के निर्देश पर अस्पताल प्रबंधन को 15 दिन का समय दिया गया है ताकि सभी कमियों को दूर किया जा सके। तब तक चिकित्सीय कार्यों के संचालन पर रोक रहेगी। निर्धारित अवधि में सुधार नहीं होने पर रजिस्ट्रेशन रद्द कर अस्पताल को सील कर दिया जाएगा।

### प्रशासन से जल्द ट्रैफिक लाइट सुधार का आग्रह, निगम के टैक्स वसूली पर उठाया सवाल

# डीजीपी की वर्चुअल बैठक में व्यापारियों ने उठाए ट्रैफिक व सुरक्षा से जुड़े मुद्दे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज दोपहर 4 बजे झारखंड के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की वर्चुअल बैठक आयोजित की गई, जिसका संचालन डीजीपी अनुराग गुप्ता ने किया। बैठक में पुलिस प्रशासन द्वारा त्योहारी सीजन में व्यवसायियों के साथ समन्वय बनाए रखने के संकल्प पर जोर दिया गया। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने व्यवसायियों से अनुरोध किया कि वे अपने आवास एवं प्रतिष्ठानों के बाहर 24 घंटे काम करने वाले सुरक्षा कैमरे लगाएं। उन्होंने कहा कि कई बार कैमरे रात में बंद हो जाते हैं, जिसे ठीक किया जाना जरूरी है ताकि सुरक्षा बेहतर हो सके।



पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आनंद शंकर ने बैठक में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पर चिंता जताई। उनका कहना था कि शहर में लगे ट्रैफिक लाइट सही ढंग से काम नहीं करते, लाल या हरी लाइट लगातार जलती रहती है जिससे ट्रैफिक जाम होता है। इसके साथ ही उन्होंने निगम द्वारा संचालित टैक्सी स्टैंड की व्यवस्था पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि ठेकेदार अनावश्यक डर के जरिए सड़क पर रंगदारी वसूल रहे हैं, जो बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। डीजीपी ने इस मुद्दे का संज्ञान लिया और पलामू के पुलिस अधीक्षक को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। पलामू चेंबर के महामंत्री इंद्रजीत सिंह डिंपल ने कहा कि जिले में कोई समर्पित ट्रैफिक थाना नहीं होने के कारण चालान भुगतान में लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने डीजीपी से तत्काल ट्रैफिक थाना स्थापित करने का अनुरोध किया, जिस पर डीजीपी ने सहमति व्यक्त की। बैठक में चेंबर के कार्यकारी सदस्य सुमित अग्रवाल भी उपस्थित थे।

#### दीपावली में जाम नहीं, केवल खुशियां, पुलिस व व्यापारी एक साथ



**मेदिनीनगर।** दीपावली पर शांति व सुव्यवस्था बनाए रखने और शहर को जाम मुक्त रखने के उद्देश्य से झारखंड के डीजीपी के निर्देश पर सोमवार को डीएसपी ने डाल्टनगंज चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। डीजीपी के निर्देशानुसार आयोजित इस बैठक में स्थानीय व्यावसायिक समुदाय और पुलिस प्रशासन के बीच सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी मणिभूषण प्रसाद ने की। डाल्टनगंज चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनोद उदयपुर सहित कई प्रमुख व्यापारी भी बैठक में उपस्थित रहे। उन्होंने व्यापारिक गतिविधियों के सुचारु संचालन और पर्व के दौरान यातायात के बेहतर प्रबंधन के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की। डीजीपी ने शहर में पर्व के दौरान कोई भी अव्यवस्था न हो, इसके लिए आवश्यक तैयारियों को मजबूत करने और विशेष कंट्रोल रूम स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस, प्रशासन और व्यापारिक समुदाय के बीच समन्वय को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया ताकि दीपावली के मौके पर नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। व्यापारियों ने भी अपनी ओर से सुरक्षा व्यवस्था और यातायात नियंत्रण में सहयोग का आश्वासन दिया। डीएसपी मणिभूषण प्रसाद ने भी पुलिस बल की तैनाती और सतर्कता बढ़ाने की योजना साझा की जिससे भीड़-ओर जाम की समस्या से बचा जा सके। पर्व को शांतिपूर्वक और उल्लास के साथ मनाने के लिए यह बैठक महत्वपूर्ण साबित हुई। पुलिस और व्यावसायिक समुदाय के इस संयुक्त प्रयास से मेदिनीनगर की दीपावली इस बार बेहतरीन और जाम मुक्त होगी ऐसी उम्मीद जताई जा रही है।

### कृषि, मत्स्य और पशुपालन योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा, लक्ष्य अनुरूप कार्य निष्पादन के निर्देश

# किसानों, पशुपालकों व मछुआरों को समय पर लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस. की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में कृषि, गव्य, मत्स्य, उद्यान, सहकारिता, भू-संरक्षण एवं पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रही योजनाओं की प्रगति, लक्ष्य और उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने बताया कि मत्स्य बीज उत्पादकों को स्पॉन आपूर्ति के 9300 के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 6240 की आपूर्ति की गई है। वहीं 370 मत्स्य पालकों को फीड और जाल वितरण के लक्ष्य के मुकाबले 313-313 लाभुकों के बीच इसकी आपूर्ति की जा चुकी है। उन्होंने मत्स्य प्रसार प्रशिक्षण एवं अनुसंधान योजना, समेकित मत्स्य पालन योजना, फीड बेस्ड फिशरीज एवं केज कल्चर योजना के कार्यों की जानकारी ली और कहा कि वेद व्यास आवास योजना के अंतर्गत जिन गरीब मछुआरों ने आवेदन दिया है, उनका सत्यापन शीघ्र कराकर सभी पात्रों को आवास उपलब्ध कराया जाए।

गव्य विकास योजना अंतर्गत दो दुधारू गाय के वितरण, कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजना, प्रगतिशील डेयरी कृषक सहायता योजना, पशु आहार एवं चारागाह विकास योजना, प्रशिक्षण प्रसार एवं कौशल विकास योजना की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी लाभुकों तक योजनाओं का लाभ तय समय में पहुंचे, इसके लिए विभाग जिम्मेदारी से कार्य करें।

पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान चारा उपलब्धता, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, पशुओं में टीकाकरण कार्यक्रम, बकरा विकास योजना, बैकयार्ड कुक्कुट पालन, बतख चूजा वितरण, ब्रायलर कुक्कुट पालन और सूकर विकास योजना की प्रगति की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों से कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन लक्ष्य अनुरूप हो ताकि योग्य लाभुकों को समय पर सहायता मिल सके।

कृषि विभाग की समीक्षा के क्रम में बीज वितरण की अद्यतन स्थिति पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिले के सभी किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज और खाद उचित दर पर व समय पर उपलब्ध कराई जाए। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी, भूमि संरक्षण और पशुपालन विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# स्क्रीन के दौर में जमीन पर खेलना सेहत का संकेत : अविनाश देव

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** युवा सरना फुटबॉल क्लब, चियांकी महादेवमाड़ा द्वारा आयोजित भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन युवा झामुमो नेता अविनाश देव ने किया। मुख्य अतिथि थे झामुमो पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा। टूर्नामेंट में भंडरिया और चियांकी टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। सिक्का उछालकर पहले खेलने का निर्णय लिया गया और आंगतुक अतिथियों ने किक मारकर खेल की औपचारिक शुरुआत की। दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल प्रस्तुत किया। मुकाबला बराबरी पर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में भंडरिया की टीम विजेता बनी। अविनाश देव ने कहा कि आज युवा मोबाइल स्क्रीन में खोए रहते हैं, जिससे उनकी सेहत प्रभावित हो रही है। जमीन पर खेलना शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। खेल एकता, अनुशासन और समर्पण की भावना को भी बढ़ाता है। उन्होंने बताया कि झामुमो सरकार के मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट से युवाओं को खेल क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा, जिससे पलायन रुकेगा और समाज में समता का भाव मजबूत होगा। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथि भी मौजूद थे। आयोजकों ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन खेल और स्वास्थ्य के महत्व को दर्शाता है और युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा भरता है।

### आधार सेवा की समीक्षा निष्क्रिय सीएससी सक्रिय करने के निर्देश

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में डीईजीएस/ई-ऑफिस, यूआईडीएआई, एनआईसी और आधार से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की बारीकी से समीक्षा की गई। सीएससी मैनेजर ने निष्क्रिय पीडीएस सीएससी संचालकों के प्रशिक्षण की जानकारी दी। उपायुक्त ने 165 निष्क्रिय सीएससी को जिला आपूर्ति पदाधिकारी के साथ समन्वय कर सक्रिय करने का निर्देश दिया। आधार सेवा की समीक्षा में चार ब्लॉकों में कार्यरहितता पाई गई, जिस पर यूआईडी के डीपीओ को जल्द सेवा प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। एनरोलमेंट और आधार अपडेटेशन की प्रगति पर भी चर्चा हुई। भारत नेट परियोजना में छह पंचायतों के बकाया भुगतान के संबंध में जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने जानकारी दी। उपायुक्त ने झारसेवा के अंतर्गत प्रमाण पत्र जारीगी को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने पर विशेष ज़ोर दिया। बैठक में ई-ग्रंथालय, आईआरएडी सहित अन्य बिंदुओं की भी समीक्षा की गई।

# पलामू जिला कांग्रेस कमेटी का नया अध्याय प्रथम महिला अध्यक्ष बिमला के साथ नयी उम्मीदें

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी का नेतृत्व पहली बार किसी महिला के हाथ में सौंपा गया है, जो क्षेत्र की राजनीतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण कदम है। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष बिमला कुमारी ने राष्ट्रीय नवीन मेल के **संपादक राणा अरुण सिंह** से विशेष संवाद करते हुए अपनी योजनाओं, चुनौतियों और कांग्रेस के प्रति अपने समर्पण को साझा किया। उन्होंने कहा कि इस पद पर नियुक्ति उनके लिए एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे वे पूरे मनोयोग से निभाएंगी। 'कांग्रेस कमेटी की अपेक्षाओं पर खरा उतरना मेरा पहला उद्देश्य होगा,' उन्होंने स्पष्ट किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जो भरोसा उनमें दिखाया है, उसे वह जीवित रखने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करेंगी। उन्होंने इस बात पर भी संतोष जताया कि उनके साथ कांग्रेस के हर स्तर के लोग एकजुट हैं। हाल ही में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं सम्मानित नेताओं का आशीर्वाद मिला, जो उनके लिए प्रोत्साहन का बड़ा स्त्रोत है। नई अध्यक्ष ने कहा, 'बड़ी जिम्मेदारी है, लेकिन हमें इस जिम्मेदारी को स्वीकार कर कांग्रेस कमेटी को नई ऊंचाईयों तक ले जाना है। मैं पूरी मेहनत से इस काम को अंजाम दूंगी।' उन्होंने कहा कि जिला समिति का विस्तार किया जाएगा ताकि विभिन्न क्षेत्रों की बेहतर प्रतिनिधित्व हासिल हो और नई ऊर्जा के साथ काम कर सकें। साथ ही, पूर्व जिला अध्यक्षों और वर्तमान सरकार में कांग्रेस के मंत्री सहित सभी वरिष्ठ नेताओं से मार्गदर्शन और सुझाव लिए जाएंगे।



अपने अनुभव और राजनीतिक विरासत के आधार पर, नई जिला अध्यक्ष ने बताया कि उनका परिवार राजनीति से जुड़ा है और उनमें यह विरासत खून में है। उन्होंने कहा, 'मेरा खून राजनीति से जुड़ा है, मैं जानती हूं कि कांग्रेस को कैसे आगे बढ़ाना है।' उन्होंने पार्टी के जन सरोकारों पर जोर देते हुए कहा कि वे अब जनता की समस्याओं को मुखर होकर उठाएंगी और कांग्रेस की पकड़ मजबूत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिला अध्यक्ष पद के चुनाव में कई दावेदार रहे थे, लेकिन कांग्रेस को एक सूत्र के साथ अब सभी एक होकर नई ऊर्जा के साथ कांग्रेस को नया जीवन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 'हम सब मिलकर कांग्रेस को बुलंदियों तक ले जाएंगे।' उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी कार्यकर्ता और नेता इस नयी पहल में उनका पूर्ण सहयोग करेंगे ताकि पार्टी की पुनः मजबूती हो सके। उनकी यह धारणा है कि लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने से न केवल राजनीति का स्वरूप सशक्त होगा, बल्कि जनसेवा भी अधिक समर्पित और प्रभावी बनेगी। कांग्रेस कमेटी में नई सक्रियता और सकारात्मक बदलाव आएगा, इस विश्वास के साथ वह कार्य कर रही हैं। इस नयी अध्यक्षा बिमला कुमारी का मानना है कि स्थानीय स्तर पर जो समस्याएं हैं, उन्हें समझना और उनका न्यायसंगत समाधान निकालना ही राजनीतिक सफलता की आधारशिला है। वे जनसाधारण के करीब रहकर उनकी बात सुनेंगी, उनकी आवाज बनेंगी और उन तक पार्टी के मिशन को प्रभावी रूप से पहुंचाएंगी। उन्होंने अंत में कहा, 'हम सबका लक्ष्य कांग्रेस की छवि को और ऊंचा उठाना है। इसके लिए मुझे प्रत्येक कार्यकर्ता और समर्थक का सहयोग चाहिए। मैं अपनी पूरी क्षमता से काम करूंगी ताकि पलामू जिला कांग्रेस नई दिशा में कदम बढ़ाए।'पलामू में कांग्रेस कमेटी के लिए यह बदलाव सिर्फ पदाधिकारी में परिवर्तन नहीं, बल्कि नयी उम्मीदों और सकारात्मकता का सन्देश भी है। महिला नेतृत्व की यह पहल क्षेत्रीय राजनीति में ताजगी और उत्साह का संचार करेगी, जो कांग्रेस के लिए नए युग की शुरुआत बनेगी। बहरहाल, कांग्रेस के इस नए अध्याय में जनता का विश्वास, पार्टी की ऊर्जा और नेतृत्व का समर्पण क्या परिणाम देगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा। मगर फिलवक्त महिला जिला अध्यक्ष पर आम आवाम की निगाहें टिकी हैं।

## न्यूज बॉक्स

#### झामुमो के केंद्रीय महासचिव की माता का निधन, शोक

**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव और राज्य समन्वय समिति के सदस्य श्री विनोद पांडे जी की पूजनीय माता श्रीमती जलेश्वरी देवी का 12 अक्टूबर को पौने चार बजे हरमू अस्पताल में निधन हो गया। 13 अक्टूबर सुबह 11 बजे हरमू आवास से शव यात्रा निकाली गई, जिसमें इस दौरान मैं भी शामिल हुआ। उनका अंतिम संस्कार हरमू मुक्तिधाम में किया गया जहां चिता को लकड़ी देकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। पार्टी और राजनीतिक गलियारे से कई नेता, साथ ही सामाजिक कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मां का स्नेह और आशीर्वाद जीवन में संबल और ऊर्जा का स्रोत होता है। विनोद पांडे जी आज इसी ताकत और आशीर्वाद के कारण इस मुकाम तक पहुंचे हैं।

#### सीएम एक्सीलेंस स्कूल में सुरक्षा लापरवाही, छात्र घायल



**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र स्थित सीएम एक्सीलेंस स्कूल में सोमवार दोपहर सुरक्षा व्यवस्था की कमी एक हादसे का कारण बन गई। परीक्षा समाप्त होने के बाद नौवीं कक्षा का एक छात्र बंद मुख्य गेट फांदकर निकलने की कोशिश कर रहा था, तभी दरवाजे की लोहे की रॉड उसके हाथ में गहराई तक धंस गई। गंभीर रूप से घायल छात्र को शिक्षकों ने तत्काल एमएमसीएच पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। घटना से स्कूल सुरक्षा प्रबंधन पर सवाल खड़े हुए हैं, क्योंकि मुख्य द्वार पर गार्ड अनुपस्थित थे। प्राचार्य ने बताया कि महिला गार्ड चांदनी कुमारी छुट्टी पर थीं।

#### उताकी हत्याकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पलामू के पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम उताकी में 22 सितंबर को हुए हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। मृतक जयशंकर ठाकुर (55) के शव की पहचान कुएं के पास हुई थी। पत्नी अन्नपूर्णा देवी की शिकायत पर बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज हुई। गुप्त सूचना पर बिनोद सिंह, संतोष सिंह और बिधित सिंह को पुलिस ने पकड़ा, जिन्होंने हत्या की बात स्वीकार की। आरोपितों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बाँस का डंडा बरामद किया गया। छापेमारी में थाना प्रभारी शशि शेखर पांडे व पुलिस बल शामिल थे।

#### दो स्कूलों में चोरी, मध्यान्ह भोजन प्रभावित

**मेदिनीनगर।** रामगढ़ थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने रविवार रात दो स्कूलों के कीचन का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर, बर्तन और एमडीएम सामग्री चोरी कर ली। पहली घटना बांसडीह खुर्द स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में हुई, जहां से करीब 400 थालियां, 400 गिलास, चूल्हा-सिलेंडर समेत कई बर्तन चोरी गए। दूसरी घटना न्यू प्राथमिक विद्यालय बेलवाही टोला में हुई, जहां से दो गैस सिलेंडर, चूल्हा और बर्तन ले जा गए। दोनों विद्यालयों में सोमवार को बच्चों को मध्यान्ह भोजन नहीं मिल पाया, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

#### पहले आओ, पहले पाओ' नामांकन पर एबीवीपी का विरोध

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय ने स्नातकोत्तर सत्र 2025-27 में 20% सीटें बढ़ाकर अतिरिक्त नामांकन 'पहले आओ, पहले पाओ' आधार पर लेने का निर्णय लिया है। इसके लिए मात्र दो दिन 13 एवं 14 अक्टूबर का समय दिया गया है। छात्र संगठन एबीवीपी ने इस पर आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय दलालों को संरक्षण देकर अवैध तरीके से सीट भरने की कोशिश कर रहा है। संगठन ने मांग की है कि अतिरिक्त सीटों पर भी नई मेधा सूची जारी की जाए, अन्यथा आंदोलन किया जाएगा। इस फैसले से छात्रों में असमंजस है और पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं।

#### आत्मनिर्भर भारत संकल्प सम्मेलन में शामिल होंगे अर्जुन मुंडा

**मेदिनीनगर।** पलामू भाजपा द्वारा 14 अक्टूबर, मंगलवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार, टाउन हॉल मेदिनीनगर में डाल्टनगंज विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा होंगे, जो उसी दिन प्रातः 11:00 बजे मेदिनीनगर पहुंचेंगे। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, मंडल पदाधिकारी, मंडल कार्यसमिति सदस्य, सभी मोर्चों के प्रदेश, जिला व मंडल पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य, पंचायत एवं वार्ड प्रभारी-सहप्रभारी, बूथ संयोजक-सहसंयोजक तथा सक्रिय सदस्य भाग लेंगे। पलामू भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने की अपील की है।

#### हत्याकांड के मुख्य आरोपी को चैनपुर पुलिस ने दबोचा

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना अंतर्गत कुदागाकला में 65 वर्षीय निजामुद्दीन अंसारी की गला काटकर हत्या और शव को ही घर के शौचालय में छिपाने के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। घटना की गंभीरता को देखते हुए, चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा ने दो सप्ताह के भीतर केस को सुलझा दिया। इस मामले में पहले से ही निजामुद्दीन के बड़े पुत्र अनीश अंसारी, उनकी पत्नी सीमा बीबी और बेटी सबनम जेल में हैं। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अब हत्याकांड का एक और मुख्य आरोपी, निजामुद्दीन के पोते शमशेर को गिरफ्तार किया गया है। शमशेर ने पुलिस पूछताछ में खुद स्वीकार किया कि चापानल पानी को लेकर परिवार में विवाद था, जिसे वह बर्दाश्त नहीं कर पाया और गुस्से में आकर अपनी दादा को कुल्हाड़ी से गर्दन काट दी। फरार होने के बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया। चैनपुर थाना प्रभारी राम शर्मा के निर्देशन में आरोपी के कमरे से कुल्हाड़ी बरामद की गई है, जिसका उपयोग हत्या में किया गया था। आरोपी का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया। इसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। इस कार्यवाही में चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा, पूरक अंचल निरीक्षक क्षितिज कुमार सोनी एवं अन्य जवान सक्रिय रूप से शामिल रहे।

## गांव के ही युवक ने की विक्षिप्त बुर्जुग की हत्या

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के राजबांस गांव में एक युवक ने 77 वर्षीय मानसिक रूप से विक्षिप्त बुजुर्ग की पत्थर से मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान महावीर शाह उम्र 77 वर्ष, निवासी राजबास गांव के रूप में हुई है। बताया गया कि महावीर शाह मानसिक रूप से अस्वस्थ थे और गांव-गांव घूमकर लोगों से मांगकर जीवनयापन करते थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 8 बजे महावीर शाह अपने घर के ही पास गांव के ही ओम सिंह, पिता राजेंद्र सिंह की खड़ी मोटरसाइकिल से अनजाने में टकरा गए। वृद्धावस्था और कमजोर नजर के कारण उन्हें मोटरसाइकिल दिखाई नहीं दी। इससे मोटरसाइकिल गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई। बस, इसी बात पर ओम सिंह आपा खो बैठा और गुस्से में एक पत्थर उठाकर महावीर शाह के कनपटी पर जोरदार प्रहार कर दिया। पत्थर लगते ही बुजुर्ग वहीं लहूलुहान होकर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना ग्रामीणों ने तुरंत चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार को दी। जानकारी मिलते ही एएसआई नवीन कुमार राणा और राधेश्याम कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी ओम सिंह को गिरफ्तार कर थाने ले आई है। मामले में थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के राजबांस गांव में गांव के ही एक युवक द्वारा एक बुजुर्ग को पत्थर से मार कर हत्या कर दी गई पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आरोपी को पड़कर थाना लाया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस दर्दनाक वारदात के बाद गांव में मातम का माहौल है। मृतक के परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीण भी इस घटना से सदमे में हैं।

## 22 वर्षीय युवक लापता, पुलिस कर रही है तलाश

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के चिनियां गांव निवासी राजेंद्र कोरवा का 22 वर्षीय पुत्र सुशील कोरवा पिछले तीन दिनों से रहस्यमय तरीके से लापता है। युवक शनिवार शाम गढ़वा में आयोजित गायक प्रमोद प्रेमी का भक्ति जागरण कार्यक्रम देखने गया था, लेकिन अब तक घर नहीं लौटा। परिवार के लोग बेहद चिंतित और परेशान हैं। परिजनों के अनुसार, शनिवार रात करीब 8 बजे सुशील कुछ दोस्तों के साथ घर से गढ़वा कार्यक्रम देखने के लिए निकला था। उसके बाद से उससे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। रविवार और सोमवार तक खोजबीन के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला। पिता राजेंद्र कोरवा ने बताया कि उन्होंने सोमवार दोपहर को चिनियां थाना में लिखित आवेदन देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस से अनुरोध किया है कि उनके पुत्र की तलाश जल्द से जल्द की जाए। राजेंद्र कोरवा ने ग्रामीणों और आम लोगों से भी मदद की अपील की है। उन्होंने कहा कि मेरा बेटा सुशील कोरवा, उम्र 22 वर्ष, रंग गोरा, ऊंचाई लगभग 5 फीट 2 इंच, नीला स्वेटर, उजला शर्ट, खाकी कार्गो जींस और हरे रंग की चप्पल पहने हुए घर से निकला था। अगर किसी को भी उसके बारे में जानकारी मिले, तो कृपया मोबाइल नंबर 6363169321 पर संपर्क करें। परिजनों ने यह भी बताया कि उन्होंने आसपास के जंगलों, रिश्तेदारों के घरों और पड़ोसी गांवों में भी काफी खोजबीन की, लेकिन युवक का अब तक कोई पता नहीं चला है। इस घटना से गांव में भी चिंता और चचार्ओं का माहौल बना हुआ है। वहीं पुलिस ने आवेदन मिलने के बाद लापता युवक की तलाश शुरू कर दी है, व साथ में गए उसके दोस्तों को भी थाने में बुलाकर पूछताछ की जा रही है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**डंडई।** मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो एमबीबीएस चिकित्सक पद स्थापित हैं, बावजूद भी मरीजों का उपचार नहीं हो पा रहा है। नतीजन इलाज कराने को लेकर प्रत्येक दिन अस्पताल पहुंच रहे मरीजों को बिना इलाज कराए ही अपने घर लौटना पड़ जा रहा है। मामला प्रकाश में आते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल करमाली ने डंडई स्वास्थ्य केंद्र की निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सूचना बोर्ड पर डॉक्टर का समय सारणी सहित किसी प्रकार का सूचना नहीं होने पर उपस्थित चिकित्सकों की फटकार लगाई गई और निर्देश दिया गया कि समय सारणी के अनुसार ही ड्यूटी दें। साथ ही एम्बुलेंस की जानकारी ली तो पता चला की महीनों दिन से एम्बुलेंस खराब पडा हुआ है। गंभीर हालत में मरीजों को पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा दी गई एम्बुलेंस वाहन से मरीज के परिजनों से तेल का पैसा लेकर अस्पताल ले जाते हैं। वहीं उपस्थित कई मरीजों से भी प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल करमाली ने पूछताछ किया। इस दौरान मरीज ने कहा कि डॉक्टर से परामर्श लेने और इलाज कराने हेतु तीन दिन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डंडई का चक्कर लागा रहे थे, आज डॉक्टर से मुलाकात हुई है। दो दिन से मायूस होकर घर लौट जा रहें थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर मनोज कुमार दास और डॉक्टर कुमुद रंजन को निर्देश देते हुए कहा कि सबसे पहले डॉक्टर की सूची अंकित होनी चाहिए। उसमें समय सारणी और किस-किस दिन कौन-कौन डॉक्टर बैठेंगे होना चाहिए। कोई भी मरीज बिना इलाज कारण अस्पताल से न लौटे इसका ख्याल रखें और आवश्यक इलाज करें। 108 एम्बुलेंस को जल्द बनवाने की बात कही। मौके पर लैब टेक्नीशियन सनी कुमार, डी फार्मासिस्ट प्रियांशु कुमार ठाकुर, नर्स दुर्गा कुमारी, इंदु कुमारी मौजूद थीं।

## वारंटी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**मेराल।** थाना क्षेत्र के खोरिडीह पंचायत के छपरवार कला गांव में फरार वारंटी अखिलेश राम उर्फ मुन्ना राम के घर मेराल पुलिस ने परिवार के लोगों और ग्रामीणों के उपस्थिति में इश्तेहार चिपकाया है। लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी की तलाश पुलिस की थी। आरोपी पर चोरी के मामले में मुकदमे दर्ज है। न्यायालय के आदेश पर आरोपी के निवास स्थान पर फरारी का इश्तेहार चस्पा किया गया है। एएसआई विनय मांझी ने परिवार के लोगों से कहा कि आरोपी निर्धारित समय आवधि में अदालत या पुलिस के समक्ष पेश नहीं होता है, तो उसकी संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी।

### उपायुक्त ने जल जीवन मिशन व स्वच्छता संबंधी समीक्षा बैठक की

# पंचायत स्तर पर नियमित जन जागरूकता अभियान चलाने के दिए गए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त दिनेश यादव की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छता संबंधी समीक्षा बैठक जिला सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, डीएफओ (उत्तरी) अंशुमान राजहंस, जिला जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अजय कुमार सिंह और उनकी पूरी टीम, विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त श्री यादव ने कहा कि जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन दोनों ही ग्रामीण जीवन स्तर को सुधारने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम हैं। अतः सभी विभाग आपसी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि जिले के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल और स्वच्छ वातावरण की सुविधा सुनिश्चित की जा सके।

### जल जीवन मिशन की प्रगति पर विस्तृत समीक्षा




बैठक के दौरान जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में नल से जल आपूर्ति की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने प्रत्येक प्रखंड में चल रही योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन की समीक्षात्मक बैठक में पेयजल आपूर्ति के कार्य में संलग्न एजेंसी के ठेकेदारों द्वारा अपनी समस्याओं को बताते हुए कहा गया कि पाइपलाइन योजना के कार्य अंतर्गत सड़क निर्माण के विभिन्न एजेंसियों द्वारा पाइपलाइन के कार्य को क्षतिग्रस्त कर दिया जाता है। पहले से बिछाए हुए पाइप को उखाड़ कर खराब कर दिया जाता है। बैठक में उपस्थित विभिन्न सड़क निर्माण से संबंधित विभाग के अभियंताओं और कार्यरत ठेकेदारों को आपसी समन्वय बनाते हुए सभी व्याप्त समस्याओं को शीघ्र निराकरण करते हुए पेयजल योजना अंतर्गत कार्यशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित ठेकेदारों द्वारा एफएचटीसी में देर होने के कारणों की समीक्षा की गई एवं सभी लंबित कार्यों को अगले मीटिंग के शत प्रतिशत पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया गया। इस कार्य के सुनिश्चितकरण के लिए सभी उपस्थित ठेकेदारों से अपने लंबित कार्यों को एक निश्चित टाइमलाइन अंतर्गत पूर्ण करने हेतु लिखित रूप से पूछी गई। साथ ही कार्यों में संलग्न कनिय अभियंताओं को भी लंबित कार्य योजना को पूर्ण करने हेतु नियमित निगरानी करने एवं उसके प्रगति प्रतिवेदन से अगले मीटिंग में फोटोग्राफ्स एवं वीडियोग्राफ के साथ भाग लेने हेतु निदेशित किया गया। उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छता केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि यह सामाजिक चेतना और जनभागीदारी से जुड़ा सतत आंदोलन है। उन्होंने सभी पंचायतों में नियमित स्वच्छता निरीक्षण एवं जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में की गई प्रगति की जानकारी दी और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की।

## छात्रों को जल्द छात्रवृत्ति दे सरकार : प्रिंस

कांडी। राज्य के लाखों विद्यार्थियों को डेढ़ साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी छात्रवृत्ति की राशि नहीं मिल पाई है। समस्या सिर्फ ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों की नहीं है बल्कि एससी, एसटी और अन्य पिछड़े वर्गों के भी कई छात्र इस योजना से वंचित है। छात्रवृत्ति की राशि जारी नहीं होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है। उक्त बातें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस कुमार सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि अभाविप ने सभी जिलों में ज्ञापन सौंप कर सरकार से आग्रह किया है कि विद्यार्थियों का स्कॉलरशिप जल्द से जल्द उन्हें प्रदान किया जाए क्योंकि इसी पैसे से वह अपनी शिक्षा संबंधी कार्यों को पूर्ण करते हैं। उनके पैसे इस प्रकार से रोक जाएंगे तो उनके शैक्षणिक जीवन पर इसका दुष्प्रभाव पड़ेगा। छात्रवृति नहीं मिलने से विद्यार्थी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। परीक्षा शुल्क, किताबें समेत अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है गरीब व मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृति आवश्यक है।

# पीएम जनमन योजना व धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना की समीक्षात्मक

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त गढ़वा दिनेश यादव की अध्यक्षता में पीएम जनमन योजना एवं धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना की समीक्षात्मक बैठक संपन्न की गई। जिसमें इस योजना के सभी बिंदुओं की समीक्षा करते हुए ससमय कार्य संपन्न करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पीएम जनमन योजना अंतर्गत पीवीटीजी बहुल क्षेत्रों में कार्य करने वाले मुख्य बिंदुओं यथा- मल्टी पर्पस सेंटर का निर्माण, जनमन आवास, ढश्ळऋ२ रूरल रोड्स कंस्ट्रक्शन, जल जीवन मिशन के तहत पेयजलापूर्ति, आंगनवाड़ी सेंटर्स का निर्माण, मोबाइल मेडिकल यूनिट्स, हॉस्टल कंस्ट्रक्शन, ऑन-ग्रिड इलेक्ट्रिफिकेशन, ऑफ-ग्रिड इलेक्ट्रिफिकेशन, टेलीकॉम कनेक्टिविटी, वंधन विकाश केंद्र, एग्रीकल्चर तथा आदिकर्मयोगी अभियान पोर्टल एंट्री करना आदि की समीक्षा करते हुए ससमय कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत वर्तमान वर्ष को शामिल करते हुए वर्ष 2028-29 तक के कुल 5 वर्षों में 17 मंत्रालयों के 25 से अधिक महत्वपूर्ण हस्तक्षेपों/योजनाओं का क्रियान्वयन सैचुरेशन मोड में किया जाना है, जिसमें अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, विद्युतीकरण, मोबाइल कनेक्टिविटी, मोबाइल मेडिकल यूनिट्स, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना अंतर्गत एलपीजी गैस कनेक्शन, आधार कार्ड निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण, समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत छात्रावास तथा क्लासरूम का निर्माण, स्किल डेवलपमेंट सेंटर्स ट्राइबल मार्केटिंग सेंटर्स का निर्माण वन अधिकार पट्टा से आच्छादित व्यक्तियों को कृषि पशुपालन मत्स्य पालन से जोड़ने सहित 25 से अधिक योजनाओं का सैचुरेशन मोड में विभिन्न विभागों के द्वारा क्रियान्वित किया जाना है।

### दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट की अनिवार्यता : उपायुक्त

गढ़वा। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के उद्देश्य से एक सघन सड़क सुरक्षा जाँच अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। इस पहल का प्राथमिक लक्ष्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना था। स्पष्ट किया गया कि लगातार नियमों को तोड़ने वाले चालकों पर लगाम कसना आवश्यक है। इस हेतु निम्नांकित करवाई किया गया। उन्हें यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। व्यक्तिगत रूप से चालकों को लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के गंभीर परिणामों के बारे में समझाया और भविष्य में अनिवार्य रूप से नियमों का पालन करने की हिदायत दी। अधिकारियों ने यह स्पष्ट चेतावनी भी दी है कि भविष्य में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ और भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।जिले में सुरक्षित और अनुशासित सड़क परिवहन व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**भवनाथपुर।** केतार मुख्य पथ पर रविवार की रात कमांडर जीप के धक्के से बाइकसवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का नाम अशोक सिंह खरवार, पिता लालबिहारी सिंह खरवार बताया जा रहा है। उसे ईलाज हेतु उसी कमांडर जीप चालक द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस के आने से पूर्व ही चालक घायल को अस्पताल में उतारकर फरार हो गया।

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस धूमधाम से मनाया गया

**गढ़वा।** नवादा पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवादा में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा 6वीं, 7वीं और 8वीं की बालिकाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय की बालिकाओं द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई, जो स्कूल परिसर से आरंभ होकर पंचायत भवन तक पहुंची। रैली के दौरान बालिकाओं ने शिक्षा, अधिकारों और समानता के संदेशों से लोगों को जागरूक किया। पंचायत भवन में बालिका सभा आयोजित की गई, जिसमें बालिकाओं ने अपने विचार, आवश्यकताएं और सुझाव साझा किए। बालिकाओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर नवादा पंचायत के पंचायत सचिव बिनोद कुमार गुप्ता, आंगनवाड़ी सेविका आशा देवी, आंगनवाड़ी सहायिका, शिक्षक नीरज श्रीधर और विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बबीता देवी उपस्थित थी। सभी ने बालिकाओं को उनके अधिकारों, शिक्षा के महत्व और आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन पिरामल फाउंडेशन की 18वीं बैच की गांधी फेलो शालिनी झा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विजन बोर्ड और बालिका सभा का भी आयोजन हुआ, जिसमें छात्राओं ने अपने सपनों और लक्ष्यों को प्रदर्शित किया। बालिका सभा में शिक्षा, अधिकार और आत्मनिर्भरता पर सार्थक चर्चा हुई।

# ट्रक की चपेट में आने से युवती की मौत, ग्रामीणों ने किया हंगामा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** सोमवार की दोपहर रमना पंचायत वासियो के लिए बहुत ही भयावह रहा। घटना चांदसी दवाखाना के पास घटी। जिसमें युवती के शरीर का दो भाग हो गया कमर से पैर का भाग क्षत विक्षित हो गया। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार रमना पंचायत के संगीता कुमारी उम्र 21 वर्ष पिता स्वर्गीय चंद्रशेखर सोनी उर्फ बब्लू सोनी सड़क पार कर चुकी थी, इसी क्रम में नगर तरफ से आ रहे ट्रक से बगल रही थी कि एक मोटरसाइकिल वाला ने रॉंग साइड से आया और धक्का मार दिया और युवती ट्रक के सामने गिर गयी और जोर से चिल्लाई। इसे देख वहां उपस्थित लोगों ने भी चिल्लाया लेकिन तब तक काफी देर हो चूका था। ट्रक के नीचे आने से युवती मौत हो चुकी थी। हल्ला सुनकर सहायक चालक ने झांककर देखा इसके बाद चालक भागने कि कोशिश किया। जिससे युवती का शरीर दो भागों में बट गया और करीब तीस मीटर तक शरीर के चीथड़े बिखर गये। ट्रक को भगत सिंह चौक पर ग्रामीणों ने पकड़ लिया,जिसमें चालक भागने में सफल रहा एवं सहायक चालक को पकड़ कर उग्र भीड़ ने पीटा, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। घटना कि सूचना पाकर थाना प्रभारी आकाश कुमार, सीओ सह बीडीओ विकास पांडेय घटना स्थल पहुंचे जहां ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। प्रमुख करुणा सोनी ने यातायात नियमों का पालन नहीं किया जाना, सड़क अतिक्रमण मुक्त करने के लिए बार बार मामला उठाने के बाद भी मुक्त नहीं कराया गया और बैरिकेडिंग भी नहीं किया गया। जिससे आये दिन दुर्घटना होती रहती है। साथ ही परिजनों को उचित मुआवजा की मांग की गयी। जिप अध्यक्षा शांति देवी, जेएमएम केंद्रीय सदस्य ताहिर अंसारी ने पहुंचकर मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा के आश्वासन के बाद सड़क से क्षत विक्षत शव को अंत्यपरिक्षण हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेजा। इस दौरान करीब दो घंटे तक एनएच -39 जाम रहा, जिससे बड़ी वाहनों का लंबी कतार दोनों तरफ लगी रही।

## नारायण वन में छठ पूजा को लेकर बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के मुकुंदपुर स्थित नारायण वन सूर्य मंदिर परिसर में सोमवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक कि अध्यक्षता मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने की। बैठक में मंदिर कमिटी एवं अनुशासन समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में आगामी छठ पूजा की तैयारियां, विधी व्यवस्था, साफ-सफाई, चापानल की मरम्मत कार्य कराने, छठ पूजा के दिन लाईटिंग, पेयजल कि व्यवस्था करने को लेकर चर्चा हुई। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा कि दिपावली पूजा से पूर्व से ही छठ घाट की साफ-सफाई, मंदिर सजावट सहित अन्य तैयारियां शुरू हो जायेगी। उन्होंने कहा कि नारायण वन छठ घाट पर व्रतियों को किसी तरह कि दिक्कत नहीं हो इसका ख्याल रखते हुए मंदिर समिति कार्य कर रही है। गौरतलब है कि नारायण वन सूर्य मंदिर छठ पूजा के लिए एक प्रमुख धार्मिक स्थलों में एक है। छठ के अवसर पर तीन दिवसीय मेला का आयोजन होता है। इस मौके पर अनुशासन समिति के रामेश्वर प्रसाद सिंह, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष मुकेश प्रसाद, सुरेश प्रसाद, धर्मेंद्र सिंह, अशर्फी मेहता, बबलू सिंह, दिनेश गुप्ता, पप्पू कुमार, दिनेश वर्मा, उमेश साह, दिपंकर वर्मा, दिल किशोर प्रसाद, अशोक साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### बीईईओ ने की प्रखंड के सभी शिक्षकों के साथ बैठक

# बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में सोमवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय ने सभी उच्च विद्यालय,उत्क्रमित उच्च विद्यालय,मध्य विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय व नव प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक कर विभागीय कार्यो की समीक्षा किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय ने कहा कि सभी विद्यालयों में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। जो विद्यालय एसएचभीआर में रजिस्ट्रेशन और फाइनल सबमिशन नहीं किये हैं वैसे सभी विद्यालय 24 घंटे के अंदर कार्य पूरा करें। बीआरपी श्रीकांत चौबे ने विस्तृत चर्चा करते हुए सभी प्रधानाध्यापकों को बच्चों का और सभी शिक्षकों का ई-विद्या वाहिनी में उपस्थिति निश्चित रूप से दर्ज करने को कहा। उन्होंने कहा कि रेल परीक्षा का उपस्थिति व परीक्षा फल परिणाम को भी अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी प्रधानाध्यापक सभी विभागीय निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। श्रीकांत चौबे ने कहा कि टोला टैगिंग, हाउस निर्माण, पाठ टीका, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार करने का निर्देश दिया। प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार सिन्हा ने ऑनलाइन पाठ टीका अपलोड करने की जानकारी मोबाइल के द्वारा दिया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी पांडेय ने बैठक में विलंब से पहुंचने वाले प्रधानाध्यापको को कड़ी फटकार लगाते हुए बैठक में ससमय उपस्थित होने का निर्देश दिया। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहे एमआईएस समन्वयक राजकुमार मेहता का वेतन अगले आदेश तक बंद करने का निर्देश दिया। बैठक में बीपीओ तहमीना परवीन, सीआरपी सजंय कुमार सिंह, शोभा पांडेय, बिरेंद्र प्रजापति, शक्तिदास सिन्हा, प्रधानाध्यापक अखिलेश प्रसाद, नरेंद्र श्रीवास्तव, रमेश प्रसाद,अखौरी प्रवीण सिन्हा, सुधीर चौबे, निर्मल कुमार, पम्पा साह, प्रीति सिंहा, नित्यानंद तिवारी, रागिनी रवानी, तस्लीमा खातून,किरण कुमारी, संजीता कुमारी, बबिता कुमारी,बिनोद ठाकुर, अलीम अंसारी, अनूप कुमार विश्वकर्मा, मदन राम, उस्मान अंसारी,मुनेश्वर मेहता, सुभाष राम, सुजीत प्रसाद सहित सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### जिला नियोजनालय, (रोजगार कार्यालय) गढ़वा

**राज्य के सभी जिलों के तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में योग्यता रखने वाले आवेदकों के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर।**

**भर्ती कैम्प सूचना - 2025**

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गढ़वा के तत्वावधान में दिनांक–16.10.2025 (दिन–गुरूवार ) को पूर्वाहन–11.00 बजे से अपराहन् 3.00 बजे तक जिला नियोजनालय,गढ़वा के परिसर में एक दिवसीय "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प–2025" का आयोजन किया जा रहा है।
**भर्ती कैम्प में निम्न नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–**

| S. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification | | Experience | Age | Salary | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | AISECT Mega Skill, Meral Garhwa | Computer Trainer | 05 | ADCA.PGDCA | DCA.MCA | 2 year | 20+ | 10,000/- to 16,000 | Garhwa |
| | | Electrician | 05 | ITI ,in Electrician of Electronics | Diploma in Electrician or Electronics | 2 year | 20+ | 12,000/- to 18,000/- | |
| | | GDA Trainer | 04 | G.N.M. | B.SC. Nursing | GNM (2years) B.SC Nursing (1 year) | 20+ | 14,000/- to 20,000/- | |
| 02 | Vananchal Education and Welfare Trust (Babu Dinesh Singh University) Garhwa | Lab Technician | 02 | B.Sc. MIT.DMLT | - | 01 Year | 18-45 year | 8000/- to 14,000/- | Garhwa |
| | | Dental Technician | 02 | Dip. in Dental Technician | - | 01 Year | 18-45 year | 10,000/- to 16,000/- | |
| | | Dental Hygienist | 02 | Dip. in Dental Hygienist | - | 01 Year | 18-45 year | 10,000/- to 16,000/- | |
| | | Radiographer | 02 | Diploma in Dental Radiographer | - | 01 Year | 18-45 year | 10,000/- to 16,000/- | |
| | | Attendant | 02 | Mareic | - | 01 Year | 18-45 year | 8000/- to 9,000/- | |
| | | Driver | 05 | Mareic, Driving License | - | 01 Year | 18-45 year | 8000/- to 12,000/- | |
| | | Khalasi | 02 | Mareic | - | 01 Year | 18-45 year | 8000/- to 10,000/- | |
| | | Computer Operator | 02 | Mareic, ADCA, DCA | - | 01 Year | 18-45 year | 8000/- to 14,000/- | |
| | | Supervisor | 02 | Graduation | - | 01 Year | 18-45 year | 12,000/- to 16,000/- | |
| | | Lecturer (Hindi, Zoology, Botany, Mathematic, English) | 05 | Post Graduation | - | 01 Year | 18-45 year | 15,000/- to 25,000/- | |
| | | Graphic Designer | 01 | Graduation | - | 01 Year | 18-45 year | 12,000/- to 20,000/- | |
| | | Artist | 01 | BFA | - | 01 Year | 18-45 year | 12,000/- to 20,000/- | Garhwa |
| | | Cook | 02 | Matric | - | 01 Year | 18-45 year | 8000/- to 12,000/- | |
| | | Care Taker (Male, Female) | 04 | Matric | - | 01 Year | 18-45 year | 8000/- to 12,000/- | |
| 03 | Spandna Sphoorty Financial Limited | Lo & CRA | 20 | 12th Pass | - | - | 19 Above | 15,000/- A Prox | Garhwa |

भर्ती कैम्प में भाग लेने वाले निजी नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी से संबंधित सूचना झारखण्ड सरकार के वेबसाईट– WWW.jharniyojan.jharkhand.gov.in एवं garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

भर्ती कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो भर्ती कैम्प तिथि के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में जा कर या स्वयं अधिकृत वेबसाईट– WWW.jharniyojan.jharkhand.gov.in से स्वंय कर सकते हैं। भर्ती कैम्प के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय,गढ़वा से सम्पर्क कर सकते है।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 364049 Labour Employment and Traning (25-26)_D

# न्यूज बॉक्स

## लेवी की मांग पूरा नहीं करने पर माओवादियों ने घर में जड़ा ताला

**कुंदा (चतरा)।** 10 लाख के इनामी एमसीसी नक्सली मनोहर गंझू के दस्ते ने कुंदा थाना क्षेत्र के बौधाडीह मुखिया अनिता देवी के घर में ताला लगा दिया है। सूत्रों के अनुसार माओवादियों ने आरोप लगाया है कि मुखिया पति बिनोद साव ने लेवी की रकम नहीं चुकाई थी, जिसके कारण माओवादियों ने उनके घर में ताला लगा दिया और मारपीट करते हुए चेतावनी दी है। माओवादियों ने एक महीने पूर्व मुखिया को लेवी की रकम देने को लेकर पत्र जारी किया था। वहीं माओवादियों ने मुखिया को जल्द लेवी की रकम चुकाने के लिए कहा है, अन्यथा उनके खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई करने की धमकी दी है। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है। वहीं मुखिया ने ऐसी कोई घटना नहीं होने के बात कहीं है।

## फ्लाई ऐश गिराने वाले कई वाहनों को पुलिस ने किया जब्त



**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी से उत्पादित गीला राख की ढुलाई के दौरान आम सड़कों में गिराने वाले कई ट्रांसपोर्टिंग वाहनों के विरुद्ध सोमवार को प्रखंड प्रशासन ने शिकायत के आलोक में त्वरित कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल उरांव की टीम ने देर रात लगभग आधा दर्जन वाहनों में ढुलाई के दौरान अनियमितता पाये जाने पर अग्रतर कार्रवाई की तैयारी में जुटी है। जिससे संबंधित कारोबारियों व बिचौलियों में हड़कंप मचा हुआ है। विदित हो कि पिछले दिनों बिंगलात, उड़सू, सेरनदाग, किसुनपुर, पांडे मोड़ समेत अन्य जगहों में सड़कों पर बड़े पैमाने में राख गिराये जाने से राहगीरों व सड़क किनारे रहने वाले ग्रामीणों को भारी असुविधा हो रही थी। बहरहाल, सूत्रों की मानें तो गाड़ियों को छुड़ाने के लिये बिचौलिये दफ्तरों में परिक्रमा कर रहे हैं। वहीं ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन के प्रति निरंतर कार्रवाई की गुहार लगाते हुए आभार व्यक्त किया है।

## विवेकानंद छठ पूजा समिति की बैठक सपन्न

**चंदवा।** स्थानीय जय हिंद पुस्तकालय के सभागार में विवेकानंद छठ पूजा समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता विनोद कुमार गुड्डू ने की। बैठक में पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी गठन का प्रस्ताव लाया गया। जिसे सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष रमेश प्रसाद, उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, अरुण साहू, राजेश विश्वकर्मा, विजय प्रसाद, शिवकेश्वर यादव, श्रवण प्रसाद, राजेश चंद्रवंशी, सचिव आनंद वर्मा, सहसचिव संजीव आजाद, अजय वैद्य, आशीष गुप्ता, अंकित कुमार, कोषाध्यक्ष रंजन विश्वकर्मा एवं चंद्रभूषण केसरी को बनाया गया। समिति के द्वारा घाट की सफाई, प्रकाश की व्यवस्था, मूर्ति पूजन घाट में जलावन की व्यवस्था के अलावे ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था कराएगी। छठ पूजा पर सेवा दे रहे देवनद दामोदर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष मन्नू गुप्ता, युवा भारत के अंकित कुमार, श्री श्री छठ पूजा सेवा समिति थाना टोली के नवनीत कुमार ने आपसी सहमति में बनाकर काम करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा,कृपाचार्य सिंह,रिंकू कुमार,दुलारचंद बैठा, अक्षय, अंकित कुमार, कमलेश कुमार, रूपेश कुमार, सौरव श्रीवास्तव, मनोज कुमार, सुभाष कुमार, रंजन कुमार, मन्नू गुप्ता, आनंद वर्मा, मोनू कुमार, मनीष सिंह, विजय कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। समिति की अगली बैठक शुक्रवार 17 अक्टूबर को संध्या 7 बजे जय हिंद पुस्तकालय में रखी गई है।

## हरेंद्र व उनकी माता को किया गया सम्मानित



**लातेहार।** धर्मपुर स्थिति सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार में नवम कक्षा के प्रतिभाशाली हरेंद्र कुमार के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं क्षेत्रीय स्तर पर पदक जीतने की उपलब्धि पर उन्हें एवं उनकी माता को विद्यालय परिवार द्वारा अंगवस्त्र और प्रशस्ति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी, हरेंद्र कुमार एवं उनकी माता द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। वंदना सभागार में आयोजित इस सम्मान समारोह में शारीरिक आचार्य विवेक कुमार को भी उनकी मार्गदर्शक भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। हरेंद्र ने पूर्व में प्रांत स्तरीय भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया था। इसके पश्चात पूर्णिया (बिहार) में आयोजित उत्तर पूर्व क्षेत्रीय प्रतियोगिता में भी उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित कर विद्यालय एवं प्रांत का नाम गौरवान्वित किया। हरेंद्र की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर क्षेत्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारियों, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सदस्यों तथा विद्यालयपरिवार ने हार्दिक बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दिया है। प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने कहा विद्यालय के भैया-बहन आगामी प्रतियोगिताओं में भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर विद्यालय का नाम ऊंचा करें यही हम सभी की अपेक्षा और आशा है।

### उपायुक्त ने की कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा, कहा-

# फूलो किशोरी समृद्धि योजना का लाभ हर किशोरी को मिले

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण कार्यालय के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग से संचालित प्रमुख योजनाओं की प्रगति, पोषण सेवाओं की स्थिति एवं आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने समाज कल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं बच्चों के संरक्षण से जुड़े कार्यों की गहन समीक्षा की। मुख्य रूप से पोषण ट्रैकर, समर कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की प्रगति, सेविका सहायिका रिक्तियां, आंगनबाड़ी केंद्रों में आधारभूत संरचना, बाल संरक्षण समेत अन्य विषयों की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं सीडीपीओ को समयबद्ध लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने जानकारी दी कि पूरक पोषाहार का वितरण अगस्त माह तक पूर्ण कर लिया गया है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि आगामी महीनों के वितरण में किसी भी प्रकार की विलंबता न हो।

सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी विद्यालयों से किशोरियों की संख्या का आकलन कर अद्यतन रिपोर्ट प्राप्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ जिले की प्रत्येक पात्र किशोरी तक पहुंचाना प्राथमिकता है।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने लाभुकों की नियमित प्रविष्टि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों की डेली मॉनिटरिंग रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी केंद्रों में 100 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। सभी सीडीपीओ को केंद्रों का नियमित मॉनिटरिंग करने 30 अक्टूबर तक 90 प्रतिशत तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में आधारभूत संरचना एवं भवन निर्माण की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

समर अभियान की समीक्षा के क्रम में समर अभियान के तहत कुपोषण एवं एनीमिया से ग्रसित बच्चों, युवतियों, गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उपचार को लेकर एम टी सीभेजने एवं एमटीसी केंद्र के सुचारू रूप से संचालन के लिए नियमित अनुश्रवण एवं निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं की प्रगति समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित की जाए, ताकि पोषण, स्वास्थ्य एवं देखभाल से संबंधित लक्ष्यों की प्राप्ति समय पर हो सके। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, सिविल सर्जन डॉ राज मोहन खलखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कई दलों के नेताओं ने थामा जेएमएम का दामन

- पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने माल्यापर्ण कर किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में झामुमो के केंद्रीय सचिव सह पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम मुख्य रूप से भाग लिया। जिला प्रवक्ता सुशील कुमार यादव ने बताया कि जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव के निर्देश पर आयोजित इस बैठक में भाजपा के मोहन कुमार गुप्ता व बबीता देवी, भाकपा माले के अजय यादव व कांग्रेस के तुलसी राम ने झामुमो और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नीति व सिद्धांतों से प्रभावित हो कर झामुमो का दामन थामा। पूर्व मंत्री श्री राम ने उनका माल्यापर्ण कर झामुमो में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इन कार्यकर्ताओं के जुड़ने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। बैद्यनाथ राम ने कहा कि झामुमो और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नीति व सिद्धांतों से प्रभावित हो कर प्रति दिन दूसरे दलों के नेता व कार्यकर्ता झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो संघर्ष की पार्टी है। झामुमो ने अलग झारखंड के लिए संघर्ष किया। अब उस झारखंड के लोगों को मूलसुविधाएं दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में केंद्रीय सदस्य सह जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रीना उरांव, जिला कोषाध्यक्ष मनोज यादव, केंद्रीय सदस्य ममता सिंह और राजेंद्र लोहारा, जिला प्रवक्ता सुशील कुमार यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष इनायत करीम, मनिका प्रखंड अध्यक्ष सकिंदर बड़ा, नगर सचिव अरशद अंसारी के अलावा दीपक कुमार, अंजली उरांव, पूजा कुमारी, मुरारी ठाकुर, संदीप उरांव आदि मौजूद रहे।

## बिना मुआवजा रोड बनाए जाने से रैयतों में आक्रोश

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के इंद्रा मोड़ से रोल तक बन रहे सड़क निर्माण में रैयतों को जमीन के बदले मुआवजा नहीं मिलने से रैयतों में आक्रोश व्याप्त है। सोमवार को रैयतों ने कार्य स्थल पर पहुंच कर काम बंद करा दिया और मुआवजा नहीं मिलने की बात कही। इसकी सूचना प्रशासन को दी गई तो अंचला अधिकारी अनंत विश्वकर्मा दल-बल के साथ इंद्रा मोड़ पहुंचे और रैयतों से बात चित किया और मुआवजा मिलने को लेकर आश्वासन दिया।

### अफीम को लेकर जेल से छूटने के बाद घनश्याम साव की नई शुरूआत

## सब्जी की खेती कर दे रहें समाज को संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुंदा (चतरा)।** 5 वर्ष पूर्व अफीम मामले में कुंदा थाना क्षेत्र के बौधाडीह निवासी घनश्याम साव जेल गया था। जेल से छूटने के बाद उन्होंने अपनी जिंदगी को नई दिशा देने का फैसला किया और सब्जी खेती की ओर रुख किया। आज वे लगातार तीन से चार वर्षों से बड़े पैमाने पर सब्जी की खेती कर रहे हैं और अच्छी आमदनी कमा रहे हैं। घनश्याम साव ने जेल से छूटने के बाद अपनी जिंदगी को सुधारने का फैसला किया और सब्जी खेती की ओर रुख किया। उन्होंने अपने खेत में टमाटर, मिर्च, बैंगन, और अन्य सब्जियों की खेती शुरू की और आज वे एक सफल सब्जी किसान के रूप मे जाने जा रहे हैं। घनश्याम साव की कहानी युवाओं के लिए एक प्रेरणा है, उन्होंने अपनी गलतियों से सीखा और अपनी जिंदगी को नई दिशा देने का फैसला किया। आज वे न केवल अपनी जिंदगी को सुधार रहे हैं, बल्कि दूसरों के लिए भी एक प्रेरणा बन गए हैं। घनश्याम साव की सफलता की कहानी यह साबित करती है कि कोई भी व्यक्ति अपनी जिंदगी को सुधार सकता है और सफलता प्राप्त कर सकता है। बशर्ते वह अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए गलत रास्ते को छोड़कर कड़ी मेहनत करे और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहे।

## बाइक से गिरकर महिला की मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा-चांपी-लोहरदगा मुख्य मार्ग पर स्थित डेढ़टंगवा घाटी में रविवार की रात्रि हुए बाइक दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान लोहरदगा स्पेशल ब्रांच में तैनात अधिकारी अभिषेक कुमार की मां विभा देवी (50) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि विभा देवी मूल रूप से बिहार के जहानाबाद की रहने वाली थी व लोहरदगा जिले में स्पेशल ब्रांच में तैनात अपने पुत्र के साथ बाइक पर पलामू एक्सप्रेस पकड़ने टोरी जंक्शन के लिए आ रही थी, इसी दौरान डेढ़ टंगवा घाटी में जर्जर सड़क पर बने गड्ढे के कारण बाइक असंतुलित हो गई व बाइक के पीछे बैठी विभा देवी सड़क पर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद लोहरदगा की ओर से आ रहे कार पर सवार युवकों ने मानवता का परिचय देते हुए घायल महिला व उसके पुत्र को चंदवा सीएचसी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉ नीलिमा कुमारी ने महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना के बाद चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार अस्पताल पहुंचे व लातेहार व लोहरदगा जिले के वरीय अधिकारियों को घटना की पूरी जानकारी दी व अग्रतर कार्रवाई के लिए मृतका के शव को लोहरदगा भिजवाया।

## शहर के कई लोग श्री सूर्यनारायण पूजा समिति के बने आजीवन सदस्य

**लातेहार।** शहर के कई लोगों ने सोमवार को श्री सूर्य नारायण पूजा समिति के आजीवन सदस्य बने। बहेरा टांड़ निवासी दीपक पासवान एवं सनी पासवान गुरुद्वारा रोड निवासी बिट्टू दास, नावांगढ़ निवासी मदन प्रसाद ने श्री सूर्यनारायण पूजा समिति, चाणक्य नगरी लातेहार की आजीवन सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने दोनों को स्वागत किया। समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने स्वागत करते हुए कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था और एकता का प्रतीक है, जो सबके सहयोग से संपन्न होता है। कहा कि जितने लोग अधिक जुड़ेंगे, उतनी ही भव्यता और श्रद्धा से पर्व का आयोजन किया जा सकेगा। सिंह ने समाज के सभी वर्गों से इस पवित्र पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। मौके पर समिति के सदस्य राजू यादव, मनीष दास, कौशल कुमार,अनिल कुमार (पप्पू), धीरज कुमार (छोटू), मनोज प्रसाद, पंकज यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**शपथ पत्र**

मैं, हिमान्सु कुमार सिंह पिता श्री मुरलीधर सिंह, उम्र करीब 48 वर्ष, धर्म सनातन, पेशा -व्यवसाय, राष्ट्रीयता --भारतीय, साकिन - दिग्ही, पोस्ट-नरचाही, थाना-मयूरहण्ड, जिला- चतरा का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक ब्यान करता हूं कि Sweta Devi W/o Dhananjay Kumar Singh सही नाम है। जबकि सर्विस बुक में Sweta Devi के जगह स्पेलिंग में Shweta Devi अंकित हो गया है जो गलत है। श्वेता देवी का अंग्रेजी में Sweta Devi सही स्पेलिंग है। इसलिए नाम से H हटाना आवश्यक है। आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में श्वेता देवी का अंग्रेजी में स्पेलिंग Sweta Devi अंकित है जो सही है।

**शपथ पत्र संख्या : 1337, दिनांक : 13/10/2025**

**शपथ पत्र**

मैं, स्वेता देवी पति श्री धन्नजय कुमार सिंह, उम्र करीब 40 वर्ष, सनातन, पेशा - गृहणी, राष्ट्रीयता भारतीय, साकिन धर्म -दिग्ही, पोस्ट-नरचाही, थाना -मयूरहण्ड, जिला-चतरा का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक ब्यान करती हूं कि मेरा पुत्र आर्या कुमार का जन्म तिथि 27.11.2019 ई. भूलवश सर्विस बुक में दर्ज हो गया है। जबकि वास्तविक जन्म तिथि 27.11.2020 ई. है। गलत जन्म तिथि 27.11.2019 ई. को सुधार करते हुए वास्तविक जन्म तिथि 27.11.2020 ई. सर्विस बुक में दर्ज करने की कृपा करें।

**शपथ पत्र संख्या : 1338, दिनांक : 13/10/2025**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।**
**अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

1.ई0–निविदा संख्या– **EE/RDSD/Palamau-02/2025-26**

| S. No. | Group No. | Name of Work | BOQ Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 1 | जिला योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत प्रखंड हरिहरगंज पंचायत कुलहिया ग्राम – जगदीशपुर में पी0सी0सी0 पथ एवं नाली निर्माण। | 7263964.29 | 145300 | 10000 | 04 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.10.2025 (05रू 00 अपराह्न से )
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 16.10.2025 ( अपराह्न 5रू00 बजे से दिनांक 24.10.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 25.10.2025 अपराह्न 5:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल पलामू।**

PR 364016 District(25-26)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू**

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**
**1.ई0–निविदा संख्या– EE/RDSD/Palamau-16/2025-26 (Re-tender)**

| S. No. | Group No. | Name of Work | BOQ Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 1 | प्रखंड पिपरा अन्तर्गत परियोजना धनमानी+2 उच्च विद्यालय पिपरा बरदाग में अतिरिक्त वर्ग कक्ष का कार्य। | 4072751.00 | 81500 | 5000.00 | 04 माह |
| 2 | 2 | प्रखंड पिपरा अन्तर्गत हेल्थ एण्ड बेलनेस सेन्टर में चार कमरा एवं शौचालय का कार्य। | 4617401.00 | 92400 | 5000.00 | 04 माह |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **16.10.2025** (05:00 अपराह्न से)
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक **16.10.2025 ( अपराह्न 5:00 बजे से दिनांक 24.10.2025** को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4.ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **25.10.2025** अपराह्न 5:00 बजे।
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, पलामू।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल पलामू**

**PR 364018 (District)25-26*D**

### लेधपा खेल मैदान में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# खेलकूद हमारे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक : कंचन कुमारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** सोमवार को मेरा युवा भारत लातेहार द्वारा के तत्वावधान में सदर प्रखंड के लेधपा खेल मैदान में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग के लिए फुटबॉल, 400 मीटर दौड़ एवं लंबी कूद व बालिकाओं के लिए कबड्डी, रस्सी कूद एवं 200 मीटर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपना प्रदर्शन दिखाया। पुरस्कार वितरण समारोह में मेरा युवा भारत की जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी ने कहा कि खेलकूद न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारते हैं, बल्कि हमारे मानसिक स्वास्थ्य को भी सतुलित रखते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओ से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि हार व जीत लगी रहती है, सबसे बड़ी बात प्रतियोगिता में भाग लेना है। प्रतियोगिता के बालक फुटबॉल प्रतियोगिता में लेधपा की टीम ने विजेता और हेसलबार की टीम उप विजेता बनी। बालक वर्ग के 400 मीटर दौड़ में अरुण उरांव ने प्रथम, अरुण सिंह ने द्वितीय और अजय सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि लंबी कूद में अरुण उरांव ने प्रथम, रवि खेरवार ने द्वितीय व आदित्य टोपो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग के लिए आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में बिश्रामपुर टीम ने विजेता और लेधपा टीम ने उप विजेता का पुरस्कार जीता। 200 मीटर दौड़ में सुमन कुमारी ने प्रथम, सुनीता कुमारी ने द्वितीय, प्रियंका कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रस्सी कूद में प्रीति कुमारी ने प्रथम, शांति कुमारी ने द्वितीय, शिला कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार ने किया। मौके पर जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी के अलावा ग्राम प्रधान कुलदीप सिंह, पोस्ट मास्टर अवनीधर सिंह, कृषि मित्र पूरनचंद सिंह, सत्येंद्र सिंह, जमादार सिंह, रबिंदर सिंह व युवा मंडल के सदस्य आदि मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### हथियारबंद नकाबपोशों ने एक लाख नकद व लाखों के गहने ले उड़े



**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र से महज पांच किलोमीटर दूर कोटा गांव में रविवार देर रात नकाबपोश अपराधियों ने हथियार के बल पर बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया। घटना रात करीब डेढ़ बजे की बताई जा रही है। छह से सात नकाबपोश अपराधियों ने कोटा निवासी दशरथ उरांव के घर में घुसकर नगद रुपए, लाखों के गहने-जेवरात और तांबे-पीतल के बर्तन लूट लिए। पीड़ित दशरथ उरांव ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य सोए हुए थे। इसी दौरान अपराधी दरवाजा तोड़कर घर में दाखिल हो गए। विरोध करने पर उन्होंने दंपती को बंधक बना लिया और ऊपर सो रही दोनों बेटियों को कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद गोदरेज व बक्सा तोड़कर करीब एक लाख रुपये नकद, लाखों रुपए मूल्य के गहने व कीमती सामान अपने साथ ले गए। जाते-जाते अपराधी दुकान में रखा 10 लीटर पेट्रोल भी उठा ले गए। दशरथ उरांव ने बताया कि कुछ दिन पहले ही घर के काम के लिए बैंक से 40 हजार रुपए निकाले थे, जो गोदरेज में रखे थे। घटना के बाद पूरे परिवार में दहशत का माहौल है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। भंडरा थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की गश्त और रात्रि पेट्रोलिंग केवल कागजों तक सीमित है, जिससे क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। कोटा लूटकांड ने एक बार फिर भंडरा थाना की निष्क्रियता को उजागर कर दिया है।

### राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ



**लोहरदगा।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन लोहरदगा के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय बालक एवं बालिका संवर्ग के अंडर-11 तथा अंडर-13 सिंगल्स एवं डबल्स बैडमिंटन टूर्नामेंट सह चयन प्रतियोगिता का शुभारंभ एम.एल.ए. महिला महाविद्यालय के इंडोर कोर्ट में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, विशिष्ट अतिथि पूर्व एमएलसी प्रवीण कुमार सिंह तथा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल में भी करियर बनाया जा सकता है। खेल शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास में भी सहायक होता है। आप खेल के साथ पढ़ाई को भी अपने जीवन का लक्ष्य बनाएं। नौकरी, खेल या व्यवसाय किसी भी क्षेत्र में आप अपना भविष्य बनाते हैं तो इसके लिए आप लक्ष्य निर्धारित करें। खेल में आप सकारात्मक सोच के साथ खेलें और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक खेलने का सपना देखें और साकार करें। पूर्व विधान कार्यक्रम में कई खेलप्रेमी, अभिभावक, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, सचिव मुरारी गोस्वामी, कोषाध्यक्ष नसीम अख्तर, सह सचिव रंजीत कुमार साहू, प्राचार्य प्रोफेसर स्नेह कुमार, सदस्य अरुण राम, दुबराज यादव, गणेश पांडे सहित गणमान्य उपस्थित थे। सफल आयोजन में अंपायर वसीम अकरम, रेफरी वाहिद अंसारी और रंजीत कुमार साहू ने किया। प्रतियोगिता लगातार तीन दिनों तक चलेगी, जिसके पश्चात राज्य स्तरीय टीम का चयन किया जाएगा।

### बैजनाथ प्रसाद अग्रवाल मेमोरियल वी डिवीजन क्रिकेट लीग में यूथ सेंटर व डायमंड बी की शानदार जीत




**लोहरदगा।** बलदेव साहू महाविद्यालय क्रिकेट स्टेडियम में लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित बैजनाथ प्रसाद अग्रवाल मेमोरियल वी डिवीजन क्रिकेट लीग के तहत रविवार को दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में यूथ सेंटर ने सीटीसी येलो को 5 विकेट से पराजित किया, जबकि दूसरे मैच में डायमंड बी की टीम ने गावस्कर एकादश को 141 रनों के बड़े अंतर से हराया। पहले मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीटीसी येलो की टीम 35 ओवर में मात्र 121 रन बनाकर 26.1 ओवर में ही ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से अभिमन्यु ने 47 तथा जयकुमार सिंह ने 15 रन बनाए। यूथ सेंटर की ओर से गेंदबाजी में परवेज अंसारी ने 4 विकेट, जबकि गोलू राज व शिखर ने दो-दो विकेट लिए। जवाबी पारी में यूथ सेंटर ने 30.5 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 122 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से जयप्रकाश ने 46 और पप्पू ने 23 रन का योगदान दिया। सीटीसी येलो की ओर से गेंदबाजी में आयुष ने तीन विकेट झटके। दूसरे मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डायमंड बी की टीम ने 30 ओवर में छह विकेट पर 235 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से साई कुमार यादव ने शानदार 99 रनों की पारी खेली, जबकि प्रांजल ने 69 रन जोड़े। गावस्कर एकादश की ओर से गेंदबाजी में हिमांशु और सनी ने दो-दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गावस्कर एकादश की टीम 23.1 ओवर में मात्र 94 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से यश ने 24 और सनी ने 19 रन बनाए। डायमंड बी की ओर से गेंदबाजी में आरव कुमार ने 4, सचिन ने 3 और संजीव ने 2 विकेट लिए। मैच के अंत में लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव आलोक राय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यूथ सेंटर के परवेज अंसारी तथा डायमंड बी के साई कुमार यादव को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार प्रदान किया।

### 'पंचाइत कर गोईठ' कार्यक्रम में बोले उपायुक्त डॉ ताराचंद

# अंधविश्वास व कुप्रथाओं का कोई स्थान नहीं

नवीन मेल संवाददाता



- 16 व 17 अक्टूबर को समाहरणालय मैदान में लगेगा दीवाली मेला
- 18 अक्टूबर को सभी छठ घाटों में चलेगा साफ-सफाई अभियान

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में साप्ताहिक कार्यक्रम पंचाइत कर गोईठ का 12वां संस्करण समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त द्वारा मुखियागणों से संवाद स्थापित किया गया और सरकार की कल्याणकारी व जिला प्रशासन की कार्ययोजनाओं से अवगत कराया गया। उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान युग में अंधविश्वास और कुप्रथाओं का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। आज भी डायन बोलकर किसी का परिवार उजाड़ दिया जा रहा है। बचपन छीन कर किसी बच्ची का बाल विवाह कर दिया जा रहा है तो यह हम सभी के लिए शर्मनाक है। हमें एकजुट होकर इन कुप्रथाओं व कुरीतियों को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। सभी मुखिया अपने पंचायतों में बैठक कर ऐसे प्राप्त मामलों पर चर्चा करें और मामलों की जानकारी स्थानीय प्रशासन और जिला प्रशासन को अवश्य दें। पढ़ाई की उम्र में बच्चियों को विवाह जैसे बंधन में ना बांधा जाए। उन्हें अपना कॅरियर बनाने का अवसर दें। जो लोग बाल विवाह में संलिप्त पाये जाएंगे उनके उपर बाल विवाह अधिनियम और पोक्सो अधिनियम के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। पूर्व में जो टास्क फोर्स इन कुरीतियों के उन्मूलन के गठित करने के लिए निर्देश दिये गये थे उसे एक्टिव करें। प्रत्येक माह अपने पंचायत में होनेवाले विवाह का विवरण जिला में भेजें ताकि बाल विवाह पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।उपायुक्त द्वारा आज के कार्यक्रम में सभी मुखियागणों को अपने-अपने पंचायतों में बंदोबस्ती नहीं हुए मत्स्य तालाबों की बंदोबस्ती करा कर उसमें मत्स्य पालन कराने, शिक्षा एवं सामाजिक न्याय समिति का गठन करने, आवास योजनाएं पूर्ण कराने, निरक्षर व्यस्कों की सूची बनाकर एडल्ट लिटरेसी के लिए चिन्हित करने, पढ़े-लिखे युवाओं को कल्याण गुरूकुल से माध्यम से प्रशिक्षित करा कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, केंद्र प्रायोजित पेंशन योजनाओं के छूटे हुए लाभुकों का डिजिटल लाईफ सर्टिफिकेट जल्द बनाये जाने समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई और निर्देश दिये गये। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी पंचायतों के मुखियागण आदि उपस्थित थे।

उपायुक्त ने कहा कि सभी मुखिया अपने उप मुखिया, वार्ड सदस्यों व ग्रामीणों के साथ मिलकर अपने पंचायत क्षेत्र के छठ घाटों की साफ-सफाई कराएं। इससे पूर्व में सफाई अभियान चलाया गया था जो सफल रहा था। छठ का महापर्व आस्था से जुड़ा हुआ पर्व है जिसमें छठ घाट के साफ-सफाई का बहुत ही महत्व है। उपायुक्त ने कहा कि 16 एवं 17 अक्टूबर 2025 को समाहरणालय मैदान में जिला प्रशासन के सहयोग से दीपावली स्पेशन मेला लगाया जाएगा। इस मेला में कोई भी दुकानदार मिट्टी व मिट्टी के उत्पाद, दीया, मिट्टी के खिलौने इत्यादि की दुकान निःशुल्क लगा सकते हैं। इसके लिए वे अपने दुकान की जानकारी जिला पंचायत राज पदाधिकारी, लोहरदगा को देकर मेला में अपने दुकान के लिए स्थान सुरक्षित करा सकते हैं। मेला में दुकान लगाने के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं है। यह पूरी तरह निःशुल्क है। उपायुक्त ने कहा कि बड़ी संख्या में लोहरदगा जिला से श्रमिक दूसरे राज्यों में रोजगार के लिए पलायन करते हैं। अन्य राज्यों में मजदूरी करने से मजूदरों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मुखियागण अपने पंचायत में सरकार की योजनाओं में उन्हें शामिल करें और स्थानीय स्तर पर ही आय सृजन करने में सहयोग करें। मनरेगा अंतर्गत कई योजनाएं, कृषि, उद्यान, मत्स्य, डेयरी विकास समेत अन्य योजनाएं हैं जिसमें उस श्रमिक को रोजगार मिल सकता है। कई तरह के व्यवसाय शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्य के अंतर्गत सब्सिडी पर ऋण उपलब्ध है। मुख्यंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि से महिलाएं अपना कोई व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। सभी मुखिया अपने पंचायत अंतर्गत पलायन करनेवाले श्रमिकों की सूची श्रम विभाग को उपलब्ध करायें और श्रम विभाग उनका निबंधन कराएं ताकि उन्हें श्रम विभाग अंतर्गत मिलनेवाली सुविधाओं से अच्छादित किया जा सके।

उपायुक्त ने कहा कि एक स्वस्थ बच्चा के जन्म के गर्भवती का भी स्वस्थ होना जरूरी है। इसके लिए गर्भवती महिलाओं की सूची सभी मुखिया के पास हो। अपनी बैठकों में एएनएम, सेविका/सहायिका, सहिया की उपस्थिति हो जिसमें गर्भवती के स्वास्थ्य पर उसके नियमित मॉनिटरिंग पर चर्चा करें। गर्भवती को चिन्हित कर उसकी नियमित स्वास्थ्य जांच, आयरन फोलिक एसिड का सेवन, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पोषक तत्वों वाली सब्जियों व फलों का सेवन सुनिश्चित करें। बच्चे के जन्म के बाद उसका ससमय टीकाकरण किया जाए।

उपायुक्त ने कहा कि राशनकार्ड धारकों का आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवायें। जो राशनकार्डधारी अब तक आयुष्मान कार्ड नहीं बनवाये हैं वे अपने वीएलई से संपर्क करें। आयुष्मान कार्ड से आयुष्मान भारत अंतर्गत संबद्ध अस्पताओं में 15 लाख रूपये तक का ईलाज निःशुल्क होता है। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री गंभीर बीमार योजना में लाभुक को 15 लाख रूपये तक की राशि ईलाज के लिए दिया जा सकता है। कोई व्यक्ति बीमार हो तो उसे कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से 25 हजार रूपये तक की राशि त्वरित रूप से दी जा सकती है।

प्रत्येक शनिवार को अंचल कार्यालय में अंचल-थाना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिस अंचल में किसी प्रकार के जमीन विवाद की समस्या हो वे इस शिविर में आकर अपनी समस्याओं का निवारण करा सकते हैं। जिला स्तर पर उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा इसकी सतत् निगरानी की जा रही है।

### जमीन अधिग्रहण में मुआवजा को लेकर रैयतों की आपत्ति, अंचलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## एनएच 143-ए बाईपास निर्माण के पूर्व रैयतों ने उचित मुआवजा की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**सेन्हा।** अंचल क्षेत्र के बंसरी मौजा के रैयतों ने जमीन अधिग्रहण पर आपत्ति जताते हुए अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंप उचित मुआवजा का मांग किया गया। विदित हो कि सेन्हा अंचल क्षेत्र के बंसरी मौजा होते एनएच 143 ए बाईपास सड़क का निर्माण हेतु सरकार द्वारा रैयती जमीन को अधिग्रहण किया जा रहा है। जिसके लिये जमीन मालिक सभी रैयतों को नोटिस के माध्यम से अवगत कराते हुए जमीन संबंधी दस्तावेज जमा करने का विभागीय निर्देश पूर्व में जारी किया गया था।वही बताते हुए गया कहा कि अंचल के भू-अर्जन शाखा से ग्रामीण रैयतों को 27 फरवरी 2024 को जमीन अधिग्रहण का सूचना दिया गया था। जिसके आलोक में 10 अक्टूबर 2025 को भी कार्यालय के द्वारा सूचना निर्गत किया गया है। जिसपर आपत्ति जताते हुए बंसरी ग्राम के ग्रामीण रैयतों ने कहा कि विभाग मनमानी कर 6526 रुपया प्रति डिसमिल अधिगृहित जमीन का मुआवजा तय कर रैयतों को देने की घोषण कि है। जो आज के समय अनुसार उचित मुआवजा नही है। जिस पर ग्रामीण रयतो कहना है कि संबंधित विभाग ग्रामीण रैयतों को 30 हजार रुपया से ऊपर प्रति डिसमिल मुआवजा दिया जाए साथ हीं रैयतों ने कहा इससे पूर्व भी अंचल व जिला भू-अर्जन शाखा को उपरोक्त बातों से अवगत कराया गया था। परंतु आज तक रैयतों के आवेदन पर विचार नही किया गया और पुनः उसी बिंदु को लेकर वर्तमान दर की जानकारी नही दिया गया और अंतिम नोटिस विभाग द्वारा जारी कर दिया गया। जिसपर ग्रामीण रयतो ने आपत्ति जताते हुए अंचलाधिकारी सेन्हा पंकज कुमार भगत को बंसरी ग्राम के रैयतों ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते कर अपनी समस्या को रखते हुए मुआवजा राशि में वृद्धि करने का मांग किया गया। सरकार द्वारा 6526 रुपैया प्रति डिसमिल मुआवजा देने पर रैयतों ने असंतोष जताते हुए कहा कि सरकार के द्वारा हम सभी को गुमराह कर रयतो का जमीन अधिग्रहण करने का कार्य किया जा रहा है। जो वर्तमान दर के अनुरूप मुआवजा नही है। जिस पर ग्रामीण रैयतों ने अपनी मांग को लेकर अड़े हुए है। बाईपास निर्माण कार्य मे बाधा उतपन्न होने का जिम्मेवारी सरकार की लापरवाही बताया जा रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रेम प्रकाश कच्छप, पौलुस बखला,चन्दर उरांव, रामकिशुन उरांव सहित अन्य बंसरी मौजा के अन्य ग्रामीण शामिल थे।

### बरटोली में अंधविश्वास के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला के पेशरार बरटोली में डायन बिसाही के आरोप में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या के बाद अंधविश्वास के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पीएलवी गौतम लेनिन ने ग्रामीणों को अंधविश्वास के बारे में जानकारी दी और कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया। पीएलवी गौतम लेनिन ने बताया कि अंधविश्वास के कारण निर्दोष लोग मारे जाते हैं और आरोपियों को कानून सजा देती है। इन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अंधविश्वास से बचें और किसी भी तरह की शारीरिक समस्या होने पर तुरंत नज़दीकी अस्पताल में जाकर डॉक्टर से मिलें। पीएलवी गौतम लेनिन ने बताया कि अंधविश्वास और डायन बिसाही के आरोप में घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है, जिनमें धारा 103, 105, 115, 151 और 193 शामिल हैं। पीएलवी गौतम लेनिन ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अंधविश्वास से बचें और किसी भी तरह की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को 100 पर या फिर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में सूचना दें। इन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार जरूरतमंद लोगों के लिए हमेशा तत्पर है। कानूनी सहायता और कानूनी जानकारी पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा और सचिव राजेश कुमार के निर्देश पर निरंतर जरूरतमंद लोगों को दिया जाता है।


**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा**
समाहरणालय परिसर, विकास भवन-बी, प्रथम तल्ला
Email ID – garhwamdm@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन सं0–13/2023 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 के आधार पर स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8) विषय–सामाजिक विज्ञान के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सफल एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची जाँच पत्रक के साथ दिनांक–16.10.2025 को क्रमांक 769 से 828 एवं दिनांक 17.10.2025 को क्रमांक 829 से 885 तक को काउंसिलिंग हेतु दिनांक 14.10.2025 को जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.garhwa.nic.in** पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी काउंसिलिंग से संबंधित जानकारी प्राप्त करने हेतु हेल्पलाईन नंबर– 9304515448, 8210307876 पर सम्पर्क कर सकते है।

अतः संबंधित सफल अभ्यर्थी निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल में काउंसिलिंग हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अनुपस्थिति की स्थिति में अभ्यर्थियों की जवाबदेही स्वयं की होगी।

**काउंसिलिंग स्थल एवं समय:–**
**कार्यालय** :– जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा के सभागार कक्ष, पुराना समाहरणालय।
**समय** :– पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक।

विश्वासभाजन
जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.364055 Human Resource Developement(25-26):D



**जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू**
पलामू समाहरणालय, मेदिनीनगर– 822101 दूरभाष सं0–06562–222621
ई–मेलः–Palamau.MDM@gmail.com

**–: आवश्यक सूचना :–**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या 13/2023 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय में स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 06–08 समाजिक विज्ञान) के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की जिला स्तरीय काउंसिलिंग हेतु सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची के ज्ञापांक 1490 दिनांक 30.07.2025, ज्ञापांक 1504 दिनांक 31.07.2025 में निहित प्रावधानुसार काउंसिलिग किया जाना है। निदेशक (प्रा0शि0) के पत्रांक 1940 दिनांक 10.10.2025 के आलोक में कक्षा 06 से 08 (समाजिक विज्ञान) संबंधित कुल 279 अनुशंसित अभ्यर्थियों का सूची प्राप्त हुआ है, जिसकी काउंसिलिग हेतु तिथि एवं समय का निर्धारण निम्नवत है।:–

| क्रमांक | दिनांक | आमंत्रित अभ्यर्थी का क्रमांक | समय | काउंसिलिग स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 16.10.2025 | क्रमांक 01 से 150 | पूर्वाह्न 09 से 05 बजे | जिला स्कूल मेदिनीनगर के सभागार |
| 2 | 17.10.2025 | क्रमांक 151 से 279 | | |

**अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को अपने क्रमांक के अनुसार उपस्थित होना सुनिश्चित करें।**

उक्त विभागीय निदेशानुसार स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य कक्षा 06 से 08 (समाजिक विज्ञान) के पद पर नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों की सूची (नाम एवं अनुशंसा) को अधिकारिक वेबसाइट **www.palamu.nic.in** पर दिनांक 13.10.2025 को अपलोड किया गया है, संबंधित अभ्यर्थियों के संबंध में कॉउसिलिंग का स्थान **जिला स्कूल मेदिनीनगर के सभागार** में निर्धारित की जाती है। काउंसिलिंग हेतु सभी जानकारी/शर्ते जिले के अधिकारिक वेबसाईट **www.palamu.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है। किसी तरह की सूचना हेतु हेल्प डेस्क नम्बर **8709355153 (राम लखन सिंह, लिपिक, कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू)** एवं **8102713045 (बलराम कुमार, लिपिक, कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू)** पर सम्पर्क स्थापित कर जानकारी ली जा सकती है।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
पलामू

PR 363979 District(25-26).D


## दो दिवसीय क्षेत्रीय सांस्कृतिक महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ

# शिक्षा में संस्कार न हो, वह ज्ञान अधूरा है : संगठन मंत्री

नवीन मेल संवाददाता





**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, लोहरदगा के प्रांगण में दो दिवसीय क्षेत्रीय सांस्कृतिक महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। उद्घाटन समारोह दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदना के साथ आरंभ हुआ, जिससे सम्पूर्ण परिसर संस्कृतिमय हो उठा। इस अवसर पर प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल, क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्याली राम, क्षेत्रीय मंत्री राम अवतार नारसरिया, प्रदेश मंत्री ब्रजेश कुमार, कला संस्कृति के जिला पदाधिकारी उपवन बाड़ा, बेल राजा पहड़ा लक्ष्मी भगत, प्रदेश सचिव नकुल शर्मा, कार्यक्रम संयोजक शाशिधर लाल अग्रवाल, प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि उपवन बाड़ा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपरा, एकता और संगठन की भावना को सुदृढ़ करते हैं। युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ना चाहिए, यही सच्ची राष्ट्र सेवा है। वक्ताओं ने क्षेत्रीय संस्कृति, शिक्षा, और संगठनात्मक विकास पर अपने विचार साझा किए। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक नृत्य, गीत, नाटक और लोककला की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की प्रस्तावना में प्रदेश मंत्री ब्रजेश कुमार ने कहा कि संस्कृति और सभ्यता किसी राष्ट्र की आत्मा होती है,यही उसकी पहचान और समृद्धि होती है संस्कृति वह धारा है जो राष्ट्र को अनादि काल से जोड़कर रखती है, सभ्यता शरीर है संस्कृति उसकी आत्मा दोनों मिलकर राष्ट्र को पूर्ण बनाते हैं। संगीत आचार्य के द्वारा एकल गीत प्रस्तुत किया गया। क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्याली राम के द्वारा भैया-बहनों के मार्गदर्शन में कहा कि जहां शिक्षा में संस्कार ना हो वहां ज्ञान अधूरा है संस्कार हैं शिक्षा दीपक बिना तेल के समान है - प्रकाश नहीं दे सकती। संस्कार शिक्षा की आत्मा है और शिक्षा संस्कार का आधार। राम अवतार नारसरिया ने कहा कि संस्कृति हमारे जीवन की शैली है और शिक्षा उस शैली को दिशा देने वाली शक्ति, शिक्षा और संस्कृति एक दूसरे की पूरक है। एक सिखाती है कैसे जीना है, दूसरी बताती है क्यों जीना है। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक शशिधर लाल अग्रवाल ने किया। उन्होंने आगंतुक सभी अतिथियों का बॉक्साइट की नगरी लोहरदगा झारखंड में स्वागत एवं अभिनंदन किया। मंच संचालन जमशेदपुर विभाग के विभाग प्रमुख ब्रेन कुमार टुडू ने किया। उन्होंने कहा कि जहां दीपक जलता है वहां अंधकार टिक नहीं पता जैसे ज्ञान और सत्य के आगे अज्ञान मिट जाता है। इस क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव में आए अतिथि आशुतोष कुमार मिश्रा, आकाश कुमार, रमेश कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, अशोक शरण, जगत नंदन, अभिलाष गिरी, देवेंद्र नाथ तिवारी, मंटू कुमार गिरी दीपक कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम की विभिन्न सूचना क्षेत्रीय संयोजक, संस्कृति बोध परियोजना के प्रमुख विवेक नयन पांडेय के द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं उनके संरक्षक आचार्य/ दीदी को विभिन्न प्रतियोगिताओं की जानकारी दी गई। इस दो दिवसीय क्षेत्रीय महोत्सव का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में संस्कृति, एकता, सहयोग और संगठन भावना का विकास करना तथा उन्हें भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपराओं से जोड़ना है।

### नवदुर्गा व छठ महापर्व जैसे मनमोहक झांकियों ने नगरवासियों का मन मोहा लिया

कार्यक्रम की शुरुआत आकर्षक संस्कृति झांकी यात्रा से हुई, जिसमें राम दरबार, शिव बारात, सरहुल पर्व, करमा पूजा, नवदुर्गा, एवं छठ महापर्व की मनमोहक झांकियों ने नगरवासियों का मनमोह लिया। यह झांकी यात्रा सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के परिसर में आई। महोत्सव के प्रथम दिवस में संस्कृति प्रश्न मंच, सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं, प्रदर्शनी एवं लोककला प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धार्मिक संस्कृति व्यंजन, झारखंड-बिहार के ऐतिहासिक स्थल, पर्व-त्योहार, मंदिर एवं पर्यटन स्थलों पर आधारित प्रदर्शनियों ने सबका ध्यान आकर्षित किया। आयोजन समिति के अनुसार, दूसरे दिवस में भी विविध आकर्षक प्रतियोगिताएं और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उत्तर पूर्व क्षेत्र के अनेक विद्यालयों के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चंदवा, लातेहार**
Office e-mail id- itichandwa@gmail.com, Website- https://iti.jharkhand.gov.in

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चंदवा, लातेहार में शैक्षणिक सत्र–2025–26–27 में नामांकन संबंधित सूचना–**

1. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानो में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में विभिन्न व्यवसायों में नामांकन हेतु 8वीं एवं 10वीं कक्षा में प्राप्तांक के आधार पर आयोजित की जाने वाली ऑनलाईन SPOT ROUND काउन्सिलिंग से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना
2. डी0जी0टी0 के पत्रांक–DGT-MIS011/1/2025-O/0 DIR(TC)[71015] Dated:- 09.10.2025 के आलोक में निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण , झारखण्ड राँची के अन्तर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंदवा, लातेहार में शैक्षणिक सत्र 2025–26–27 में विभिन्न व्यवसायों में नामांकन के लिए SPOT ROUND काउन्सिलिंग हेतु काउन्सिलिंग एवं नामांकन का कार्यक्रम निम्नवत् है :–

Time Schedule for SPOT Round of online Counselling & Admission

| Sl. No. | Activity | Dated |
|---|---|---|
| 01 | SPOT Round online Admission (Seat Allotment and Admission) | Till Date & Time 17.10.2025, 05:00PM |

3. दिनांक–17.10.2025 तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में SPOT ROUND online Admission लिया जाएगा। SPOT ROUND online Admission के दौरान संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों पर First Come First serve basis पर व्यवसाय /सीट का आवंटन कर नामांकन लिया जाएगा।
4.

| COURSES OFFERED | DURATION | SEATS AVAILABLE TOTAL | UR | EWS Seat | ST Seat | SC Seat | PH Seat | SMQ Seat | QUALIFICATION REQUIRED |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Electrician | 2 Years | 40 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 10th Pass |
| Fitter | 2 Years | 40 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 10th Pass |
| Welder | 1 Year | 40 | 10 | 1 | 4 | 6 | 2 | 1 | 8th Pass / 10th Pass |
| Mechanic Diesel | 1 Year | 48 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 10th Pass |

5. किसी प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी हेतु ITI Webportal https://iti.jharkhand.gov.in एवं आवश्यकतानुसार मो0नं0–8210581447 / 7909019428 / 7632937813 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
चंदवा, लातेहार

PR 363962 Labour Employment and Traning(25-26)#D

# न्यूज बॉक्स

## आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष शिविर का आयोजन, 18 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में दिनांक 13 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2025 तक आयुष्मान भारत कार्ड बनाने, केवाईसी अपडेट करने और कार्ड वितरण के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रखंड के सभी योग्य लाभार्थियों को सरकार की इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजना का लाभ मिल सके। इस संबंध में, चैनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री यादव बैठा ने जानकारी देते हुए बताया किउपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार जिले में कुल 8.8 लाख राशन कार्ड धारक हैं, जिनमें से अब तक लगभग 5.2 लाख लाभार्थियों का ही आयुष्मान कार्ड बन पाया है। इस अंतर को कम करने और शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के उद्देश्य से यह विशेष शिविर आयोजित किया गया है।बीडीओ श्री बैठा ने आगे बताया कि प्रखंड के सभी 10 पंचायत भवनों में विशेष शिविर लगाए गए हैं। इन शिविरों में पंचायत स्तर पर कार्यरत वीएलई द्वारा लोगों के नए आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं, पुराने कार्डों का केवाईसी अपडेट किया जा रहा है और तैयार कार्डों को डाउनलोड कर लाभार्थियों के बीच वितरित किया जा रहा है।उन्होंने क्षेत्र के सभी निवासियों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और 18 अक्टूबर 2025 तक अपने नजदीकी पंचायत भवन में जाकर अपना या अपने परिवार के किसी भी सदस्य का आयुष्मान कार्ड बनवाएं या अपडेट कराएं। यह अभियान यह सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है कि कोई भी पात्र व्यक्ति चिकित्सा सुविधाओं से वंचित न रहे।

## 51 वर्षीय व्यक्ति ने खाया कीटनाशक

**गुमला।** कामडारा प्रखंड के कोंडेकरा गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां 51 वर्षीय याकूब टोपनो ने मानसिक संतुलन बिगड़ने के कारण फसल में उपयोग होने वाला कीटनाशक खा लिया। घटना के बाद परिवार वालों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने तत्काल सूझबूझ दिखाते हुए याकूब को गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की टीम ने समय रहते उनका उपचार शुरू कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि मरीज की स्थिति गंभीर थी, लेकिन त्वरित इलाज से उनकी जान बच गई। डॉक्टरों ने परिजनों को सलाह दी है कि मरीज को किसी भी जहरीले या खतरनाक पदार्थ से दूर रखा जाए। उन्होंने कहा कि यदि मरीज को अस्पताल देर से लाया जाता, तो स्थिति भयावह हो सकती थी। फिलहाल याकूब टोपनो की हालत स्थिर बताई जा रही है और वे खतरे से बाहर हैं।

## पोटरो गांव के खिलाड़ियों व युवाओं ने चंदा कर बनाया खेल का मैदान

**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड अंतर्गत बसिया रोड परास नदी के समीप खाली पड़े परती जमीन पर पोटरो गांव के युवाओं और नेशनल खिलाड़ियों ने गांव में चंदा कर व श्रमदान कर खेल का मैदान बनाया है। खिलाड़ियों ने बताया कि राजस्व ग्राम पोटरो में एक भी खेल का मैदान नहीं है। जिसके कारण गांव के बच्चों और युवाओं को फुटबॉल, हॉकी, क्रिकेट,कबड्डी, खोखो, जैसे विभिन्न खेलों सहित खेल कूद के लिए भारी समस्या हो रही थी। खेल मैदान की कमी को देखते हुए खिलाड़ियों और ग्रामीणों ने ग्राम सभा कर बैठक किया। बैठक में जगह का चयन कर सर्वसहमति से खेल मैदान बनाने का निर्णय लिया गया। उसके बाद खिलाड़ियों ने गांव के प्रत्येक घर से खेल मैदान बनाने के लिए चंदा जमा किया और मैदान बनाया। गांव में कबड्डी, खोखो, के दर्जनों नेशनल खिलाड़ी, और एनसीसी का प्रशिक्षण ले चुके युवक युवतियां हैं जो आज गांव में ही रह कर मजदूरी कर रहे हैं। गांव में खेल का मैदान नहीं रहने के कारण स्कूल से आने के बाद बच्चे घर में ही रहते थे। नित्य अभ्यास नहीं कर पाते थे जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास नहीं हो पा रहा था। इन सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए खिलाड़ियों और युवाओं ने ग्राम सभा का बैठक किया। जहां ग्रामीणों ने खेल मैदान बनाने के लिए बढ़-चढ़कर सहयोग किया है। खेल मैदान बन जाने से खिलाड़ियों व युवाओं में एक नयी आस जगी है कि वे प्रतिदिन अभ्यास कर पाएंगे और अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे। मैदान के पूर्वी दिशा में मुक्ति धाम और पश्चिमी दिशा में छठ घाट है। खिलाड़ियों ने प्रशासन से चापाकल खुदवाने की मांग की है।

## ब्लड डोनेशन कैंप में कांग्रेसियों सहित अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में ब्लड सेंटर सदर अस्पताल गुमला के तत्वाधान में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ अरुण कुमार सिंह,प्रमुख पारसनाथ उरांव एवं चिकित्सा प्रभारी डॉ जाहिद अख्तर ने संयुक्त रूप से किया।रक्तदान शिविर में कांग्रेस प्रखंड कमिटी के पदाधिकारियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रखंड अध्यक्ष आशीषनाथ शाहदेव,युवा अध्यक्ष जुगल उरांव, मजीद अंसारी,मीर आरिफ,सिकंदर अंसारी सहित 12 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ब्लड डोनेशन किया। इसके अलावा मुखिया पति कपिल गोप,जेएमएम कार्यकर्ता श्याम उरांव,जेएलकेएम के प्रखंड अध्यक्ष बप्पी उरांव सहित स्वयंसेवकों ने भी ब्लड डोनेशन किया। कुल 18 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने ब्लड डोनेशन करने वाले को सम्मानित किया एवं उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं ने ब्लड डोनेशन कर सराहनीय कार्य किया है। इनसे प्रेरित होकर लोग ब्लड डोनेशन के लिए आगे आयेंगे। रक्तदान से बड़ा दान कुछ भी नहीं है। आपके द्वारा दिए गए रक्त से किसी मरीज की जान बचाई जा सकती है। मौके पर मुख्तार आलम, प्रेम प्रसाद, कपिल गोप, विक्रम सिंह, अजित सिंह, ब्लड बैंक गुमला एवं सीएचसी के कर्मी उपस्थित थे।

## बंधु साहू की अध्यक्षता में झारखंड राज्य पेंशनर समाज की हुई बैठक

**सिसई (गुमला)।** सिसई में सोमवार को झारखंड राज्य पेंशनर समाज की बैठक बंधु साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सिसई कॉलेज रोड निवासी सेवानिवृत शिक्षक शिवरतन साहु के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की गई। बताते चलें कि शनिवार को ग्राम बरगांव करंज टोली में घर के बारी में गिर जाने के कारण उनके पेट में अंदरूनी चोट लगी थी। जिसके बाद परिजन रांची ले जाकर उनका ईलाज करा रहे थे। जहां रविवार रात को उनका निधन हो गया। शिवरतन साहु एक कर्मठ,मिलनसार,ईमानदार एवं संघ के प्रति समर्पित पेंशनर थे। सभी पेंशनरो ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा ईश्वर से उनके आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई। साथ ही कुछ दिनों पूर्व में ही पेंशनर कृष्णा साहु बरगांव, मैनेजर साहू कुदरा मोड़ तथा घसिया साहु पंडरानी का भी निधन हुआ है उन्हें भी पेंशनरो की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व प्रधानाध्यापक पीताम्बर झा, नीलिमा देवी, छेदी साहु, रहमान अंसारी, रविंद्र नाथ अधिकारी, काशी नाथ साहु, महावीर साहु, कान्हु उरांव, चेतमैन लोहरा इत्यादि पेंशनर उपस्थित थे।

## अमतीपानी गांव में जलमीनार का निर्माण, 21 परिवारों को मिली स्वच्छ पेयजल की सुविधा

**बिशुनपुर (गुमला)।** चिरोडीह पंचायत के अमतीपानी गांव में लंबे समय से पेयजल और दैनिक उपयोग के पानी की गंभीर समस्या झेल रहे विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के 21 परिवारों के लिए बड़ी राहत आई है। हिंडाल्को माइंस की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के तहत गांव में जलमीनार निर्माण परियोजना का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत गांव से लगभग 561 मीटर दूर स्थित जलस्रोत पर कुआँ बनाया गया और सौर ऊर्जा चालित 2HP पम्प के माध्यम से पानी को ओवरहेड टैंक (जलमीनार) तक पहुँचाया गया। अब सभी 21 परिवारों को नियमित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध है। जलमीनार का उद्घाटन भारतीय खान ब्यूरो के क्षेत्रीय खान जियोलॉजिस्ट फिलिप्स हापडखाडा ने किया। उन्होंने बताया कि यह पहल ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामवासियों ने कंपनी प्रबंधन को धन्यवाद दिया और इसे जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला कदम बताया। इस अवसर पर हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सहायक प्रबंधक जीवन मोहंती, अमित प्रधान, गौरी शंकर, गंगोली, पदाधिकारी दीपक सिंह, निशार दास, आसिफ अंसारी सहित स्थानीय शिक्षक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### वन अधिकार अधिनियम पर उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की सख्ती

# 15 नवंबर तक 35 सीएफआर मामलों के निष्पादन का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में वन अधिकार अधिनियम से संबंधित एक विशेष समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक एवं व्यक्तिगत वन अधिकार से जुड़े लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा और उनके त्वरित निष्पादन को सुनिश्चित करना था। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कल्याण विभाग अंतर्गत लंबित 63 सामुदायिक वन अधिकार (सीएफआर) मामलों की समीक्षा की, जिनमें से 30 प्रमुख मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि 15 नवंबर, 2025 से पूर्व कम से कम 35 सीएफआर मामलों का निष्पादन हर हाल में पूरा किया जाए। इसके साथ ही से संबंधित कम से कम 5 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान कर प्रमाणपत्र जारी करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी ने बताया कि कई लंबित मामलों में आवश्यक दस्तावेजों की अपूर्णता के कारण प्रक्रिया में विलंब हो रहा है।

इस पर उपायुक्त ने कड़ी नाराज़गी जताते हुए जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी अपूर्ण दस्तावेजों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए और निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी स्वीकृतियां और प्रमाणपत्र निर्गत किए जाएं। उपायुक्त ने यह भी कहा कि विभागों के बीच मजबूत समन्वय बनाकर कार्यों की नियमित समीक्षा की जाए तथा प्रत्येक स्तर पर डॉक्यूमेंटेशन की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, कल्याण विभाग के प्रखंड स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

### जनशिकायत निवारण दिवस में दिखा प्रशासनिक सक्रियता

# 29 में से 25 आवेदनों का हुआ त्वरित निष्पादन



**नवीन मेल संवाददाता**

**पालकोट।** प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, पालकोट में आज जनशिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) विजय उरांव ने की। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार को नियमित रूप से जनशिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया जाता है, ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। जनशिकायत दिवस में ग्रामीणों की भारी उपस्थिति रही। बीडीओ विजय उरांव ने सभी आवेदनों की गंभीरता से समीक्षा की और अधिकतर मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। प्राप्त 29 आवेदनों में से 25 का तत्काल निष्पादन किया गया, जबकि 4 आवेदन प्रक्रिया में हैं। ग्रामीणों ने बीडीओ विजय उरांव की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जबसे वे प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित हुए हैं, तबसे हमारी समस्याओं का समाधान आसान हो गया है। अब हमें उच्च अधिकारियों तक जाने की जरूरत नहीं पड़ती।

**प्राप्त शिकायतों का विवरण**

पेंशन - 07, राशन कार्ड संबंधी - 02, आय प्रमाण पत्र - 03, आवासीय प्रमाण पत्र - 02, जाति प्रमाण पत्र - 03, जन्म प्रमाण पत्र - 00, मनरेगा - 00, प्रधानमंत्री आवास - 00, मईया समान योजना - 08, भू-लगान - 04, भूमि सुधार - 00, पीएम किसान - 00

### डीजीपी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय ऑनलाइन बैठक, चैंबर ने कहा

# टोटो में निर्मित थाने को शीघ्र चालू किया जाए

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रांची स्थित डीजीपी कार्यालय में सोमवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता की अध्यक्षता में एक वृहद ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबरर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, फेडरेशन के पदाधिकारी, राज्य के सभी जिलों के एसएसपी/एसपी, तथा सभी जिलों के चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एवं सचिव शामिल हुए। बैठक में प्रदेश की सुरक्षा, कानून व्यवस्था और व्यापारिक गतिविधियों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। सुरक्षा संबंधी कई बिंदुओं पर सहमति बनाते हुए ठोस समाधानात्मक कदमों पर विचार किया गया। गुमला जिला की ओर से इस बैठक में गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह और सचिव बबलू वर्मा ने प्रतिनिधित्व किया। अध्यक्ष ने जिले से संबंधित कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। गुमला के टोटो में निर्मित थाने को शीघ्र चालू किया जाए। गुमला में ट्रैफिक थाना की स्थापना की जाए, ताकि नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। मुरकुंडा (पूर्वी क्षेत्र) में एक नया थाना स्थापित किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो। साइबर ठगी की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं तथा जिन लोगों के साथ ठगी हो चुकी है, उनके राशि की रिकवरी सुनिश्चित की जाए।

बैठक के दौरान डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सभी जिलों के पदाधिकारियों से स्थानीय स्तर पर पुलिस-व्यापारिक समुदाय के बीच बेहतर समन्वय बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं जनहितकारी बनाने के लिए पुलिस और समाज के बीच साझेदारी आवश्यक है।

गुमला चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा की व्यापारियों की सुरक्षा और जनता के विश्वास के लिए पुलिस-प्रशासन और चेंबर के बीच निरंतर संवाद आवश्यक है। गुमला के विकास के लिए प्रशासनिक सहयोग महत्वपूर्ण है।

# डीडीसी व नगर परिषद ने शहरी क्षेत्र में किया साफ-सफाई का औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** सोमवार को पूर्वाह्न में प्रशासक, नगर परिषद, गुमला एवं उप विकास आयुक्त, गुमला के द्वारा संयुक्त रूप से शहरी क्षेत्र में स्वच्छता से संबंधित औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सभी प्रमुख पथ, तालाब और जी.भी.पी. क्षेत्र का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान कई स्थलों पर गंदगी पाई गई। जिसके तत्काल सफाई हेतु संबंधित सफाई जमादार एवं सैनिटरी सुपरवाइजर को निर्देशित किया गया। जिसके अनुपालन में उक्त सफाई जमादार के द्वारा तत्काल कार्य करते हुए संबंधित स्थलों की समुचित सफाई कराई गई।

दोनों पदाधिकारियों के द्वारा आगामी छठ पूजा के निमित्त विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया जिसके अंतर्गत उप विकास आयुक्त, गुमला के द्वारा प्रशासक नगर परिषद, गुमला को छठ पूजा से पहले ही सभी तालाबों की समुचित साफ सफाई करवाने हेतु निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में पदाधिकारियों द्वारा टंगरा मार्केट स्थित वेंडिंग जोन का निरीक्षण किया गया एवं सभी सब्जी विक्रेताओं को यत्र तत्र सब्जी की दुकान ना लगाते हुए टंगरा मार्केट स्थित वेंडिंग जोन में ही दुकान लगाने हेतु सख्त निर्देश दिया गया। ऐसा नहीं करने की स्थिति में आपसे जुर्माना वसूला जाएगा एवं आपकी सब्जी को जब्त कर लिया जाएगा। आगामी पर्व दीपावली, छठ पूजा, गुरु नानक जयंती आदि के मद्देनजर उप विकास आयुक्त एवं प्रशासक के द्वारा विभिन्न दुकानदारों एवं सब्जी विक्रेताओं को शहर को स्वच्छ रखने एवं गंदगी नहीं फैलाने हेतु विशेष निर्देश दिए गए। उक्त का अनुपालन नहीं करने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने संबंधी बात कही गई।

# सड़क दुर्घटना में मकुंदा का एक युवक घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** सिसई थाना क्षेत्र के मुकुंदा गांव निवासी किशोर उरांव पिता सुबोध उरांव का बैजनाथ जालान कॉलेज सिसई के पास एक्सीडेंट हो गया। वह अपने गांव से सिसई की ओर मोटरसाइकिल से आ रहा था। उसी समय असंतुलित होकर उसकी मोटरसाइकिल सड़क के किनारे बैरियर से जा टकराई। जिससे वह गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने सिसई थाना को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही सिसई थाना के पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पहुंचे और घायल युवक को उठाकर रेफरल अस्पताल सिसई लेकर आए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर ईलाज के लिए 108 एंबुलेंस से सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया है।

# कुम्हरों गांव निवासी सुशीला देवी की सशक्त यात्रा, हड़िया से उम्मीद तक

**नवीन मेल संवाददाता**



**सामाजिक प्रभाव और प्रेरणा**

आज सुशीला देवी गांव की अन्य महिलाओं के लिए एक मिसाल बन गई हैं। उन्होंने साबित किया है कि मेहनत और सही दिशा से जीवन में बड़ा बदलाव संभव है। उनकी पहल से गाँव की अन्य महिलाएँ भी सम्मानजनक काम करने के लिए प्रेरित हो रही हैं।

**भरनो (गुमला)।** गुमला जिले के भरनो प्रखंड अंतर्गत कुम्हरो गांव की निवासी सुशीला देवी की जीवन कभी बहुत कठिनाइयों से भरा था। गरीबी और रोजगार के अभाव के कारण, शादी के बाद उन्हें मजबूरी में हड़िया- दारू (स्थानीय शराब) बनाने का काम करना पड़ता था। यह उनका शौक नहीं था, बल्कि परिवार के पालन-पोषण के लिए उसकी मजबूरी थी।

सुशीला देवी के जीवन में बदलाव तब आया जब वह जेएसएसपीएस की महिला समूह से जुड़ी, इससे जुड़ने के बाद वह काफी मेहनत करने लगी, तभी "फूलो झानो आशीर्वाद अभियान (पीजेएए)" की शुरुआत हुई। यह सरकारी योजना उन महिलाओं की मदद करती है जो शराब बनाकर जीविका चलाती थीं, ताकि वे सम्मानजनक और वैकल्पिक आजीविका अपना सकें। इस अभियान के तहत, क्लस्टर लेवल फेडरेशन की सदस्य सपना दीदी कुम्हरो गांव पहुंचीं। शुरुआत में गांव की महिलाएं उनकी बातों को गंभीरता से नहीं ले रही थीं, लेकिन सुशीला देवी ने इसे ध्यान से सुना और बदलाव का निर्णय लिया।

उन्हें पीजेएए के अंतर्गत 30,000 की सहायता राशि दी गई। सुशीला देवी को बचपन से सिलाई का शौक था। उन्होंने इस पैसे का उपयोग सिलाई के कार्यों में किया, और स्थानीय दर्जी की दुकान पर जाकर पेशेवर रूप से सिलाई सीखी। अपनी खुद की सिलाई मशीन खरीदी और स्वतंत्र रूप से काम शुरू किया। धीरे-धीरे उन्होंने आत्मविश्वास प्राप्त किया और अब गांव की 4-5 लड़कियों को सिलाई सिखाती हैं। आज उनकी रोज़ की आमदनी 250–300 तक होती है, यानी महीने में लगभग 9,000–10,000 की कमाई। त्योहारों के समय यह आय और भी बढ़ जाती है। वह ब्लाउज, लहंगा और अन्य कपड़ों की सिलाई में माहिर हैं।

आगे चलकर शुशीला देवी एक छोटा होटल शुरू करने का सपना देख रही हैं, जहां सिलाई का काम भी साथ में होगा। साथ ही, वह ब्यूटीशियन का कोर्स करने की भी योजना बना रही हैं ताकि अपनी आय के साधन को और बढ़ा सकें। जो कभी हड़िया बेचती थी वह आज आर्थिक रूप से मजबूत बन कर समाज में दूसरों के लिए प्रेरणादाई बन गई, खुद सशक्त स्वाबलंबी और आर्थिक रूप से मजबूत होकर एक मिशाल बन गई है। शुशीला देवी की कहानी यह साबित करती है कि यदि सही सरकारी योजना, आत्मविश्वास और समुदाय का सहयोग मिले, तो कोई भी महिला अपने जीवन में बदलाव ला सकती है। हड़िया बेचने से लेकर एक सफल दर्जी और प्रशिक्षक बनने तक की उनकी यात्रा "फूलो झानो आशीर्वाद अभियान" की सफलता की सशक्त मिसाल है।


**Directorate of Tourism, Government of Jharkhand**
MDI Building, 2nd floor, HEC Campus, Dhurwa, Ranchi-04Tele Fax : 0651-2331828
Email: dirjhakhandtourism@gmail.com/ jtdcltd@gmail.com

Ref. No.:- 1012/2025 Date : 13/10/2025

**TENDER NOTICE**

**Selection of Agency for Set Up , Operation & Management of prefabricated Cottages facilities and fair at Netarhat Mahotsav, Latehar, Jharkhand**

The Jharkhand Tourism Development Corporation Limited (JTDCL), Government of Jharkhand (GoJ) undertaking intends to publish RFP for **Selection of Agency for Set Up , Operation & Management of prefabricated Cottages facilities and fair at Netarhat Mahotsav, Latehar, Jharkhand.**

The detailed RFP document can be downloaded from the website **https://jtdcl.jharkhand.gov.in** and submit their Applications. The applications Submission Due date is on or before **04/11/2025 at 17:00 hours** and the date of opening of the tender on **06/11/2025 at 11.30 hours**.

All subsequent notifications, changes and amendments will be posted only on the above website.

Sd/-
Deputy Director

PR 364047 (Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs) 25-26 (D)



**Govt of Jharkhand**
**Department of Mines and Geology District- Palamau**
**(Through E-Procurement mode over https://www.jharkhandtenders.gov.in)**

**Notice Inviting E-Auction for Allocation of Sand ghats**

**The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025** में उल्लेखित प्रावधानों के तहत **Category-2** के बालूघाट/ बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी निम्न कार्यक्रमानुसार करायी जाएगी :–

1. तृतीय ई–नीलामी कार्यक्रम :–

| NIT.No- MINES/ PALAMAU/ SAND/ | बालूघाट या बालूघाटों के समूह जिसे एक इकाई बालूघाट मानते हुए नीलामी किया जाना है, की विवरणी। | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/–रू0+ GST in RCM Mode) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | ई–नीलामी से पूर्व प्री–बीड बैठक एवं प्रशिक्षण का समय एवं स्थान | अग्रधन राशि जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की प्रारम्भिक एवं अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जिला स्तरीय समिति द्वारा जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने तथा प्रारम्भिक वित्तीय प्रस्ताव के मूल्यांकन की तिथि | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 20/2025 | KANKE KHURD | 14.10.2025 समय–2:00 बजे अपराह्न से। | समाहरणालय ब्लॉक–ए, सभा कक्ष तिथि–14.10.2025 समय–3:00 बजे अपराह्न में। | 15.10.2025, 10:00 AM एवं 29.10.2025, 4:00 PM | 01.11.2025, 10:00AM | 03.11.2025 को 10:00 बजे पूर्वाह्न से 6:00 बजे अपराह्न तक। |
| 21/2025 | BARWAIYA | | | | | |
| 22/2025 | KABRA KALAN | | | | | |
| 23/2025 | GURTURI, KUMHRADIH | | | | | |
| 24/2025 | JAITUKHAND | | | | | |
| 25/2025 | LALGARA | | | | | |
| 26/2025 | MISIR PATRA | | | | | |
| 27/2025 | BIRITIYA, DANDAR KUMHRADIH | | | | | |
| 28/2025 | PARTA | | | | | |
| 29/2025 | DANGWAR | | | | | |
| 30/2025 | KOLHUA SONBARSA | | | | | |
| 31/2025 | GORHO | | | | | |
| 32/2025 | BARWADIH,UKSU | | | | | |
| 33/2025 | MALLHATOLI, JINJIRA, TOLRA | | | | | |
| 34/2025 | MERAL | | | | | |
| 35/2025 | DELHA, BARKOMA, VISHUNPUR | | | | | |
| 36/2025 | GANGI, LIDKI, KAKTUA | | | | | |
| 37/2025 | RAMPUR, BOKEYA KHURD, BOKEYA KALAN | | | | | |
| 38/2025 | SINGRAHA KALAN, SINGRA KHURD | | | | | |

2. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट पर उपलब्ध है।
3. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी प्रक्रिया, ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.jharkhandtenders.gov.in से करायी जाएगी।
4. ई–नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म/HUFको ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://www. Jharkhandtenders.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
5. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा– नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि इत्यादि) विस्तृत रूप से जिला के वेबसाईट एवं ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर उपलब्ध है।
6. एतद् संबंधी समस्त सूचना हेतु ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क एवं जिला खनन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क किया जा सकता है।
7. बालूघाट का तात्पर्य है कि The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 के नियम–3 के तहत जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (बालू) में चिन्हित Category-2 Sand ghat/Sand Bearing Land/River Stream होगा।
8. निविदादाता द्वारा ई–पोरक्योमेंट/ई–नीलामी पोर्टल से निविदा दस्तावेज के साथ BoQ Templet (For Intital Price Offer) प्राप्त किया जाएगा। BoQ (.xls) प्रारूप में अपलोड किया जाएगा।
9. एतद संबंधी समस्त सूचना https://www.jharkhandtenders.gov.in एवं जिले के website पर उपलब्ध है।

ह०/– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, पलामू
ह०/–जिला कोषागार पदाधिकारी, पलामू
ह०/–जिला खनन पदाधिकारी, पलामू
ह०/– अपर समाहर्ता, राजस्व, पलामू
ह०/– उप निदेशक, खान, पलामू अंचल, मेदिनीनगर
ह०/– उपायुक्त, पलामू

PR 364024 (District)25-26*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मेरे मन का राज्य अज्ञान से मलिन है। प्रभु! मुझे आशीर्वाद दें कि आत्मानुशासन के सतत प्रयासों की निरन्तर वर्षा द्वारा मैं अपनी आध्यात्मिक लापरवाही के नगरों से, अज्ञान के प्राचीन मलबे को हटाने में समर्थ बन सकूँ। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# जहरीले कफ सिरप से सीख

छिंदवाड़ा, बैतुल और पंधुरना- ये तीनो मध्य प्रदेश के ग्रामीण जिले हैं, जहां ज्यादातर आदिवासी आबादी रहती है। इन तीनों जिलों में लगभग दो दर्जन बच्चों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकतर पांच वर्ष से कम उम्र के थे, जिन्होंने डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) से संदूषित कफ सिरप पिया था। डीईजी का सेवन विशेष रूप से बच्चों में किडनी फेल होने और मृत्यु का कारण बनता है। दवा के रूप में यह जहर मध्य प्रदेश के कई जिलों और राजस्थान में फैल गया, जिससे और भी जानें गईं। इस मामले में अब तक तीन दूषित कफ सिरप की पहचान की गई है: कोल्ड्रिफ, रेस्पिफ्रेश टीआर और रीलाइफ। तमिलनाडु स्थित श्रीसन फार्मास्युटिकल्स, कोल्ड्रिफ का निर्माण करती थी। रेडनेक्स फार्मास्युटिकल्स और शेप फार्मा की भी दूषित सिरप बनाने वाली कंपनियां है। श्रीसन के मालिक को गिरफ्तार कर उसका विनिर्माण लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। पिछले कुछ वर्षों में भारत में बने डीईजी-दूषित सिरप के कारण दुनिया भर में कम से कम 150 बच्चों की मौत हो चुकी है। यह त्रासदी एक भयावह श्रृंखला में शामिल हो गई है: 2022 में गांबिया, उसी वर्ष उज्बेकिस्तान, 2020 में जम्मू और कश्मीर, 1998 में गुड़गांव, 1986 में मुंबई। हर बार, यही क्रम दोहराया जाता है—दूषित सिरप, मृत बच्चे, जन आक्रोश, और फिर सन्नाटा। गिरफ्तारियां तो होती हैं, लेकिन भारत में दवाओं को दूषित करने के आरोप में किसी को जेल नहीं भेजा गया है।तमिलनाडु औषधि नियंत्रण विभाग के निरीक्षण में पाया गया कि श्रीसन फार्मास्युटिकल्स ने 364 विनिर्माण नियमों का उल्लंघन किया है, जिनमें से 39 'बहुत गंभीर' और 325 'गंभीर' श्रेणी के हैं। खबरों के मुताबिक, रिपोर्ट में अयोग्य कर्मचारियों, घटिया पानी और उपकरणों, कीट नियंत्रण की कमी, उत्पादन निगरानी प्रक्रियाओं की कमी, और गुणवत्ता आश्वासन या डाटा संग्रह के अभाव का हवाला दिया गया है। सिरप में इस्तेमाल किया गया डीईजी कथित तौर पर बिना बिल के खरीदा गया था, जिससे अवैध स्रोत का संकेत मिलता है। पुलिस ने उस डॉक्टर को भी गिरफ्तार कर लिया है, जिसने यह सिरप लिखा था, हालांकि चिकित्सा समूहों का तर्क है कि असली जिम्मेदारी नियामकों की है, न कि चिकित्सकों की। लेकिन सिर्फ गिरफ्तारी से व्यवस्था ठीक नहीं होगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत की नियामक खामियों पर गहरी चिंता व्यक्त की है और चेतावनी दी है कि ऐसी दवाएं अनियमित माध्यमों से दूसरे देशों तक पहुंच सकती हैं। भारत का कहना है कि इनमें से किसी भी सिरप का निर्यात नहीं किया गया, लेकिन अतीत को मिटाया नहीं जा सकता। भारत में डीईजी त्रासदियों में मौतों का भूगोल चिंताजनक रूप से एक जैसा है। पीड़ित लगभग हमेशा गरीब, ग्रामीण और बेजुबान होते हैं। ये सिरप सस्ते होने के कारण गरीब लोग खरीदते हैं। निर्माता अक्सर छोटी कंपनियां होती हैं, जिन पर बहुत कम निगरानी होती है, और ये ढीले खरीद मानकों वाले राज्यों में अपना उत्पाद बेचते हैं। आखिर ये सिरप शहरी भारत के संपन्न इलाकों में क्यों नहीं पहुंचते? जाने-माने जन स्वास्थ्य कार्यकर्ता और 'द ट्रुथ पिल: द मिथ ऑफ ड्रग रेगुलेशन इन इंडिया' के सह-लेखक दिनेश ठाकुर कहते हैं: 'संपन्न लोग शायद इन उत्पादों को उन दुकानों से खरीदते हैं, जहां छोटी और मध्यम दवा कंपनियों द्वारा बनाए गए कफ सिरप नहीं होते। बड़े शहरों की दवा दुकानों में बड़ी दवा कंपनियों द्वारा बनाए गए कफ सिरप मिलते हैं, जो एक हद तक औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 की अनुसूची एम का पालन करती हैं।'

**डीईजी का सेवन विशेष रूप से बच्चों में किडनी फेल होने और मृत्यु का कारण बनता है। दवा के रूप में यह जहर मध्य प्रदेश के कई जिलों और राजस्थान में फैल गया, जिससे और भी जानें गईं।**

### 14 अक्टूबर : विश्व मानक दिवस

# मानकों का महत्व : डिजिटल युग से लेकर पर्यावरण संरक्षण तक



विश्व मानक दिवस, जो हर साल 14 अक्टूबर को मनाया जाता है, हमारे जीवन में व्यवस्था, सुरक्षा और विश्वास की नींव को रेखांकित करता है। यह महज़ एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि उन अदृश्य मानकों का सम्मान है जो आधुनिक समाज को एकजुट और समृद्ध बनाते हैं। मानक वे मज़बूत धागे हैं जो उद्योग, व्यापार, उपभोक्ता और पर्यावरण को एक सामंजस्यपूर्ण ढांचे में पिरोते हैं। ये तकनीकी दिशानिर्देशों से कहीं बढ़कर हैं; ये विश्वास, समानता और स्थिरता का आधार हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि मानकों के अभाव में हमारा जीवन अव्यवस्था और असुरक्षा के भंवर में खो सकता है। चाहे बात रोज़मर्रा के उपकरणों की हो, स्वास्थ्य सेवाओं की, या पर्यावरण संरक्षण की, मानक हर कदम पर हमारा साथ देते हैं, हमें एक सुरक्षित, सुगम और टिकाऊ भविष्य की ओर ले जाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानक दिवस, जो प्रत्येक वर्ष 14 अक्टूबर को मनाया जाता है, की शुरुआत 1970 में अंतर्राष्ट्रीय मानक संगठन (आईएसओ) द्वारा मानकों के वैश्विक महत्व को रेखांकित करने के लिए की गई थी। 1947 में स्थापित आईएसओ, आज विश्व स्तर पर मानकों के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाता है। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल कमीशन (आईईसी) और अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) जैसे संगठन भी तकनीकी नवाचार, वैश्विक व्यापार, उपभोक्ता सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने वाले मानकों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ये मानक न केवल उद्योगों और समाज के लिए एक साझा मापदंड स्थापित करते हैं, बल्कि एक सुरक्षित, टिकाऊ और समृद्ध विश्व की नींव भी रखते हैं। अंतर्राष्ट्रीय मानक दिवस 2025 की थीम "एक बेहतर विश्व के लिए हमारा साझा दृष्टिकोण" इस बात को रेखांकित करती है कि मानक केवल तकनीकी दिशानिर्देश नहीं, बल्कि एक ऐसी साझा दृष्टि हैं जो हमें नवाचार, समावेशिता और स्थिरता के माध्यम से एक बेहतर भविष्य की ओर ले जाती है। मानकों का प्रभाव हमारे दैनिक जीवन में सर्वव्यापी है, फिर भी हम इसे अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। सुबह जब आप अपने स्मार्टफोन को चार्ज करते हैं, तो वह चार्जर आईएसओ और आईईसी जैसे वैश्विक मानकों के अनुरूप होता है, जो न केवल आपके डिवाइस की सुरक्षा और कार्यक्षमता सुनिश्चित करता है, बल्कि आपको जोखिमों से भी बचाता है। इसी तरह, आपके घर की बिजली व्यवस्था, आपके द्वारा उपभोग किया जाने वाला भोजन, या आपके द्वारा संचालित वाहन—सभी अंतर्राष्ट्रीय मानकों की बदौलत सुरक्षित, विश्वसनीय और कुशल हैं। इन मानकों के अभाव में तकनीकी खराबी से लेकर उपभोक्ताओं की जान को खतरा तक बढ़ सकता है। उदाहरण के लिए, आईएसओ 22000 जैसे खाद्य सुरक्षा मानक यह गारंटी देते हैं कि आपका भोजन न केवल स्वच्छ है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए पूरी तरह सुरक्षित भी है। मानकों का महत्व केवल उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं है, ये वैश्विक व्यापार, अर्थव्यवस्था और सामाजिक कल्याण के लिए आधारशिला हैं। मानक अंतरराष्ट्रीय व्यापार को सरल और विश्वसनीय बनाते हैं, क्योंकि ये विभिन्न देशों के उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता को एकसमान करते हैं। उदाहरणस्वरूप, आईएसओ 9001 गुणवत्ता प्रबंधन मानक विश्व भर में लाखों संगठनों द्वारा अपनाया गया है, जो उनके उत्पादों और सेवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में विश्वसनीय बनाता है। इसी तरह, आईएसओ 14001 पर्यावरण प्रबंधन मानक कंपनियों को पर्यावरणीय प्रभाव कम करने और सतत विकास को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है। ये मानक न केवल पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं और निवेशकों के बीच संगठनों की साख को भी मजबूत करते हैं। मानकों के अभाव में, वैश्विक व्यापार में अविश्वास और अराजकता फैल सकती है, जो आर्थिक प्रगति को ठप कर सकती है। डिजिटल युग में मानकों की प्रासंगिकता और भी गहन हो गई है। साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसे क्षेत्रों में मानक पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए, आईएसओ/आईईसी 27001 सूचना सुरक्षा मानक संगठनों को डेटा उल्लंघनों और साइबर खतरों से बचाता है। आज, जब डेटा हमारी सबसे मूल्यवान संपत्ति है, ये मानक न केवल संगठनों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं का भरोसा भी कायम रखते हैं। इसके अतिरिक्त, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और स्मार्ट सिटी जैसी तकनीकों में मानक उपकरणों और प्रणालियों के बीच तालमेल सुनिश्चित करते हैं। बिना मानकों के, तकनीकी प्रगति अव्यवस्थित और असुरक्षित हो सकती है, जिससे नवाचार की गति मंद पड़ सकती है। मानकों का सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभाव भी गहरा है। आईएसओ 50001 जैसे ऊर्जा दक्षता मानक ऊर्जा खपत और कार्बन उत्सर्जन को कम करके जलवायु परिवर्तन से लड़ने में योगदान देते हैं। उदाहरण के लिए, ऊर्जा-कुशल उपकरण और भवन उपभोक्ताओं के बिजली बिल को कम करते हैं और पर्यावरणीय बोझ को हल्का करते हैं। इसी तरह, आईएसओ 13485 जैसे चिकित्सा उपकरण मानक मरीजों को सुरक्षित और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करते हैं। ये मानक न केवल तकनीकी उत्कृष्टता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि सामाजिक समानता और कल्याण को भी प्रोत्साहित करते हैं। संक्षेप में, मानक न केवल प्रगति के प्रहरी हैं, बल्कि एक सुरक्षित, टिकाऊ और समावेशी भविष्य के निर्माणकर्ता भी हैं। विश्व मानक दिवस हमें मानकों के गतिशील और निरंतर विकसित होने वाले स्वरूप की याद दिलाता है। तकनीकी नवाचार और सामाजिक परिवर्तनों के साथ तालमेल बिठाने के लिए मानकों को समय के साथ अपडेट करना अनिवार्य है। उदाहरण के लिए, जलवायु परिवर्तन और डिजिटल परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों ने नए मानकों के निर्माण को प्रेरित किया है। आईएसओ जैसे संगठन उभरती आवश्यकताओं को संबोधित करने के लिए नवीन मानक विकसित करते हैं, जिसमें तकनीकी विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं, उद्योगपतियों और उपभोक्ताओं का सहयोग शामिल होता है। विश्व मानक दिवस इस सामूहिक प्रयास को प्रोत्साहित करता है और सभी हितधारकों को मानकों के निर्माण व कार्यान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है। विश्व मानक दिवस यह स्पष्ट करता है कि मानक महज तकनीकी दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे समाज की रीढ़ हैं। वे हमें सुरक्षा, विश्वास और प्रगति का आधार प्रदान करते हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि मानकों का पालन करना केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि एक अनमोल अवसर है—जो हमें बेहतर उत्पाद, उन्नत सेवाएँ और एक समृद्ध भविष्य की ओर ले जाता है। मानकों को अपनाकर हम न केवल अपने जीवन को सरल और सुरक्षित बनाते हैं, बल्कि एक ऐसी दुनिया का निर्माण करते हैं जो समावेशी, टिकाऊ और समृद्ध हो। 14 अक्टूबर का यह दिन हमें प्रेरणा देता है कि हम मानकों को न केवल अपनाएँ, बल्कि उनके विकास में योगदान दें और उन्हें अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



प्रो. आरके जैन

# झूमता लोहरदगा बना उड़ता लोहरदगा

झारखंड का एक छोटा सा जिला है लोहरदगा सात प्रखंडों वाला यह जिला पहले जमाने में लोहरदगा एक अत्यंत ही शांतिप्रिय और नशा से कोसों दूर जिला के नाम से जाना जाता था। लोग निर्भीक होकर आराम से अपनी जिंदगी बसर करते थें। चोरी, हत्या, बलात्कार, दुर्घटना के आंकड़े बहुत ही कम होते थें लोग चैन से आपस में प्रेम पूर्वक रहते थें परंतु इधर कुछ दशक में लोहरदगा जिला अशांत है जिसमें से एक प्रमुख कारण है लोहरदगा का नशे के गिरफ्त में आना । जिले के आंकड़ों पर ध्यान दें तो लोहरदगा जिले में नशेड़ियों की संख्या तीव्र गति से बढ़ी है जिसके मूल में लोहरदगा जिले में नशे का व्यापार का तीव्र गति से फलना-फूलना प्रमुख कारण है। जिले का एक बहुत बड़ा युवावर्ग का हिस्सा किसी न किसी नशे के दलदल में फंसता जा रहा है। लोहरदगा के प्रायः सभी सातों प्रखंड आज नशा के गिरफ्त से अछूता नहीं है । शहरी क्षेत्र के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों में भी युवावर्ग आज नशे के चंगुल में फंसते जा रहे हैं। सार्वजनिक स्थानों, सुनसान जगहों, पुराने अर्धनिर्मित भवनों सरकारी खंडर बने भवनों, बगीचों, पार्कों और यहां तक कि शैक्षणिक स्थानों पर भी शाम होते ही नशेड़ियों के जमघट लग जाते हैं। ब्राउन शुगर, चरस, अफीम, गांजा, हीरोइन, डेंड्राइट आदि सभी प्रकार का नशा आज लोहरदगा में निर्बाध रूप से इस्तेमाल किए जा रहे हैं जिसमें युवावर्ग के अलावे बूढ़े , बच्चें और छात्र वर्ग भी बिना किसी डर - भय के नशा में तल्लीन हैं। जिसको देखकर एक पुरानी फिल्म का गाना 'दम मारो दम' की याद अन्यास आ जाती है। नशा ही सभी अपराध का जड़ होता है नशे के कारण ही हत्या, चोरी, बलात्कार आदि अपराध होते हैं। नशा सभी प्रकार से नाश करने वाला होता है जिससे परिवार के परिवार उजड़ जाते हैं। इसके साथ ही नशा करने वाले व्यक्ति समाज में अपना प्रतिष्ठा खो जाते हैं और लोग उन्हें तिरस्कृत भाव से देखते हैं। आज का युवावर्ग देश का भविष्य है उन्हीं के हाथों पर देश की बागडोर है जिसे देश को आगे ले जाना है इसलिए देश को झूमता और उड़ता युवा नहीं चाहिए बल्कि ऐसे युवा की जरूरत है जो अपने योग्यता और शक्ति के बल पर देश को तरक्की के बुलंदी पर ले जाए और अपने देश , समाज और परिवार उसके इस उड़ान पर गौरवान्वित महसूस करे।

''उठो , जागो ! नशे को त्यागो !!
देश आज तुम्हें देख रहा है..
तरक्की की राह चल पड़ो ..
अपना भविष्य संवारों !!!''

आपकी बात



हिमांशु कुमार

# एआई की लहर में खत्म होती नौकरियां तकनीक वरदान या विनाश?

अमेरिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की तेज रफ्तार ने टेक उद्योग की तस्वीर ही बदल कर रख दी है। बड़ी आईटी कंपनियाँ अब ऐसे दौर में पहुँच चुकी हैं, जहाँ मशीनें इंसानों से कहीं ज़्यादा तेज़, सटीक और सस्ती साबित हो रही हैं। जो प्रोजेक्ट पहले किसी इंजीनियर को दो साल पूरे करने में लगते थे, अब एआई से उन्हें महज़ 20-30 दिनों में पूरा हो रहे हैं। कंपनियों के लिए यह तकनीकी एक क्रांति की तरह है। यह एक वरदान भी है, जो सोचते हैं उसे कुछ ही समय में पूरा कर लेते हैं। उत्पादकता बढ़ी है, लागत घट गई है। मानव संसाधन जिसमें इंजीनियरों और कर्मचारियों की एक बड़ी फौज काम करती थी, उनके लिए यह बदलाव किसी डरावने सपने के साकार होने की तरह है। अमेरिका में इसका असर दिखना शुरू हो गया है। अमेरिका की दिग्गज कंपनियाँ मानव संसाधन का "री-स्ट्रक्चरिंग" कर "एआई एडॉप्शन" के नाम पर कर्मचारियों से इस्तीफा लेकर उन्हें नौकरी से हटा रही हैं। जिनकी सेवा अवधि 10 साल से कम है। उन्हें तीन महीने का वेतन देकर बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। वहीं, पुराने कर्मचारियों को 18 महीने का वेतन देकर बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। यह एक तरह की गुपचुप छंटनी है। जिसमें कंपनियाँ 'टर्मिनेशन' शब्द से बचते हुए बदलाव का नाम देकर हजारों नौकरियाँ को खत्म कर रही हैं। इससे अमेरिका जैसे देश में जहां एच-1वीजा लेकर जो लाखों लोग काम कर रहे हैं, उनके सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। अमेरिका के वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह से वीजा पर शुल्क लगा रहे हैं, बार-बार नियम बदल रहे हैं, उसे अमेरिका में रह रहे प्रवासी भारतीयों के लिए एक तरफ कुआं और दूसरी तरफ खाई बताया जा रहा है। यह लहर अब भारत पहुँच चुकी है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज़ (टीसीएस) इन्फोसिस, विप्रो और एक्सेंचर जैसी कंपनियाँ भी "एआई स्किलिंग" के नाम पर कर्मचारियों की छंटनी दबे-छुपे तरीके से कर रही हैं। टीसीएस में इंजीनियरों को एआई और मशीन लर्निंग की ट्रेनिंग दी जा रही है, जो इस नए दौर की परीक्षा में पास नहीं होते हैं, उन्हें कंपनी से बाहर निकालने की तैयारी तरह-तरह से की जा रही है। जो कर्मचारी वर्तमान तकनीकी पर अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रहे हैं, उन्हें सुनयोजित तरीके से कंपनी से बाहर निकालने के लिए तरह-तरह के प्रयास शुरू हो गए हैं। भारत में भी जल्द ही बड़े पैमाने पर इसका असर दिखना शुरू हो जाएगा। सरकार और दूसरे संगठनों द्वारा लगातार एआई को प्रमोट किया जा रहा है। जैसे-जैसे एआई में काम बढ़ता जाएगा, मानव संसाधन कम होता चला जाएगा। इसका अगला कदम इस्तीफा और छटनी के रूप में भारत में भी शुरू हो चुका है। कर्मचारियों के लिए यह स्थिति बेहद चुनौतीपूर्ण है। सोशल मीडिया पर ऐसे कई उदाहरण सामने आ चुके हैं। जहाँ बिना किसी स्पष्ट कारण के इंजीनियरों एवं अन्य कर्मचारियों को अचानक नौकरी से निकाल दिया गया है। यह एक व्यक्ति या एक परिवार के लिए संकट नहीं है, बल्कि एक व्यापक सामाजिक और आर्थिक चुनौती बनकर सामने आ गया है। बेंगलुरु, पुणे, चेन्नई और हैदराबाद जैसे आईटी हब में बड़े पैमाने पर हजारों लोगों की नौकरियाँ जाती दिख रही हैं। तो उसका असर रियल एस्टेट, परिवहन, हॉस्पिटैलिटी और स्थानीय व्यवसायों तक पहुंचेगा जिसके कारण लाखों लोग बेरोजगार होंगे। यह सच है, एआई के ज़रिए कंपनियाँ अधिक कुशल हो रही हैं। यह भी उतना ही सच है, इससे मानव श्रम का महत्व तेजी से घट रहा है। आने वाले वर्षों में गिने चुने वही इंजीनियर और कर्मचारी मैदान में टिक पाएँगे जो खुद को एआई, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस और रोबोटिक्स जैसी तकनीकों से लैस करेंगे। अब डिग्री और पिछले वर्षों के अनुभव का कोई महत्व नहीं रह गया है। सब काम सॉफ्टवेयर और मशीन करने लगी हैं। इसका असर सारी दुनिया में पड़ना शुरू हो गया है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। एआई की अपडेटेड स्किल ही करियर और नौकरी की गारंटी होगी। एआई अब केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि उद्योगों कृषि कार्यों एवं रोजगार के भविष्य में निर्णायक स्थिति बन गई है। अमेरिका से उठी छंटनी की लहर भारत तक पहुँच चुकी है। 'सुरक्षित' मानी जाने वाली आईटी नौकरियाँ भी अब सुरक्षित नहीं हैं। आने वाले समय में तकनीकी ही तय करेगी, कौन आगे बढ़ेगा और कौन तकनीकी दौड़ में पीछे छूटकर बेरोजगार हो जाएगा। एआई युग की यही सच्चाई है। जो खुद को बदलना सीखेगा, वही अपने भविष्य को सुरक्षित रख पाएगा। वैसे जिस तरह से मानव संसाधन की जगह तकनीकी और मशीने लेती चली जा रही हैं, इसका असर दुनिया के सभी देशों में देखने को मिलेगा। करोड़ों लोगों को काम नहीं मिलेगा। ऐसी स्थिति में इतनी बड़ी जनसंख्या को किस तरह से रोजगार से जोड़कर रखा जा सकता है? तकनीकी के इस दौर में एक नई चुनौती सामाजिक, शासन-प्रशासन के सामने वैश्विक स्तर पर खड़ी होती चली जा रही है। इसका जवाब किसी के पास नहीं है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



सनत जैन

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

जहां भरोसा कुछ बढ़ा, गए वहीं से ख्वाब।
हिंसा, झूठ, फरेब के, शहर बसे हैं सा'ब।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# आवश्यक है समाज के बाहरी स्वरुप का निर्धारण

समाज का बाहरी स्वरुप होना नितान्त आवश्यक है और प्रत्येक समाज का यह स्वयं करणीय कर्म अर्थात कार्य है कि वह अपने लक्षण (स्वरूप) का निर्धारण स्वयं करे, जो देखने वालों को दिखाई दे। उदाहरण के रूप में आर्य सनातन वैदिक धर्मावलम्बी हिन्दुओं में बहुत पुरातन काल में यह सिर पर चोटी (शिखा) धारण करना, तिलक लगाना, धोती पहनना और नाम विशेष द्वारा प्रकट किया जाता था, किन्तु ज्यों-ज्यों पाश्चात्य प्रभाव बढ़ता जा रहा है त्यों-त्यों बाहरी लक्षण विलुप्त होते जा रहे हैं। चोटी तो अब लगभग विलुप्त ही हो चुकी है। यज्ञोपवीत भी बहुत ही कम लोग धारण कर रहे हैं। तिलकादि भी बहुत कम लोग लगाया करते हैं। पहनावे में धोती का स्थान पैंट ने ले लिया है। कोट भी खूब पहना जाता है और टाई के बिना तो अब काम ही नहीं चलता। यद्यपि इसमें किसी प्रकार का कोई दोष नहीं है तदपि जातीय अर्थात राष्ट्रीय स्वरूप की आवश्यकता तो है ही। एक समय ऐसा भी था जब यदि किसी की चोटी को छल अथवा बल से काट दिया जाता था तो यह माना जाता था कि उसकी वह जातीयता समाप्त हो गई है। कहीं-कहीं नाम बदल जाने से जातीयता बदल जाना मान लिया जाता था। यदि किसी ने रामचन्द्र के स्थान पर अपना नाम रहमान अथवा रहीमुद्दीन रख लेता था तो यह समझ लिया जाता था कि वह हिन्दू से मुसलमान बन गया है। इसी प्रकार कोई करीम से अपना नाम कृष्टो रख लेता था तो समझा जाता था कि वह मुसलमान से ईसाई हो गया है। जो कोई पुनः अपने पूर्व समुदाय में वापस आना चाहता था तो उसको पूर्व के सब लक्षण स्वीकार करने पड़ते थे, परन्तु अब शनैः-शनैः नाम के अतिरिक्त अन्य बाहरी सभी लक्षण विलुप्त होते जा रहे हैं। उनको अब अनावश्यक समझा जाने लगा है। ऐसी परिस्थिति में यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि आर्य सनातन वैदिक धर्मावलंबी हिन्दू समाज के घटकों का भी कोई बाहरी लक्षण होना चाहिए कि नहीं? ये लक्षण मान्यताओं से पृथक है, और मान्यताओं में ऐसा कुछ भी नहीं जिसका कि संबंध जातीय स्वरुप से हो। यह एक अति जटिल प्रश्न है कि लगभग दो सौ राजनीतिक मानव समुदायों के लिए इतने बाहरी लक्षण क्यों हैं और क्या वे हो भी सकते हैं? और अगर मान लिया जाये कि हो सकते हैं, तो क्या किसी प्रकार का कोई लाभ किसी जाति को होगा? जब संसार में यातायात के साधन सीमित अथवा नगण्य थे तब इन लक्षणों का औचित्य संभव प्रतीत होता था, परन्तु अब तो यातायात के साधन इतने विकसित, विस्तृत और सरल हो गये हैं कि इससे अनेक समुदायों के बाह्य लक्षण विलुप्त होते जा रहे हैं। विश्व के अधिकांश देशों में अब कमीज, पतलून अर्थात शर्ट-पैंट, कोट, टाई और जूते साधारण परिधान माना जाने लगा है। अब वस्त्रों द्वारा जातीयता का स्वरुप विलुप्त हो गया है। कुछ इस्लामी देशों को छोड़कर समस्त संसार में एकसमान वस्त्र धारण किए जाने लगे हैं। इससे यह स्पष्ट है कि अब जातीय पहरावा लक्षण नहीं रहा। शिखा अर्थात चोटी, जनेऊ और तिलक भी विलुप्त हो गए हैं। भाषा का ज्ञान अब देशगत जातियों का रह गया है,परन्तु सांस्कृतिक समाजों में यह भी विलुप्त होता जा रहा है। ऐसे में प्रश्न खड़ा होता है कि देश का बहुसंख्यक समाज इस सब में कहां खड़ा है? क्या देश के बहुसंख्यक समाज के लिए बाहरी लक्षणों की आवश्यकता है? क्यों कोई हिन्दू विशेष प्रकार के वस्त्र पहने अथवा कोई अन्य बाहरी लक्षण रखे और यदि रखे तो क्या रखे? ध्यातव्य है कि हिन्दू समाज केवल एक स्थानीय समुदाय नहीं वरन एक वैश्विक समाज है। यह तो ठीक है कि हिन्दू समुदाय का भारत देश से विशेष संबंध है और हिन्दू समुदाय के स्वभाव में भारतवर्ष के प्रति विशेष ममत्व भी है, परन्तु यह विषय तो यहाँ सरकार का है। इसी विषय पर तो असम और फिर देश के कई भागों में विवाद चल रहे हैं और गृहयुद्ध की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। यह असम के निवासियों की पहचान का विवाद है, यह असम के निवासियों की पहचान की लड़ाई है। यह विवाद हिन्दू अथवा अहिन्दू का नहीं है। यह लड़ाई असम की अस्मिता और पहचान की लड़ाई है। भारतीय अर्थात हिन्दू समाज के लक्षण और मान्यताओं से पृथक हिन्दू समाज की पहचान के लिए किसी बाहरी लक्षण की नितान्त आवश्यकता है और कोई ऐसा बाहरी लक्षण होना ही चाहिए जिसका मान्यताओं के साथ अटूट संबंध हो। वह संबंध भाषा का है, जो उन मान्यताओं को स्वीकार करते हैं, और जहां तक विदित हो पाया है, उनका संबंध संस्कृत भाषा से है। इन मान्यताओं को स्वीकार करने वालों का विचार करने का माध्यम सदा संस्कृत भाषा ही रही है और आज भी, संसार की सांझी भाषा अंग्रेजी होते हुए भी, भारतीय अर्थात हिन्दू समाज का सम्पूर्ण साहित्य संस्कृत भाषा में ही है। विद्वानों का मत है कि हिन्दू समाज की मान्यताओं की व्याख्या जिस विशेषता से संस्कृत भाषा में व्यक्त की जाती है वह किसी अन्य भाषा में व्यक्त नहीं की जा सकती। इस प्रकार यह निर्विवाद सत्य है कि इन मान्यताओं के मानने वालों का ऐतिहासिक संबंध संस्कृत भाषा के साहित्य से ही है। अतः भारतीय अर्थात हिन्दू समाज का श्रेष्ठ बाहरी लक्षण इस भाषा के अतिरिक्त अन्य किसी भाषा में नहीं हो सकता और प्रसन्नता की बात है कि इसका एक चिह्न तो अभी भी भारतीय समाज में विद्यमान है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



अशोक 'प्रवृद्ध'

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## छात्रों संग बेंच पर बैठे शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, 'विकसित भारत बिल्डाथॉन' शुरू



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सोमवार को कुछ समय के लिए एक 'छात्र' बन गए। ऐसा तब हुआ, जब सोमवार को उन्होंने दिल्ली छावनी स्थित केंद्रीय विद्यालय संख्या-2 का दौरा किया। यह दौरा स्कूल में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान हुआ, जिसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने बच्चों के साथ बैठकर शिक्षा की बारीकियों को नजदीक से अनुभव किया। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को 'विकसित भारत बिल्डाथॉन 2025' का शुभारंभ भी किया। इस बिल्डाथॉन में देश भर के 25 लाख से अधिक छात्र शामिल हैं। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान कक्षा 1 के छात्रों के साथ बेंच पर बैठ गए और उनके साथ मिलकर कक्षा में पढ़ाया जा रहा अंकों का पाठ देखा-समझा।

## करूर भगदड़ : सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच के दिए आदेश, पूर्व न्यायाधीश करेंगे जांच की निगरानी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को करूर भगदड़ घटना को लेकर सीबीआई जांच का आदेश दिया। यह एक दुखद घटना थी, जिसमें 41 लोगों की जान चली गई और 100 से ज्यादा घायल हो गए थे। अंतरिम आदेश में, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने पूर्व सर्वोच्च न्यायालय न्यायाधीश न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी को सीबीआई जांच की निगरानी के लिए नियुक्त किया। शीर्ष अदालत ने आगे निर्देश दिया कि न्यायमूर्ति रस्तोगी के अलावा, तमिलनाडु के दो आईपीएस अधिकारी (जो राज्य के मूल निवासी नहीं हैं) भी निगरानी पैनल का हिस्सा होंगे। न्यायमूर्ति माहेश्वरी की अध्यक्षता वाली पीठ मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा इस घटना की विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन के निर्देश को चुनौती देने वाली और स्वतंत्र जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर विचार कर रही थी। अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी, तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) ने जहां सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच की मांग की, वहीं भाजपा नेता उमा आनंदन सहित कई अन्य केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग कर रहे थे। इससे पहले, मद्रास हाईकोर्ट ने इस दुखद घटना की जांच के लिए आईपीएस अधिकारी असरा गर्ग के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था, जबकि सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर आगे कार्यवाही करने से इनकार कर दिया था।

3 सितंबर को पारित एक आदेश में, मद्रास उच्च न्यायालय ने इस घटना के बाद टीवीके के राजनीतिक नेतृत्व की आलोचना की थी। न्यायमूर्ति एन सेंथिलकुमार की एकल पीठ ने कहा, "आश्चर्यजनक रूप से, कार्यक्रम आयोजक, जिनमें राजनीतिक दल के नेता भी शामिल थे, अपने कार्यकर्ताओं, अनुयायियों और प्रशंसकों को छोड़कर कार्यक्रम स्थल से फरार हो गए। न तो कोई पश्चाताप है, न ही कोई जिम्मेदारी, और न ही खेद की अभिव्यक्ति।"

मद्रास उच्च न्यायालय ने "दुर्घटना के तुरंत बाद घटनास्थल से भाग जाने के लिए विजय, कार्यक्रम के आयोजकों और राजनीतिक दल के सदस्यों के आचरण की कड़ी निंदा की।"

अदालत ने आगे कहा, "ऐसी पार्टी का यह दायित्व है कि वह भीड़ से उत्पन्न भगदड़ जैसी स्थिति में फंसे लोगों को बचाने और उनकी सहायता करने के लिए तत्काल कदम उठाती, जिसमें कई बच्चों, महिलाओं और कई युवाओं की मृत्यु हो गई।"

## ममता के बाद सांसद सौगत रॉय ने कहा — पुलिस हर जगह गश्त नहीं कर सकती

**एजेंसी। कोलकाता**

दुर्गापुर सामूहिक बलात्कार मामले पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टिप्पणी पर विपक्ष के बढ़ते हमलों के बीच, तृणमूल कांग्रेस के एक अन्य नेता ने विवादास्पद टिप्पणी करते हुए कहा है कि महिलाओं को देर रात बाहर नहीं निकलना चाहिए और पुलिस हर जगह सुरक्षा प्रदान नहीं कर सकती। टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ हुए बलात्कार पर बोलते हुए कहा कि पुलिस घटना सामने आने के बाद ही कार्रवाई कर सकती है। उन्होंने महिलाओं से सतर्क रहने का भी आग्रह किया। यह टिप्पणी ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली एक मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ शुक्रवार रात दुर्गापुर स्थित उसके संस्थान के परिसर के बाहर कुछ लोगों द्वारा कथित तौर पर बलात्कार किए जाने के दो दिन बाद आई है। टीएमसी सांसद ने एएनआई को बताया बंगाल में ऐसे मामले दुर्लभ हैं। बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा किसी भी अन्य राज्य से बेहतर है... लेकिन महिलाओं को देर रात कॉलेज नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि पुलिस हर जगह गश्त नहीं कर सकती। उन्होंने आगे कहा, हर इंच पर सुरक्षा मुहैया नहीं कराई जा सकती। हर सड़क पर पुलिस तैनात नहीं की जा सकती। घटना सामने आने के बाद पुलिस कार्रवाई कर सकती है... इसलिए महिलाओं को भी सतर्क रहना चाहिए। इस घटना पर आक्रोश उस समय राजनीतिक तूफान में बदल गया जब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया कि कथित दुर्गापुर मेडिकल कॉलेज सामूहिक बलात्कार मामले की पीड़िता रात 12:30 बजे कैसे बाहर थी। पश्चिम बंगाल में मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक निजी कॉलेज की मेडिकल छात्रा के साथ कथित सामूहिक बलात्कार की घटना के विरोध में सोमवार को पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में छह दिवसीय धरना शुरू किया। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सिटी सेंटर इलाके में धरने की शुरुआत की। भाजपा नेता अधिकारी ने धरना मंच से तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हम ओडिशा की अपनी बहन की रक्षा करने में नाकाम रहे और इस राज्य की मुख्यमंत्री महिलाओं से अपनी सुरक्षा खुद करने को कह रही हैं।



## सरकार ने शुरू किया 'कर्मचारी नामांकन अभियान'

**नई दिल्ली।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सोमवार को 'कर्मचारी नामांकन अभियान, 2025' (ईईसी 2025) की घोषणा की है, यह ईपीएफओ के माध्यम से बड़ी संख्या में कर्मचारियों को संगठित सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने की एक महत्वपूर्ण पहल है।

आधिकारिक बयान में कहा गया कि यह योजना 1 नवंबर, 2025 से 30 अप्रैल, 2026 तक लागू रहेगी। यह योजना, 2009 से 2016 तक छूटे हुए पात्र कर्मचारियों के नामांकन के लिए वर्ष 2017 में चलाए गए इसी तरह के सफल नामांकन अभियान के बाद, मंत्रालय का एक सतत प्रयास है। इस अभियान का उद्देश्य कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के अंतर्गत पहले से पंजीकृत और नए आने वाले नियोक्ताओं, दोनों को स्वेच्छा से पात्र कर्मचारियों की घोषणा और नामांकन के लिए प्रोत्साहित करना है। मंत्रालय ने कहा, "नियोक्ता उन सभी मौजूदा कर्मचारियों का नामांकन कर सकते हैं, जो 1 जुलाई, 2017 और 31 अक्टूबर, 2025 के बीच प्रतिष्ठान में शामिल हुए हैं।

### पीएम का 'मिशन बिहार', कल बूथ कार्यकर्ताओं को देंगे जीत का मंत्र

## 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' अभियान से जुड़ें : मोदी



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 अक्टूबर को 'मेरा बूथ सबसे मज़बूत' अभियान के तहत बिहार के बूथ-स्तरीय भाजपा कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करेंगे।
- संवाद के दौरान प्रधानमंत्री कार्यकर्ताओं से सुझाव भी मांगेंगे ताकि संगठन को जमीनी स्तर पर और मज़बूत किया जा सके।
- मोदी ने एक्स पर लिखा – "बिहार में भाजपा-एनडीए की जीत के लिए हमारे समर्पित कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा से जुट गए हैं। ऐसे कार्यकर्ताओं से संवाद हमेशा नई प्रेरणा देता है।"

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नरेंद्र मोदी 15 अक्टूबर को 'मेरा बूथ सबसे मज़बूत' अभियान के तहत बिहार के बूथ-स्तरीय पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे और आगामी विधानसभा चुनावों से पहले उनके सुझाव मांगेंगे। एक्स पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा कि बिहार में भाजपा-एनडीए की जीत के लिए हमारे समर्पित कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा से जुट गए हैं। ऐसे समर्पित कार्यकर्ताओं से बातचीत करने से हमेशा नई प्रेरणा मिलती है। 15 अक्टूबर को मुझे ऐसे कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करने का अवसर मिलेगा।

भागीदारी का आह्वान करते हुए, प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि मेरा अनुरोध है... आप सभी 'मेरा बूथ सबसे मज़बूत' अभियान से जुड़ें और आज ही अपने सुझाव साझा करें। मैं उनके सुझावों के आधार पर कुछ चुनिंदा कार्यकर्ताओं से सीधे चर्चा भी करूँगा। 'मेरा बूथ सबसे मज़बूत' पहल एक दीर्घकालिक, संवादात्मक आउटरीच कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ जुड़ाव को मज़बूत करना है। बिहार विधानसभा चुनाव सभी 243 सीटों के लिए 6 और 11 नवंबर को होने हैं, जबकि मतगणना 14 नवंबर को होगी। कई दौर की चर्चाओं के बाद, सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन - जिसमें जनता दल (यूनाइटेड), भारतीय जनता पार्टी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा शामिल हैं - रविवार को अपने सीट बंटवारे के फॉर्मूले की घोषणा कर सकता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा सहित गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं ने सीट बंटवारे और चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन को अंतिम रूप देने के लिए नई दिल्ली में व्यापक बैठकें की हैं।

## राजनीति में आय ठप फिल्मों में वापसी मजबूरी : केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली।** आर्थिक तंगी का हवाला देते हुए, केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने राजनीति से दूर होकर अपने अभिनय करियर में वापसी की इच्छा जताई है। अभिनेता से राजनेता बने गोपी ने केरल के कन्नूर में एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि मंत्री पद संभालने के बाद से उनकी आय में काफी गिरावट आई है, समाचार एजेंसी एएनआई ने बताया। उन्होंने कहा कि मैं सचमुच अभिनय जारी रखना चाहता हूँ। मुझे और कमाई करनी है; मेरी कमाई अब पूरी तरह बंद हो गई है। गोपी ने अपने स्थान पर केंद्रीय मंत्री के रूप में नियुक्त किए जाने के लिए राज्यसभा सांसद सदानंदन मास्टर का नाम प्रस्तावित किया और कहा कि वह अपनी पार्टी के सबसे युवा सदस्य हैं। मैंने कभी मंत्री बनने के लिए प्रार्थना नहीं की। चुनाव से एक दिन पहले, मैंने पत्रकारों से कहा था कि मैं मंत्री नहीं बनना चाहता, मैं अपना सिनेमा जारी रखना चाहता हूँ। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री और पर्यटन मंत्री ने कहा कि मैंने अक्टूबर 2008 में पार्टी की सदस्यता ली थी... मैं जनता द्वारा चुना गया पहला सांसद था और पार्टी को लगा कि मुझे मंत्री बनाना चाहिए। गोपी केरल से भाजपा के पहले लोकसभा सांसद हैं और मलयालम फिल्म उद्योग में लंबे समय से सक्रिय अभिनेता हैं। उन्होंने यह टिप्पणी राज्यसभा सांसद सी सदानंदन मास्टर के सांसद कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद की। गोपी पहले भी कह चुके हैं कि वह नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, पर्यटन राज्य मंत्री के पद से इस्तीफा देना चाहते हैं। उन्होंने इसके लिए अभिनय में अपने रुझान और विभिन्न फिल्म परियोजनाओं में अपनी पूर्व प्रतिबद्धताओं का हवाला दिया था।



## 'वोट चोरी' के आरोपों की जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से SC ने किया इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 'वोट चोरी' के आरोपों की जांच वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है. पिछले दिनों कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर 'वोट चोरी' का आरोप लगाया था. इसके बाद एक वकील ने इन आरोपों की जांच करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी. जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने इस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है.सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को चुनाव आयोग से संपर्क करने या वैकल्पिक उपाय अपनाने को कहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा 2024 के लोकसभा चुनाव में बेंगलुरु सेंट्रल निर्वाचन क्षेत्र के वोटर लिस्ट में हेर-फेर किए जाने का आरोप लगाया था।

## केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने नाराजगी से किया इंकार, कहा- हर तरह से संतुष्ट हैं



**पटना।** बिहार में चुनाव को लेकर एनडीए के बीच सीट बंटवारा हो चुका है। सीट बंटवारे के बाद एनडीए के घटक दलों को मन मुताबिक सीटें न मिलने पर वे अपनी प्रतिक्रिया भी खुलकर दे रहे हैं। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने खुलकर कहा कि उन्होंने 15 सीटों की मांग की थी। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि वे छह सीट से भी संतुष्ट हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने सोमवार को आईएएनएस से बातचीत में कहा कि लोकसभा चुनाव में भी हमारी पार्टी को दो लोकसभा सीट और एक राज्यसभा सीट देने की बात कही गई थी, लेकिन मिली एक थी। आज भी हम एनडीए के साथ हैं। हमें पंजीकृत पार्टी के रूप में मान्यता के लिए कम से कम आठ सीटों की मांग की थी। इसलिए, हमने कम से कम 15 सीटें मांगी थी, लेकिन सिर्फ छह सीटें मिली हैं। हम छह सीट से भी संतुष्ट हैं। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने हमें काफी इज्जत दी है। वे हर तरह से गयाजी के विकास के लिए काम कर रहे हैं। गयाजी, बिहार और देश के विकास के लिए हम कोई भी कुर्बानी सहने को तैयार हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** ज का दिन आपके लिए किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए रहेगा। आपको किसी योजना में अपेक्षा से अधिक धन मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा होना होगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथियों से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आप किसी मकान की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप दूसरों के मामले में बेवजह ना बोले, नहीं तो आपको बेवजह का तनाव बना रहेगा। आप संतान के करियर को लेकर अपने जीवनसाथी से सलाह मशवरा कर सकते हैं। आपका कोई काम लंबे समय से रुका हुआ होने से आपके मन में समस्या रहेगी।

**कर्क :** आज आपको व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं को लेकर किसी अनुभवी व्यक्ति से बातचीत करनी होगी। आपका किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें। आपका काम को लेकर मनोबल बढ़ेगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए प्रभाव और प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको अपने कामों को लेकर पूरी ईमानदारी दिखानी होगी। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी हो सकती है। भौतिक संसाधनों में वृद्धि होगी।

**कन्या :** व्यापार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन सामान्य रहने वाला है। आपको काम थोड़ा सोच समझकर करने होंगे। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को किसी मनचाही नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आपको अत्यधिक फायदे के चक्कर में धन लगाने से बचना होगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए कुछ नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। यदि आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी को लेकर परेशान थे, तो आपकी वह समस्या भी दूर होगी। आपको कानूनी मामलों में अपनी आंख और कान को खुले रखने होंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ कुछ आनंदमय पल व्यतीत करेंगे। पेट से संबंधित कोई समस्या आपको परेशानियों दे सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का पूरा साथ मिलेगा।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपकी कुछ पुराने लोगों से मुलाकात होगी। आपके कामों से आपकी एक नई पहचान मिलेगी। बिजनेस में आपका कोई प्रोजेक्ट लंबे समय से रुका हुआ था, तो उसके भी पूरा होने की संभावना है।

**मकर :** आज आपको भाई-बहनों का पूरा साथ मिलेगा। आपके प्रतिद्वंदी भी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं। आप अपने खान-पान पर पूरा ध्यान दें। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अपने कामों से सफलता मिलेगी। आपकी किसी नए काम को करने की इच्छा जागृत हो सकती

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। राजनीतिक और सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आप अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें। आपको आय और व्यय में तालमेल बनाकर चलना होगा।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। यदि आपको किसी बात को लेकर कोई चिंता थी, तो वह भी दूर होगी। परिवार के सदस्यों के साथ कहीं घूमने-फिरने जा सकते हैं। आप अपने संतान को यदि कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उस पर खरी उतरेगी।

## पवन सिंह से तलाक विवाद के बीच ज्योति सिंह काराकाट से लड़ेंगी निर्दलीय चुनाव

- काराकाट के लोगों का ज्योति सिंह से गहरा नाता है और वे उनसे विधानसभा में प्रतिनिधित्व करने का आग्रह कर रहे हैं।

**नवीन मेल संवाददाता**



सार्वजनिक वैवाहिक विवाद के बीच, भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने सोमवार को घोषणा की कि वह रोहतास ज़िले की काराकाट सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। यह घोषणा उनके पिता रामबाबू सिंह द्वारा उनके राजनीति में आने की पुष्टि के एक दिन बाद की गई है। रामबाबू सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ज्योति सिंह बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। किस सीट से, किस पार्टी के बैनर तले, या निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में, यह जल्द ही तय किया जाएगा।रामबाबू सिंह ने कहा कि ज्योति को काराकाट से चुनाव लड़ाने की जनता की माँग बढ़ रही है, जहाँ उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में अपने पति के लिए प्रचार करते हुए निवासियों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए थे। उन्होंने आगे कहा कि काराकाट के लोगों का ज्योति सिंह से गहरा नाता है और वे उनसे विधानसभा में प्रतिनिधित्व करने का आग्रह कर रहे हैं। यह राजनीतिक घोषणा ऐसे समय में हुई है जब ज्योति सिंह और पवन सिंह सार्वजनिक रूप से वैवाहिक विवाद में उलझे हुए हैं।

रामबाबू सिंह ने अभिनेता पर क्रूरता और बेईमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने सुलह के सभी प्रयासों को ठुकरा दिया है। उन्होंने कहा, "मैंने उनसे अपनी बेटी को स्वीकार करने की विनती की, लेकिन उन्होंने केवल अदालत का ही हवाला दिया।" उन्होंने आगे कहा, "जब तक तलाक कानूनी रूप से अंतिम रूप नहीं ले लेता, ज्योति को अपने पति के साथ रहने का पूरा अधिकार है।" कथित तौर पर, पवन सिंह ने तीन महीने पहले हुई अपनी आखिरी मुलाकात में रामबाबू से कहा था कि अब मामला अदालत में सुलझाया जाएगा।

## जल्द ही महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी: पप्पू यादव

**पटना।** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने सोमवार को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने समाचार एजेंसी से बातचीत में कहा कि महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर फैसला लगभग-लगभग हो चुका है। कल दोपहर तक पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी। किसी को भी महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं एक बात पूरे दावे के साथ कहता हूं कि बिहार में महागठबंधन के पक्ष में सकारात्मक माहौल है। स्थिति पूरी तरह से हमारे पक्ष में है। प्रदेश का गरीब-गुरबा हमारे साथ है। निश्चित तौर पर आगे के चुनाव में हमारे लिए नतीजे सकारात्मक निकलकर ही सामने आएंगे। इसके अलावा, उन्होंने सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस का रुख स्पष्ट किया।

## बीजेपी से आखिरी सांस तक लड़ता रहूंगा : तेजस्वी

**एजेंसी। पटना**



**14 आरोपियों** के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त आधार हैं
**अदालत**

बिहार में होने वाले हाई-वोल्टेज चुनाव से कुछ हफ़्ते पहले राष्ट्रीय जनता दल के प्रथम परिवार को बड़ा झटका देते हुए, दिल्ली की एक अदालत ने आज पार्टी संस्थापक लालू प्रसाद यादव, उनके बेटे और मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव और पूर्व मुख्यमंत्री व लालू यादव की पत्नी राबड़ी देवी के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक मामले में आरोप तय किए। वरिष्ठ नेता और उनके परिवार के सदस्यों ने खुद को निर्दोष बताया और कहा कि उन पर मुकदमा चलेगा।राउज़ एवेन्यू की एक अदालत ने आज लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश से संबंधित धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोप तय किए। लालू यादव और तेजस्वी यादव सहित अन्य ने खुद को निर्दोष बताया; राबड़ी देवी ने कहा कि मामला "गलत" है। वहीं, तेजस्वी ने इसको लेकर एक एक्स पोस्ट भी किया है। उन्होंने लिखा कि जब तक दंगाई एवं संविधान विरोधी बीजेपी सत्ता में है और मेरी उम्र है बीजेपी से लड़ते रहेंगे। तूफ़ानों से लड़ने में मज़ा ही कुछ और है। हमने संघर्ष पथ चुना है। संघर्ष पथ पर चलते-चलते अच्छे मुसाफ़िर बन निश्चित ही मंजिल प्राप्त करेंगे। राजद नेता ने आगे कहा कि एक महीना पहले बिहार आकर गृहमंत्री अमित शाह जी हमें धमकी दे रहे थे कि हमको चुनाव लड़ने लायक नहीं छोड़ेंगे। हम लड़ेंगे और जीतेंगे। हम बिहारी है बिहारी, बाहरी से नहीं डरते। जय बिहार, जय बिहारी! यह मामला लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते हुए रांची और पुरी स्थित दो आईआरसीटीसी होटलों के टेंडर में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा है। विशेष न्यायाधीश (सीबीआई) ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए। वे अदालत में प्रत्यक्ष रूप से पेश हुए। अदालत ने धोखाधड़ी, षड्यंत्र और भ्रष्टाचार से जुड़े अपराधों की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप तय किए हैं। हालाँकि, सभी आरोपियों पर आपराधिक षड्यंत्र का आरोप लगाया गया है। यह आदेश खुली अदालत में सुनाया गया और अदालत एक विस्तृत आदेश अपलोड करेगी। अदालत ने कहा कि सभी 14 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त आधार हैं।

## कोलकाता: ईडी ने कॉनकास्ट स्टील मामले में 133 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोलकाता जोनल कार्यालय ने मेसर्स कॉनकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड (सीएसपीएल) और इसके प्रमोटर संजय सुरेका के खिलाफ धन शोधन के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। 10 अक्टूबर को ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत 133.09 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। यह कार्रवाई सीबीआई और बीएसएफबी, कोलकाता द्वारा दर्ज एक एफआईआर के आधार पर शुरू हुई जांच का हिस्सा है, जिसमें कंपनी और इसके निदेशकों पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ 6,210.72 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। जांच में पता चला कि संजय सुरेका ने बैंकों से लिए गए कर्ज को गलत तरीके से अपनी समूह कंपनियों में डायवर्ट किया। इसके अलावा, फर्जी स्टॉक स्टेटमेंट और बैलेंस शीट में हेरफेर कर धोखाधड़ी की गई। सुरेका ने अपने रिश्तेदारों, कर्मचारियों और शेल कंपनियों के नाम पर कई संपत्तियां खरीदीं। कर्ज की राशि को बीडीजी ग्रुप ऑफ कंपनीज के डिबेंचर में निवेश किया गया।

## आरएसएस 'तालिबानी मानसिकता' वाला संगठन है : यतींद्र सिद्धारमैया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कर्नाटक कांग्रेस एमएलसी यतींद्र सिद्धारमैया और मंत्री प्रियांक खड़गे ने विचारधारा और दृष्टिकोण में समानताओं का हवाला देते हुए आरएसएस और तालिबान के बीच समानताएँ बताईं। यतींद्र सिद्धारमैया ने कहा कि आरएसएस एक "तालिबान मानसिकता" प्रदर्शित करता है, जो हिंदू धर्म की एक ही व्याख्या थोपने की कोशिश करता है, ठीक वैसे ही जैसे तालिबान इस्लाम की करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि धर्म में वे एक ही दृष्टिकोण चाहते हैं। इस्लाम में वे एक खास दृष्टिकोण चाहते हैं। वे महिलाओं की आज़ादी पर पाबंदियाँ लगाते हैं। आरएसएस भी इसी तरह का व्यवहार करता है। वे हिंदू धर्म को एक खास नज़रिए से देखना चाहते हैं।प्रियांक खड़गे ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि किसी भी तरह की कट्टरता तालिबान के बराबर है। तालिबान कभी महिलाओं का सम्मान नहीं करता, आरएसएस भी नहीं करता। तालिबान संविधान का सम्मान नहीं करता, आरएसएस भी उसका सम्मान नहीं करता। तालिबान अपने तथाकथित धर्मयुद्ध के लिए गरीब लोगों का इस्तेमाल करता है, और यहाँ भी आरएसएस अपने मकसद के लिए गरीब लोगों का इस्तेमाल करता है। खड़गे ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पत्र लिखकर सरकारी संस्थानों, सार्वजनिक खेल के मैदानों और मंदिरों में आरएसएस की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया। अपने पत्र में, उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस शाखाओं और सभाओं के माध्यम से बच्चों और युवाओं के बीच विभाजनकारी विचार फैलाता है। उन्होंने इन गतिविधियों को असंवैधानिक और राष्ट्रीय एकता के विपरीत बताया।

# पाकिस्तान में पुलिस फायरिंग में 250 की मौत का दावा, 1500 लोग घायल

## गाजा पीस डील के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे

**एजेंसी । इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में गाजा पीस प्लान को समर्थन देने के खिलाफ पिछले पांच दिनों से प्रदर्शन जारी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की राजनीतिक पार्टी तहरीक-ए-लब्बैक ने दावा किया है कि पुलिस की फायरिंग में अब तक उनके 250 से ज्यादा कार्यकर्ता और नेता मारे गए हैं, जबकि 1,500 से अधिक घायल हुए हैं। दरअसल, पाकिस्तान सरकार ने ट्रम्प के पीस प्लान का समर्थन किया है। इसे लेकर कई पार्टियां नाराज हैं। टीएलपी चीफ साद हुसैन रिजवी विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने सरकार विरोधी, गाजा समर्थक और इजराइल विरोधी अभियान के तहत लाहौर से इस्लामाबाद तक लंबा मार्च किया। मार्च के दौरान रिजवी को भी 3 गोली लगी है। पार्टी के प्रवक्ता के मुताबिक, रिजवी की हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें पास के एक मेडिकल सेंटर ले जाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना कहां हुई या कितने लोग मरे हैं, इस बारे में अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

### टीएलपी नेता को गिरफ्तार करने की कोशिश की तो हिंसा भड़की

इस प्रदर्शन की शुरुआत तब हुई, जब गुरुवार देर रात पंजाब पुलिस ने टीएलपी मुख्यालय पर छापा मारकर इसके नेता साद रिजवी को गिरफ्तार करने की कोशिश की थी। साद निकल गया, लेकिन पुलिस और साद समर्थकों के बीच हुई झड़पों में कई लोग घायल हुए थे। पुलिस ने शहर के अंदर और बाहर की सड़कें बंद कर दी थी। दंगा रोकने के लिए पुलिस को प्रमुख रास्तों पर तैनात किया गया और सरकारी दफ्तरों व विदेशी दूतावासों वाले रेड जोन को पूरी तरह सील कर दिया गया।



प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर ईंटों और पत्थरों से हमला किया




गाजा सीजफायर प्लान के विरोध में इस्लामाबाद में विरोध

### 2 पुलिस अधिकारियों की भी हुई मौत

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सुरक्षा बलों और तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान के प्रदर्शनकारियों के बीच सोमवार को हिंसक झड़पें हुईं। इसमें 2 पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई और दर्जनों दूसरे अधिकारी घायल हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ऑपरेशन रात 2 बजे शुरू हुआ और सुबह 7 बजे तक चला। मुरीदके में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की। पाकिस्तान रेंजर्स सहित सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया।

### 2015 में हुई थी टीएलपी की स्थापना

टीएलपी की स्थापना 2015 में खादिम हुसैन रिजवी ने की थी। वे पंजाब के धार्मिक विभाग में काम करते थे, लेकिन 2011 में सलमान तासीर की हत्या करने वाले मुमताज कादरी का समर्थन करने पर नौकरी से निकाले गए। 2016 में कादरी को सजा होने पर टीएलपी ने ईश निंदा के मुद्दे पर देशव्यापी प्रदर्शन शुरू किए। खादिम ने फ्रांस के खिलाफ भी भड़काऊ बयान दिए। उनकी मृत्यु के बाद 2021 में बेटे साद रिजवी ने संगठन संभाला।

# जापान में विदेशी माता-पिता से जन्मे बच्चों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर

जनसांख्यिकीय बदलाव से बढ़ रहा राजनीतिक विवाद

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जापान में 2024 में विदेशी माता-पिता से जन्मे बच्चों की संख्या ने रिकॉर्ड स्तर छू लिया है, जो देश में तेजी से बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य और आव्रजन को लेकर गर्म होती राजनीतिक बहस को दर्शाता है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, गैर-जापानी दंपतियों के यहाँ 22,878 बच्चे पैदा हुए, जो कुल नवजात शिशुओं का 3.2% है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में 3,000 अधिक और एक दशक पहले की तुलना में 50% की वृद्धि दर्शाता है। दूसरी ओर, जापानी दंपतियों से जन्मे बच्चों की संख्या घटकर 686,173 रह गई, जो पिछले साल से 41,115 कम है।

निक्केई बिजनेस अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, विदेशी नवजात शिशुओं ने जापानी जन्म दर में आई गिरावट की आधी से अधिक भरपाई की। जापान, जो विश्व के सबसे तेजी से वृद्ध होते देशों में से एक है, अपनी 125 मिलियन की जनसंख्या को बनाए रखने के लिए आवश्यक जन्म दर को बढ़ाने में जूझ रहा है। श्रम की कमी और बढ़ती उम्र की आबादी के कारण, जापान ने हाल के वर्षों में अधिक प्रवासी श्रमिकों को काम पर रखा है, जिससे गैर-जापानी निवासियों की संख्या बढ़कर 39.5 लाख हो गई है। इनमें से अधिकांश 20-30 वर्ष की आयु के हैं, जो लंबे समय तक रहने और बच्चे पैदा करने की संभावना रखते हैं। राष्ट्रीयता के आधार पर, चीनी महिलाएं विदेशी माताओं का सबसे बड़ा समूह हैं, इसके बाद फिलीपींस और ब्राजील की महिलाएं हैं।

### जनसांख्यिकीय रुझान: आंकड़ों का विश्लेषण-

*नीचे दिया गया चार्ट जापान में जन्म दर और विदेशी नवजात शिशुओं के अनुपात को दर्शाता है:*

| वर्ष | जापानी दंपतियों से जन्म | विदेशी दंपतियों से जन्म | कुल जन्मों में विदेशी बच्चों का % |
|---|---|---|---|
| 2014 | 750,000 | 15,000 | 2.0% |
| 2023 | 727,288 | 19,878 | 2.7% |
| 2024 | 686,173 | 22,878 | 3.2% |

*स्रोत: जापान स्वास्थ्य मंत्रालय, निक्केई बिज़नेस*

### राजनीतिक और सामाजिक प्रभाव

यह जनसांख्यिकीय बदलाव जापान में आव्रजन को एक प्रमुख चुनावी मुद्दा बना रहा है। ओइज़ुमी जैसे शहरों में, जहाँ दर्जनों राष्ट्रीयताएँ रहती हैं, विविधतापूर्ण आबादी ने दक्षिणपंथी राजनेताओं को सख्त आव्रजन नियमों की मांग करने के लिए प्रेरित किया है। जुलाई 2024 के उच्च सदन चुनावों में, लोकलुभावन पार्टी संसेतो ने विदेशी कामगारों के विरोध में प्रचार कर शानदार प्रदर्शन किया। सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी की नई नेता साने ताकाइची, जो अक्टूबर 2025 में प्रधानमंत्री बनने की उम्मीद कर रही हैं, ने आव्रजन और "बुरे व्यवहार वाले" विदेशी पर्यटकों को अपनी मुहिम का हिस्सा बनाया।

### भविष्य की चुनौतियां

न्याय मंत्रालय के अनुसार, 2040 तक विदेशी निवासियों का अनुपात जनसंख्या के 10% को पार कर सकता है, जो 2023 के राष्ट्रीय जनसंख्या अनुसंधान के पूर्वानुमान से तीन दशक पहले है। विशेषज्ञों का कहना है कि विदेशी परिवारों के लिए बेहतर नीतियाँ और सहायता आवश्यक है। कंसाई अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर तोषिहिरो मेंजू ने निक्केई को बताया, "विदेशी बच्चों और उनके परिवारों के लिए सहायता कई क्षेत्रों में अपर्याप्त है और गैर-लाभकारी संगठनों पर निर्भर है। हमें एक ऐसा समाज बनाना होगा जहां ये बच्चे जापानी बोलें, समान अवसर पाएं और अपने परिवारों का भरण-पोषण कर सकें।" उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा न होने पर समाज में विभाजन बढ़ सकता है। इस तरह जापान के सामने एक दोहरी चुनौती है- कम होती जन्म दर और बढ़ती विदेशी आबादी। जहां विदेशी नवजात शिशु जन्म दर में गिरावट को कम करने में मदद कर रहे हैं, वहीं सामाजिक और राजनीतिक तनाव बढ़ रहा है। ऐसे में नीति निर्माताओं को एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा, जो प्रवासियों के एकीकरण को बढ़ावा दे और समाज में सामंजस्य बनाए रखे।

# ट्रंप के पास चीन से ज्यादा ऑप्शंस, वेंस ने बीजिंग को चेताया, ट्रंप ने जिनपिंग का बुरा दौर बताया



**एजेंसी । नई दिल्ली**

टैरिफ़ को लेकर अमेरिका और चीन के बीच तनाव के बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने रविवार को व्यापार समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने के लिए खुलेपन का संकेत दिया। हालांकि, दोनों नेताओं ने चेतावनी दी कि बीजिंग द्वारा हाल ही में घोषित निर्यात नियंत्रण वार्ता में एक बड़ी बाधा हैं। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दुनिया की दो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच बढ़ते व्यापार युद्ध में चीन से तर्क का रास्ता चुनने का आह्वान किया। वेंस ने आगे दावा किया कि दोनों देशों के बीच टैरिफ युद्ध के लंबे समय तक जारी रहने के बीच व्यापार वार्ता में ट्रंप का प्रभाव ज्यादा है। वेंस के इस बयान के कुछ ही घंटों बाद, ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथसोशल पर एक बयान साझा किया, जिसमें चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के लिए संभावित ऑफ-रैंप का संकेत दिया गया, साथ ही एक परोक्ष धमकी भी दी गई कि एक पूर्ण व्यापार युद्ध चीन को नुकसान पहुँचाएगा। उन्होंने रविवार को पोस्ट में लिखा कि चीन की चिंता मत करो, सब ठीक हो जाएगा! राष्ट्रपति शी जिनपिंग का हाल ही में एक बुरा दौर आया है। वह अपने देश के लिए मंदी नहीं चाहते, और न ही मैं। अमेरिका चीन की मदद करना चाहता है, उसे नुकसान नहीं पहुंचाना चाहता। ट्रंप और वेंस दोनों की टिप्पणियों से यह प्रतिबिंबित हुआ कि अमेरिका अभी भी चीन पर उसके हालिया व्यापारिक कदमों को वापस लेने के लिए दबाव बनाए रखना चाहता है।

# लद्दाख, हिमाचल, उत्तराखंड सीमा से सटे चीन के कई बड़े प्रोजेक्ट से भारत को खतरा

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** वास्तविक नियंत्रण रेखा ( एलएसी ) के पास चीन की बढ़ती गतिविधियां भारत के लिए गंभीर सुरक्षा चिंता का विषय बन रही हैं। तिब्बती विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि चीन का नया रेलवे और हाईवे प्रोजेक्ट, जो लद्दाख के डेमचोक से मात्र 20-30 किलोमीटर दूर प्रस्तावित है, भारत के लिए सैन्य और भू-राजनीतिक खतरा पैदा कर सकता है। यह परियोजना तिब्बत की राजधानी ल्हासा को जोड़ने के नाम पर शुरू की गई है, लेकिन इसके पीछे सैन्य प्रभुत्व और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन की मंशा साफ झलकती है।



**चीन का महत्वाकांक्षी रेलवे प्रोजेक्ट :** चीन ने तिब्बत में 5,000 किलोमीटर के रेल नेटवर्क की योजना बनाई है, जिसका एक हिस्सा पश्चिमी तिब्बत से कैलाश पर्वत, न्गारी, और अक्साई चिन होते हुए पूर्वी तुर्किस्तान तक जाएगा। न्यूज एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, यह रेलवे लाइन अगले पांच वर्षों में पूरी हो सकती है। तिब्बत पॉलिसी इंस्टीट्यूट के रिसर्च स्कॉलर त्सेवांग दोरजी ने बताया कि यह प्रोजेक्ट वास्तविक नियंत्रण रेखा के पश्चिमी सेक्टर में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की आवाजाही और सैन्य संसाधनों की ढुलाई को तेज करेगा। इसके अलावा, नाग्चु और न्गारी के बीच बन रहा हाईवे पीएलए की गतिविधियों को और सुगम बनाएगा।

### संसाधन दोहन और सैन्य रणनीति

तिब्बती लेखक और कार्यकर्ता तेंजिन त्सुंडु के अनुसार, यह रेलवे लाइन लद्दाख, हिमाचल, और उत्तराखंड से सटी भारतीय सीमा के समानांतर होगी। यह क्षेत्र यूरेनियम, लिथियम, सोना, तांबा, और जिंक जैसे प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में वैश्विक मांग को पूरा करते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह प्रोजेक्ट न केवल सैन्य प्रभुत्व स्थापित करने के लिए है, बल्कि तिब्बत के विशाल खनिज भंडारों के दोहन के लिए भी डिजाइन किया गया है।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन की सतर्कता

2020 के ऑपरेशन सिंदूर, जिसमें भारत ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर आक्रामक जवाबी कार्रवाई की थी, ने चीन को सतर्क कर दिया है। दोरजी के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश में जल संसाधनों पर नियंत्रण के बाद, चीन अब पश्चिमी सेक्टर में रणनीतिक बढ़त लेने की कोशिश में है। यह रेलवे और हाईवे तनाव को संघर्ष में बदलने की स्थिति में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी को तेजी से तैनाती में लाभ दे सकते हैं।

**आंकड़े: तिब्बत में चीन का रेल नेटवर्क**

| विशेषता | विवरण |
|---|---|
| वर्तमान रेल नेटवर्क | ₹1,400 किमी (2024) |
| प्रस्तावित विस्तार | 5,000 किमी (2035 तक) |
| प्रमुख रूट | ल्हासा-शिगात्से-न्गारी-अक्साई चिन |
| लद्दाख से दूरी | डेमचोक से 20-30 किमी |

### भारत के लिए चुनौतियां

भारत के हिमालयी क्षेत्र में रेलवे और बुनियादी ढांचा परियोजनाएँ अभी योजना स्तर पर हैं, जबकि चीन युद्धस्तर पर काम कर रहा है। त्सुंडु ने चेतावनी दी कि यह प्रोजेक्ट भारत के लिए गंभीर सुरक्षा चिंता है, क्योंकि यह चीन की विस्तारवादी नीति को दर्शाता है। यदि भारत ने समय रहते जवाबी कदम नहीं उठाए, तो यह हिमालय क्षेत्र में उसकी स्थिति को कमजोर कर सकता है। ऐसे में चीन का यह रेलवे और हाईवे प्रोजेक्ट भारत के लिए सैन्य, आर्थिक, और भू-राजनीतिक चुनौती है। तिब्बती विशेषज्ञों ने भारत से वास्तविक नियंत्रण रेखा पर निगरानी बढ़ाने और हिमालयी क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को तेजी से विकसित करने की सलाह दी है। समय रहते सतर्कता और रणनीतिक जवाब ही भारत को इस खतरे से निपटने में सक्षम बनाएंगे।

# ज्ञान की नगरी में जातिवाद पलायन व शराबबंदी की गूंज




**संवाददाता**

**पटना।** बिहार का बोधगया, जो कभी गौतम बुद्ध को ज्ञान देने वाली नगरी थी, आज जातिवाद, बेरोजगारी और अभावों से जूझ रही है। विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही यहां पलायन, शराबबंदी, और जंगलराज जैसे मुद्दे चर्चा के केंद्र में हैं। स्थानीय लोगों की बातें और आंकड़े इस क्षेत्र की जटिल सामाजिक-राजनीतिक तस्वीर को उजागर करते हैं।

### चुनावी माहौल: प्रमुख मुद्दे

बोधगया विधानसभा क्षेत्र में लोगों से बातचीत में तीन प्रमुख मुद्दे उभरे: पलायन, शराबबंदी, व जातीय समीकरण। महाबोधि मंदिर के आसपास की भीड़ में युवा कारोबारी धरम कुमार ने बताया कि वह और उनके दोस्त जन स्वराज पार्टी को समर्थन देंगे। कारण? शराबबंदी। प्रकाश कहते हैं, "शराबबंदी शुरू होने पर लगा कि यह सही है, लेकिन चोरी-छिपे शराब की बिक्री और बढ़ती कीमतों ने हालात बिगाड़ दिए।" उन्होंने पीके के वादों, खासकर पलायन रोकने और शराबबंदी हटाने की नीति पर भरोसा जताया।

### पलायन: रोजगार की तलाश

पलायन बोधगया की बड़ी समस्या है। स्थानीय निवासी रहिमन ने बताया कि वह काम की तलाश में देहरादून से लद्दाख तक गए, लेकिन शादी के बाद लौट आए। उनके तीन बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं, और वह चाहते हैं कि सरकार स्थानीय रोजगार सुनिश्चित करे। बिहार सरकार के आंकड़ों के अनुसार, 2020-2024 में गया जिले से लगभग 2 लाख लोग रोजगार के लिए पलायन कर चुके हैं।

### जंगलराज का साया

जातिवाद व दबंगई व अगड़ों -पिछड़ों का अलग -अलग जगह दबंगई का डर यहाँ के मतदाताओं में गहरा है। एक भुक्तभोगी ने कहा, "हम जंगलराज की कहानियाँ सुनकर बड़े हुए। पहले भी दुकान खोलने से पहले 'प्रसाद' चढ़ाना पड़ता था।" आज भी स्थिति बहुत ज्यादा बदली नहीं है। हाल ही में तमाम अपहरण और हत्या की घटनाएं सामने आई हैं या नहीं? दिल्ली के एक सत्ताधारी नेता ने गया की रैली में जंगलराज व पलायन तथा जातिवाद को मुद्दा बनाकर आरजेडी और कांग्रेस पर निशाना साधा था, लेकिन उनके गठबंधन वाली सरकार में भी तो वही सब हो रहा है। टिकट उसी आधार पर तय किया जा रहा है। जिसका असर सब जगह भी दिखता है ।

### जातीय समीकरण

गया जिले की 10 विधानसभा सीटों में यादव, भूमिहार, कोइरी, दलित, और मुस्लिम वोट बैंक निर्णायक हैं। बोधगया, एक एससी रिजर्व सीट, 2020 में आरजेडी ने जीती थी। कुछ दलित ने चिराग पासवान को पसंद बताया, जिसे उनके दोस्तों ने उनकी जाति (पासवान) से जोड़ा। हालाँकि कुछ लोग कहते हैं कि नई पीढ़ी जाति को कम महत्व देती है, लेकिन यह अब भी राजनीति का आधार है।

### गया का राजनीतिक परिदृश्य

- **कुल सीटें:** 10 (गया जिला)
- **2020 में एनडीए:** 5 सीटें (बीजेपी: 2, हम: 3)
- **2020 में आरजेडी:** 5 सीटें
- **बोधगया सीट:** एससी रिजर्व, आरजेडी विजयी

आज जो हालात हैं उसमें बोधगया में पलायन, शराबबंदी व जातिवाद की चुनौतियों से जूझ रहा है। प्रशांत किशोर की नई पार्टी के बारे में कुछ लोग चर्चा कर रहे हैं , लेकिन ज्यादातर लोग कह रहे हैं कि वह तो मोदी के आदमी हैं। नीतीश व अन्य दलों का वोट काटकर भाजपा का लाभ पहुंचाने का काम कर रहे हैं। यदि कुछ सीटें जीत लिए तो भाजपा को मदद करेंगे।

**इंस्टाग्राम पर भावुक कविता साझा कर तोड़ी चुप्पी**

# इरफान के बेटे बाबिल खान ने अवसाद से लड़ाई का दर्द बयां किया

दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे अभिनेता बाबिल खान ने सोशल मीडिया पर एक भावुक कविता साझा की है जिसमें उन्होंने अवसाद से अपनी लड़ाई का खुलासा किया है। बाबिल ने 2022 में फिल्म ''क़ला'' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी जिसमें उनके साथ तृप्ति डिमरी नजर आई थीं। बाबिल मई में उस समय विवादों में घिर गए थे जब उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया था जिसमें वह बेहद भावुक नजर आए थे और उन्होंने फिल्म जगत को बनावटी करार दिया था।

***बाबिल खान ने इंस्टाग्राम पर साझा की कविता :*** *बाबिल खान ने इंस्टाग्राम पर एक हालिया संदेश के ज़रिए अवसाद से अपनी लड़ाई को सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया है। यह उनके भावुक वीडियो के ऑनलाइन व्यापक ध्यान आकर्षित करने और प्रशंसकों व फ़िल्म उद्योग में चिंता पैदा करने के महीनों बाद आया है।*







# विनोद पांडेय की माता के निधन पर सीएम ने शोक संवेदना प्रकट की



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन सोमवार को राज्य समन्वय समिति के सदस्य-सह-झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय के हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित आवास पहुंचकर उनकी माता जलेश्वरी देवी के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस कठिन घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की। मुख्यमंत्री ने विनोद कुमार पांडेय एवं उनके परिजनों से मुलाकात की तथा उनका ढांढ़स बंधाया। मालूम हो कि विगत 12 अक्टूबर को राज्य समन्वय समिति के सदस्य-सह-झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय की माता जलेश्वरी देवी का निधन हो गया था। जलेश्वरी देवी अपने पीछे चार पुत्र एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।

## पूर्व डीसी छवि रंजन जेल से निकले बाहर



**रांची।** सेना के कब्जे वाली बरियातू की जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में जेल में बंद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को उच्चतम न्यायालय से मिली जमानत के बाद सोमवार को जेल से बाहर निकले। इससे पहले उनकी ओर से ईडी के स्पेशल जज योगेश कुमार की अदालत में मुचलका दाखिल किया गया। साथ ही उच्चतम न्यायालय की ओर से दिए गए शर्तों का पालन करने का भी लिखित आश्वासन दिया गया। आरोपित छवि रंजन की ओर से कोर्ट में एक-एक लाख रुपये के दो जमानतदार दाखिल किए गए। इसके बाद कोर्ट ने होटवार के जेल अधीक्षक के पास रिलीज ऑर्डर भेज दिया। इसके बाद वह जेल बाहर निकल गए। उल्लेखनीय है कि ईडी की ओर से गिरफ्तार किए गए छवि रंजन की जमानत याचिका को उच्चतम न्यायालय ने 10 अक्टूबर को स्वीकार कर लिया था।

# प्रत्येक जिले में 100-100 गरीब मरीजों के नाम राशन कार्ड में जुड़ेंगे : डॉ. इरफान

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्य की गरीब और बीमार जनता के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए राज्य सरकार ने सोमवार को बड़ा निर्णय लिया है। खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने घोषणा की है कि राज्य के प्रत्येक जिले में विशेष रूप से 100-100 गरीब एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों के नाम राशन कार्ड में जोड़े जाएंगे, ताकि वे आयुष्मान भारत योजना और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार की उदासीनता के कारण अब तक कई गरीबों की जान इलाज के अभाव में चली गई। केंद्र की वर्तमान गाइडलाइन के अनुसार राशन कार्ड में नाम काटे बिना नया नाम नहीं जोड़ा जा सकता है।

ऐसे में बड़ी संख्या में गरीब लोग सरकारी योजनाओं से वंचित हो रहे थे। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे में उन्होंने संकल्प लिया है कि मंत्री रहते किसी गरीब की जान इलाज के अभाव में नहीं जाएगी। विधायक और सांसद से सहयोग करने का आग्रह मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने राज्य के सभी विधायकों और सांसदों से इस दिशा में सहयोग करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि यदि उनके क्षेत्र में कोई गरीब मरीज ऐसा है, जिसका नाम राशन कार्ड में शामिल नहीं है और वह आर्थिक तंगी के कारण इलाज नहीं करवा पा रहा है, तो वे तुरंत संबंधित उपायुक्त और जिला आपूर्ति पदाधिकारी से संपर्क कर उसका नाम सूची में जुड़वाएं, ताकि उस मरीज का तत्काल इलाज सुनिश्चित किया जा सके।



## बीआईटी मेसरा का 35वां दीक्षांत समारोह कल, इसरो अध्यक्ष होंगे मुख्य अतिथि



**नवीन मेल संवाददाता**

रांची। बिड़ला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी), मेसरा का 35वां दीक्षांत समारोह 15 अक्तूबर को आयोजित होने जा रहा है। इस समारोह में देशभर से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा। समारोह में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ वी नारायणन मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और दीक्षांत भाषण देंगे। इस समारोह में 1,600 से अधिक छात्र-छात्राओं को स्नातक, स्नातकोत्तर, डॉक्टरेट और डिप्लोमा कार्यक्रमों की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। साथ ही, संस्थान के अध्यक्ष सीके बिड़ला भी उपस्थित रहेंगे और विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेंगे। विद्यार्थियों की उपलब्धियों का होगा उत्सव संस्थान के कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना समारोह के दौरान वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे, जिसमें बीआईटी मेसरा की अनुसंधान उपलब्धियों, उद्योग जगत के साथ सहयोग और अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक साझेदारियों की झलक मिलेगी।

सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि बीआईटी मेसरा का यह 35वां दीक्षांत समारोह न सिर्फ विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उत्सव होगा, बल्कि वैज्ञानिक नवाचार, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व से परिपूर्ण भविष्य की नींव भी रखेगा।

### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक

# रबी फसल के बीज वितरण में लागू होगा क्लस्टर मॉडल : कृषि मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**



● 100 गांव का बनेगा एक क्लस्टर

**रांची।** राज्य में रबी फसल की तैयारी को लेकर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक सोमवार को नेपाल हाउस में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने की। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं की रफ्तार बढ़ाई जाए और लाभुकों के घर तक योजनाओं की वास्तविक पहुंच सुनिश्चित की जाए।

मंत्री ने कहा कि झारखंड में रबी फसल के बीज वितरण का कार्य अब क्लस्टर आधारित मॉडल पर किया जाएगा। प्रत्येक क्लस्टर में 80 से 100 गांव शामिल होंगे और हर क्लस्टर को किसी विशेष फसल के लिए पहचाना जाएगा। बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत किसानों को 100 प्रतिशत अनुदान पर बीज वितरित किया जाएगा।

बैठक में मंत्री ने कहा कि विभाग की योजनाओं को धरातल पर लागू करने में तेजी लाई जाए ताकि किसानों को समय पर लाभ मिल सके। रबी फसल को लेकर जिला और प्रखंड स्तर पर विशेष तैयारी करने के निर्देश भी दिए गए।

दलहन और तिलहन फसलों को बढ़ावा देने के लिए किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस बार किसानों के लिए आयोजित होने वाली गोष्ठियां पंचायत स्तर पर होंगी, जिससे ग्रामीण स्तर तक योजनाओं की जानकारी पहुंच सके।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नवंबर माह में रांची में राज्य स्तरीय कृषि व्यापार मेला आयोजित किया जाएगा। मंत्री ने अधिकारियों को मेले की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विशेष जिम्मेदारी दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अच्छी वर्षा हुई है, जिससे खरीफ की फसल बेहतर स्थिति में है और रबी की बुवाई के लिए भी अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं।

मंत्री ने निर्देश दिया कि जिलों से प्राप्त मांग के अनुसार रबी फसल के लिए पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। बैठक में विभागीय सचिव अबू बक्कर सिद्दिखी, विशेष सचिव गोपाल तिवारी, विशेष सचिव प्रदीप हजारी, कृषि निदेशक भोर सिंह यादव, उद्यान निदेशक माधवी मिश्रा और समिति निदेशक विकास कुमार उपस्थित थे।

## नियम कानून को ताक पर रख काम कर रही पुलिस : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड पुलिस के काम करने के तरीके पर सोमवार को सवाल उठाते हुए कहा कि राजधानी रांची में एसएसपी, डीआईजी और आईजी जैसे उच्च-रैंकिंग अधिकारी हैं, लेकिन गोंदा और नामकुम थानों से जुड़े एक गंभीर आपराधिक मामले (आवेदिका खुशी तिवारी के अभ्यावेदन) की जांच समीक्षा करने की बारी आई, तो यह काम पुलिस डीआईजी(बजट) को सौंपा गया है। क्या डीजीपी की नजर में रांची में तैनात ये अधिकारी इतने सक्षम अधिकारी नहीं हैं कि उन्हें वित्तीय मामलों के डीआईजी को जांच का काम सौंपना पड़ा? यह पुलिस बल की अक्षमता और नियमों के घोर उल्लंघन का प्रमाण है।

मरांडी ने कहा कि एक तरफ सरकार आईआरबी/जैप बटालियन की महिला आरक्षियों को उनके विशेष प्रशिक्षण के विपरीत, थानों में मुंशी (क्लर्क) का गैर-कानूनी काम देने को उतावली है, जिससे कई बटालियनों में 15% से अधिक बल अनआर्म्ड ड्यूटी में चला जा रहा है। दूसरी तरफ, जब एक संवेदनशील मामले की समीक्षा की बात आई, तो इसे बजट विभाग को सौंप दिया। मरांडी ने कहा कि अगर रांची के उच्चाधिकारी इतने ही नाकारा हैं कि वे जांच के बुनियादी काम भी नहीं कर सकते, तो उन्हें पद से हटा देना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि ऐसा लगता है पुलिस विभाग में सबकुछ बिना नियम-कानून के ठीक वैसे ही चलता है, जैसे संवैधानिक कायदे-कानून और अखिल भारतीय पुलिस सेवा के नियमों को ठेंगा दिखाकर एक रिटायर्ड आईपीएस वर्दी पहन कर डीजीपी के पद को चला रहे हैं?

# न्यू चंदन ज्वेलरी शॉप में ठगी का प्रयास विफल, अंतरराज्यीय ठग गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र 12 बजे न्यू मार्केट चौक स्थित न्यू चंदन ज्वेलर्स नामक दुकान में एक व्यक्ति को दो अंगूठी खरीदने के बहाने ठगी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। ज्वेलरी दुकानदार को ग्राहक के व्यवहार पर संदेह हुआ, जिसके बाद उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू की और ठगी करने का प्रयास कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान रितेश राज उर्फ सोनू राजा बीघा, थाना फतेहपूर, जिला गया, बिहार के रूप में हुई है। ठगी के तरीके का खुलासाः पूछताछ में रितेश राज उर्फ सोनू ने अपनी अपराध शैली का विस्तृत खुलासा किया, उसने बताया कि वह अपने सहयोगी अभय के साथ मिलकर रांची के विभिन्न एटीएम सेंटरों में ग्राहकों के एटीएम कार्ड फंसाकर उनका पिनकोड प्राप्त करते थे और फिर उनके खाते से पैसे की चोरी करते थे। उनकी कार्यशैली यह थी कि वे एटीएम मशीन में कार्ड प्रवेश स्थान पर गोंद लगा देते थे, जिससे ग्राहक का एटीएम कार्ड मशीन में ही चिपक जाता था। इसके बाद, रितेश राज उर्फ सोनू एटीएम सेंटर में प्रवेश कर, ग्राहक को अपने सहयोगी अभय का एक फर्जी मोबाइल नंबर देकर संपर्क करने को कहते थे, यह बताते हुए कि वह एटीएम के इंजीनियर हैं। इस बातचीत के दौरान वे ग्राहक से चतुराई से उसका पिनकोड प्राप्त कर लेते थे। फिर, वे कार्ड निकालकर दूसरे एटीएम से पैसे की चोरी करते थे।

## रांची के युवक की पायलट ट्रेनिंग के दौरान जोहानसबर्ग में हादसा, मौत

**रांची/नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** दक्षिण अफ्रीका के जोहानसबर्ग में पायलट ट्रेनिंग के दौरान विमान क्रैश होने से रांची के युवक पीयूष पुष्प की दर्दनाक मौत हो गई। 20 वर्षीय पीयूष रांची के अरगोड़ा कटहल मोड़, लाजपत नगर के निवासी और रांची स्थित जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के पूर्व शिक्षक टीएन साहू के पुत्र थे। जानकारी के अनुसार, ट्रेनिंग के दौरान विमान उड़ाते समय अचानक तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल पीयूष को जोहानसबर्ग के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पीयूष दक्षिण अफ्रीका के प्रतिष्ठित वालकैन एविएशन इंस्टीट्यूट में पायलट ट्रेनिंग ले रहे थे। कुछ महीने पहले ही उन्होंने इस कोर्स में दाखिला लिया था और उनका सपना था कि ट्रेनिंग पूरी कर देश लौटकर पायलट बनें।

### दिवाली और महापर्व छठ को लेकर डीजीपी की समीक्षा बैठक

# विधि-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण पर जोर

● चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ समन्वय और सुरक्षा पर विशेष बल

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** आगामी दीपावली और छठ महापर्व के मद्देनजर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई, जिसमें विधि-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध की रोकथाम की प्रशासनिक तैयारियों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रांची के पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। डीजीपी ने सभी एसपी को राज्य में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने त्योहारों के दौरान 24x7 नियंत्रण कक्ष में पुलिस पदाधिकारी और बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। धनतेरस के पर्व को देखते हुए चोरी और छिनतई की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए बाजार क्षेत्रों में नियमित गश्त करने का निर्देश दिया गया। दीपावली के मद्देनजर संवेदनशील स्थानों पर अग्निशमन वाहनों की प्रतिनियुक्ति करने का आदेश दिया गया।

सभी छठ घाटों - नदी, तालाब, डैम आदि जगहों को सुरक्षित करने और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी प्रकार के सुरक्षात्मक उपाय किए जाने पर बल दिया गया। अवैध शराब और ड्रग्स के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी एसपी को यह भी निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने जिलों में चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ समन्वय स्थापित करें और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर महीने पदाधिकारियों के साथ बैठक करें।


**इंडिया**

# सूचना अधिकार के 20 साल में 20 कदम आगे या पीछे ?

12 अक्तूबर को बीस बरस पूरे करने वाले सूचना के अधिकार को नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर मानवाधिकार के रूप में देखा गया है। भारत में लोक प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए सूचना की स्वतंत्रता अधिनियम, 2002 बना,पर इसे कभी अधिसूचित नहीं किया गया। यह लागू भी नहीं हुआ और इसके कमजोर प्रावधानों की आलोचना भी हुई।वर्ष 2005 में एक व्यापक सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 बना, जो लागू भी हुआ। भारत के संविधान के अनुच्छेद-19 (1) (ए) के अंतर्गत जो वाक्-स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति स्वतंत्रता का अधिकार नागरिकों को दिया गया है, उसमें सूचना प्राप्त करने का अधिकार अंतर्निहित है। सूचना के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में स्वीकार किया गया है। ये कानून नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने, सरकारी गतिविधियों, नीतियों और निर्णयों के बारे में जानकारी लेने, लोक प्राधिकारियों के नियंत्रण में उपलब्ध सूचनाओं तक पहुंच हासिल करने और जन-सामान्य के प्रति नौकरशाही की जवाबदेही, शुचिता व पारदर्शिता का अधिकार देता है।भारत में आरटीआई कानून को लागू हुए दो दशक पूरे हुए हैं, इसलिए इसके प्रभाव और क्रियान्वयन की चुनौतियों पर गौर करना जरूरी होगा। यहां उल्लेखनीय है कि विश्व के 132 देशों ने सूचना के अधिकार को सांविधानिक गारंटी के तौर पर अपनाया या आरटीआई कानून बनाए। इन्हें लागू करने के लिए कानूनी ढांचों की मजबूती पर आधारित सेंटर फॉर लॉ एंड डेमोक्रेसी (सीएलडी) की ग्लोबल आरटीआई रेटिंग में वर्ष 2011 में भारत दूसरे स्थान पर था, लेकिन लगातार गिरावट के बाद 2024 में यह खिसक कर नौवें पायदान पर आ गया। इस गिरावट का कारण भारत के आरटीआई कानून की दूसरी अनुसूची में व्यापक अपवाद होना है, जो सुरक्षा, खुफिया और अन्य निकायों से सूचना तक पहुंच को प्रतिबंधित करते हैं। यह छूट इसलिए दी गई है, ताकि राष्ट्रीय सुरक्षा, व्यक्तिगत गोपनीयता या अन्य महत्वपूर्ण हितों को सुरक्षित रखा जा सके। हालांकि, इन छूटों की व्याख्या करने की गुंजाइश काफी होती है, जिसका उपयोग अक्सर जन सूचना अधिकारियों द्वारा सूचना देने से बचने के लिए किया जाता है। सरकारों की राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव का ही नतीजा है कि इस कानून के अस्तित्व में आने के दो दशक बाद भी सरकारी कार्यालयों में आसानी से सूचना देने की प्रवृत्ति विकसित नहीं हो पाई है, कहीं बड़ी संख्या में आवेदन लंबित हैं, तो कहीं आधी-अधूरी, अपूर्ण और भ्रामक सूचनाएं दी जाती हैं। राज्य सूचना आयोगों में अपीलों की तादाद लगातार बढ़ती रहती है, न तो सूचना देने में तीस दिन की समय-सीमा का पालन किया जाता है और न ही सूचना देने और अपीलों के निस्तारण में देरी का कारण ही बताया जाता है। सूचना का अधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2019 के जरिये केंद्र और राज्य स्तर पर सूचना आयुक्तों की सेवा शर्तों में संशोधन हुआ, इन संशोधनों से सूचना आयुक्तों की स्वतंत्र कार्यप्रणाली प्रभावित हुई है। इसी तरह वर्ष 2023 में आरटीआई एक्ट की धारा-8 (1)(जे) के संशोधन में सभी व्यक्तिगत जानकारी को प्रकटीकरण से छूट दी गई। ऐसे में, आम लोगों का हथियार बन चुके इस कानून के मूल स्वरूप को बचाए रखना और लोगों में इस कानून के इस्तेमाल की बेहतर समझ बनाना एक बड़ी चुनौती जैसा है। सूचना के अधिकार कानून के अमल में अगर ऐसी ही उदासीनता जारी रही, तो यह कानून निष्प्रभावी हो जाएगा और अभी घपलों-घोटालों, लोक सेवकों के भ्रष्टाचार से सबंधित जो भी जानकारियां छनकर ही सही, मिल रही हैं, वे भी नहीं मिलेंगी। सरकार को द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग की सिफारिशें लागू करनी चाहिए, जिनमें आरटीआई अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए गठित राष्ट्रीय समन्वय समिति का राष्ट्रीय मंच के रूप में कार्य, आरटीआई राष्ट्रीय पोर्टल के कार्यों की निगरानी और अधिनियम के प्रभाव का मूल्यांकन, राज्य स्तर पर विश्वसनीय गैर-लाभकारी संगठनों को शामिल किया जाना, लोक प्राधिकरणों में सूचना अधिकार के उचित कार्यान्वयन के लिए पर्याप्त कर्मचारियों की नियुक्ति, दस्तावेजी रिकॉर्ड का उचित रख-रखाव, सूचना मांगने वालों की जीवन सुरक्षा, सरकारी अधिकारियों का व्यापक प्रशिक्षण और रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण इत्यादि शामिल हैं।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



### एमओयू एक्सचेंज सह एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# नगर निगमों के लिए होगा सिटी लाइवलीहुड एक्शन प्लान तैयार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नगर विकास विभाग ने राज्य के 10 नगर निगमों यथा रांची, धनबाद, देवघर, मेदिनीनगर, मानगो, आदित्यपुर, गिरिडीह, हजारीबाग, चास एवं जमशेदपुर में सिटी लाइवलीहुड एक्शन प्लान तैयार करने का फैसला किया है। इसे लेकर स्मार्ट सिटी परिसर स्थित जुपमी भवन में सोमवार को नगरीय प्रशासन निदेशालय के तत्वाधान में एमओयू एक्सचेंज सह एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सिटी लाइवलीहुड एक्शन प्लान तैयार करने के लिए राष्ट्रीय स्तर की तकनीकी संस्थान एनआईटी, कालीकट का चयन किया गया है। कार्यशाला में प्लान तैयार करने से सम्बंधित एमओयू दस्तावेज का आदान-प्रदान निदेशालय की निदेशक नैंसी सहाय, एनआईटी, कालीकट स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के चेयरमेन डॉ. पी.पी अनिल कुमार तथा सम्बंधित नगर निगमों के नगर आयुक्त, उप नगर आयुक्त एवं सहायक नगर आयुक्त के बीच किया गया।



● सरकार के द्वारा पहली बार शहरी क्षेत्र में आजीविका से सम्बंधित जमीनी हकीकत, वर्तमान एवं भविष्य की चुनौतियां, सतत आजीविका के साधन

कार्यशाला में बताया गया कि शहरी नागरिकों, महिलाओं, स्थानीय कारीगरों, युवाओं, स्वयं सहायता समूहों, कॉमन इंटरेस्ट ग्रुप इत्यादि का सर्वे, स्किल असेसमेंट, आजीविका के वर्तमान साधन, चुनौतियां, आजीविका के नए आयाम, बाजार व्यवस्था इत्यादि से संबंधित अगले पांच साल का रोड मैप तैयार किया जाएगा। इसी आधार पर नगर निकायों के लिए सिटी लाइवलीहुड एक्शन प्लान भी तैयार किया जाएगा। कार्यशाला में एनआईटी कालीकट के प्रोफेसरों द्वारा सिटी लाइवलीहुड एक्शन प्लान तैयार करने से सम्बंधित पूरी प्रक्रिया एवं कार्य योजना का प्रस्तुतिकरण भी दिया गया।

योजनाओं को लागू करने में सुविधा होगी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नैंसी सहाय ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा पहली बार शहरी क्षेत्र में आजीविका से सम्बंधित जमीनी हकीकत, वर्तमान एवं भविष्य की चुनौतियां, सतत आजीविका के साधन, कमजोर समूह और उद्यम इत्यादि का सर्वे एवं फाइनल रिपोर्ट तैयार करने हैं। इसे सिटी लाइवलीहुड एक्शन प्लान से तैयार कराया जा रहा है। यह पहल भविष्य में रोजगार सृजन, गरीबी उन्मूलन एवं आर्थिक सम्पन्नता का माध्यम बनेगी। यह पहल केंद्र एवं राज्य सरकार को नीति निर्धारण एवं योजनाओं को लागू करने में लाभकारी होगा।



# वैभव बिहार रणजी टीम के उपकप्तान बने

## शुरुआती दो राउंड के लिए हुआ टीम का ऐलान

## बिहार रणजी में सकीबुल गनी करेंगे कप्तानी...

**एजेंसी । नई दिल्ली**

वैभव सूर्यवंशी को 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीजन के लिए बिहार टीम का उपकप्तान बनाया गया है। टीम की कप्तानी बल्लेबाज सकीबुल गनी करेंगे। अगले साल की शुरुआत में अंडर-19 वर्ल्ड कप होना है। ऐसे में वैभव का पूरे सीजन खेलना मुश्किल है। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 के पहले दो राउंड के लिए टीम जारी की है। बिहार 15 अक्टूबर को अपने पहले मैच में अरुणाचल प्रदेश से भिड़ेगा। इसके बाद 25 अक्टूबर को उसका सामना मणिपुर से होगा। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में जड़े शतक 14 साल के वैभव ने भारत की अंडर-19 टीम के लिए खेलते हुए इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में शतक जड़े हैं। वैभव ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर इंडिया अंडर-19 टीम के लिए खेलते हुए ब्रिस्बेन में पहले यूथ टेस्ट में 78 गेंदों पर शतक लगाया। ऑस्ट्रेलिया में हुई मल्टी-डे सीरीज में वह दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने तीन पारियों में कुल 133 रन बनाए। भारत ने यह सीरीज 2-0 से जीती। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यूथ वनडे में तीन मैचों में 124 रन बनाए। इसमें एक 68 गेंदों में 70 रन की पारी भी शामिल थी। इससे पहले, इंग्लैंड के खिलाफ 5 यूथ वनडे मैचों में उन्होंने 174.02 के स्ट्राइक रेट से 355 रन बनाए थे। लेफ्ट हैंड बैटर वैभव इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। 14 साल की उम्र में सूर्यवंशी ने आईपीएल आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में शतक जड़ा था।

**बिहार की रणजी टीम** सकीबुल गनी (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी (उपकप्तान), पीयूष कुमार सिंह, भास्कर दुबे, अर्नव किशोर, आयुष लोहारुका, बिपिन सौरभ, अमोद यादव, नवाज खान, साकिब हुसैन, राघवेंद्र प्रताप सिंह, सचिन कुमार सिंह, हिमांशु सिंह, खालिद आलम और सचिन कुमार।

**वैभव सूर्यवंशी घरेलू करियर...**

| | फर्स्ट क्लास | लिस्ट ए |
|---|---|---|
| रन | 100 | 132 |
| मैच | 05 | 06 |
| स्ट्रा. रेट | 63.29 | 110 |

### लाहौर टेस्ट-पाकिस्तान पहली पारी में 378 रन पर ऑलआउट

# दूसरे दिन 65 रन बनाने में गंवाए 5 विकेट साउथ अफ्रीका से मुथुस्वामी को 6 विकेट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

लाहौर टेस्ट के दूसरे दिन पाकिस्तान की टीम पहली पारी में 378 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे दिन 313/5 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और 65 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए। पहले दिन रविवार को पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। पाकिस्तान से इमाम-उल-हक और सलमान आगा ने सबसे ज्यादा 93-93 रन बनाए। साउथ अफ्रीका की तरफ से सेनुरन मुथुस्वामी ने 6 विकेट लिए। रिजवान 75 रन बनाकर आउट हुए टीम ने आज 313/5 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया।




**पहले दिन शान और इमाम ने 161 रन जोड़े**

पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम का पहला विकेट मात्र 2 रन पर गिर गया। कागिसो रबाडा ने अब्दुल्लाह शफीक को एलबीडब्लयू आउट किया। इसके बाद कप्तान शान मसूद ने इमाम के साथ पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने अपनी फिफ्टी पूरी की। इमाम अपने शतक से मात्र 7 रन दूर रह गए। उन्हें 93 रन पर मुथुस्वामी ने कैच आउट कराया। इमाम ने अपनी पारी में 7 चौके और एक सिक्स लगाया।

मोहम्मद रिजवान (62) और सलमान आगा (52) ने अपनी पारी को आगे बढ़ाया। दिन का पहला विकेट रिजवान का गिरा। रिजवान 75 रन बनाकर आउट हुए। पाकिस्तान का पहली पारी में यह छठा विकेट था। इसके बाद नोमान अली और साजिद खान खाता भी नहीं खोल सके। शाहीन शाह अफरीदी 7 रन बनाकर लौटे। पारी का आखिरी विकेट सलमान आगा का गिरा। आगा 93 रन बनाकर पवेलियन लौटे। साउथ अफ्रीका की तरफ से सेनुरन मुथुस्वामी ने सबसे ज्यादा 6 विकेट झटके। प्रेनेलन सुब्रयेन ने 2 विकेट लिए। कागिसो रबाडा और सिमोन हार्मर को एक-एक विकेट मिला।

# हरभजन सिंह को उम्मीद, ऑस्ट्रेलिया में जमकर रन बनाएंगे रोहित-कोहली

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारत के दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा की जोड़ी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज में जमकर रन बनाएगी। ये सीरीज 19-25 अक्टूबर के बीच खेली जाएगी। 'रो-को' को इस वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। इस साल मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद से यह उनका 'ब्लू जर्सी' में पहला मैच होगा। टीम की कमान शुभमन गिल के हाथों में है। हरभजन ने जियोहॉटस्टार के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर कहा, "कृपया विराट की फिटनेस के बारे में कोई सवाल न करें। फिटनेस के मामले में वह एक 'गुरु' हैं। हर कोई उन्हें फॉलो करता है। विराट कोहली की फिटनेस को लेकर कोई चिंता की बात नहीं है। वह फिट हैं, शायद अपने साथ खेलने वाले कई खिलाड़ियों से भी ज्यादा फिट हैं। आज के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वह यकीनन सबसे फिट खिलाड़ी हैं।

# घाना ने पांचवीं बार फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया



**एजेंसी । नई दिल्ली**

घाना ने एक बार फिर अपने फुटबॉल सफर में शानदार वापसी की है। अफ्रीकी कप ऑफ नेशंस 2025 के लिए क्वालीफाई न कर पाने के बाद अब उन्होंने फीफा विश्व कप में जगह बना ली है। कोमोरोस के खिलाफ 1-0 की जीत ने उन्हें ग्रुप-आई में शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया और विश्व कप का टिकट दिला दिया। फीफा विश्व कप 2026 में यह घाना की पांचवीं भागीदारी होगी। उन्होंने पहली बार 2006 में जर्मनी विश्व कप में खेला था। पिछली बार कतर में वे ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गए थे, इसलिए इस बार टीम बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से मैदान में उतरेगी। मैडागास्कर ने पूरे क्वालीफाइंग मुकाबलों में घाना को कड़ी चुनौती दी, लेकिन आखिरी मैच में मोहम्मद कुदूस के निर्णायक गोल ने घाना की राह आसान कर दी।

# बेटियां बेमिसाल : '14 अक्टूबर' को जन्मीं भारत की दो खिलाड़ी, जिन्होंने अलग-अलग खेलों में लहराया परचम

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय खेल जगत के लिए '14 अक्टूबर' का दिन बेहद खास है। इस दिन दो ऐसी महिला खिलाड़ियों का जन्म हुआ, जिन्होंने वैश्विक मंच पर अलग-अलग खेलों में भारत का नाम रोशन किया। इनमें से पहली खिलाड़ी पूनम राउत हैं। 14 अक्टूबर 1989 को मुंबई में जन्मीं पूनम राउत की कहानी 'दंगल' फिल्म से कम नहीं है। बोरीवली वेस्ट में पली-बढ़ीं पूनम को बचपन से ही क्रिकेट खेलने का शौक था। जब एक बार पूनम गली क्रिकेट खेल रही थीं, तो पिता ने उन्हें बल्लेबाजी करते हुए देख लिया। इसके बाद पिता ने उन्हें क्रिकेट कोचिंग के लिए भेजा। कभी पिता भी टेनिस बॉल से क्रिकेट खेलते थे, लेकिन परिस्थितियों के चलते टीम इंडिया के लिए खेलने का सपना साकार नहीं कर सके। परिवार के गुजर-बसर के लिए उन्होंने ड्राइवर की नौकरी शुरू कर दी। घर में इतनी जगह तक नहीं थी कि क्रिकेट किट रखी जा सके, लेकिन उन्होंने बेटी के जरिए ही अपने अधूरे सपने को पूरा करने की ठानी। उन्होंने 10 हजार रुपए उधार लेकर बेटी को क्रिकेट एकेडमी भेजा।




**2021** में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार शतक लगाया।

**2017** वर्ल्ड कप फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 115 गेंदों पर 86 रन की शानदार पारी खेली।

जब पूनम महज 16 साल की थीं, तो उनका सेलेक्शन एशिया कप के लिए हो गया था। आनन-फानन में पिता ने बेटी का पासपोर्ट बनवाने के लिए दौड़-भाग शुरू की, लेकिन इसमें देरी हो गई। पूनम राउत को आखिरकार मार्च 2009 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू का मौका मिला।

# गौतम गंभीर : बतौर खिलाड़ी जीते दो विश्व कप, कोच बनकर भी मनवाया लोहा

**एजेंसी । नई दिल्ली**




बतौर खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट टीम को विश्व कप खिताब जिताने के बाद गौतम गंभीर ने कोच के तौर पर भी अपनी गहरी छाप छोड़ी। गौतम गंभीर अपनी रणनीतिक सोच और नेतृत्व क्षमता के लिए जाने जाते हैं। एक कप्तान के तौर पर दो आईपीएल ट्रॉफी जीतने वाले गौतम गंभीर ने कोच के रूप में भी खिताब जीता। गंभीर की कोचिंग में भारत ने 'चैंपियंस ट्रॉफी 2025' और 'एशिया कप 2025' के खिताब अपने नाम किए। गौतम गंभीर की कोचिंग की खासियत उनका आक्रामक लेकिन संतुलित दृष्टिकोण है। वह खिलाड़ियों में आत्मविश्वास जगाने और टीम भावना मजबूत करने पर जोर देते हैं। गंभीर खेल के हर पहलू में अनुशासन, जिम्मेदारी और मानसिक मजबूती को प्राथमिकता देते नजर आए हैं। उनकी रणनीति स्थिति अनुसार होती है। 14 अक्टूबर 1981 को दिल्ली के कारोबारी परिवार में जन्मे गौतम गंभीर को घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम में मौका मिला। उन्होंने भारत की ओर से 58 टेस्ट, 147 वनडे और 37 टी20 मैच खेले, जिसमें कुल 20 शतक जमाए। इस दौरान 10,324 रन अपने नाम किए।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### भारतीय शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद, आईटी व एफएमसीजी में हुई बिकवाली

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में हल्के लाल निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 173.77 अंक या 0.21 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 82,327.05 और निफ्टी 58 अंक या 0.23 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,227.35 पर था। गिरावट का नेतृत्व आईटी और एफएमसीजी स्टॉक्स ने किया। सूचकांकों में निफ्टी आईटी 0.78 प्रतिशत, निफ्टी एफएमसीजी 0.90 प्रतिशत, निफ्टी पीएसई 0.55 प्रतिशत, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.84 प्रतिशत, निफ्टी मेटल 0.43 प्रतिशत और निफ्टी एनर्जी 0.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। निफ्टी पीएसयू बैंक 0.24 प्रतिशत, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 0.16 प्रतिशत, निफ्टी रियल्टी 0.02 प्रतिशत और निफ्टी प्राइवेट बैंक 0.10 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ।



### एनएसई पर 16 अक्टूबर को सूचीबद्ध होगा गुजरात का पहला ग्रीन बॉन्ड, 8 गुना हुआ सब्सक्राइब

**सूरत ।** गुजरात राज्य का पहला ग्रीन बॉन्ड 16 अक्टूबर को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर सूचीबद्ध होगा। इसे सूरत नगर निगम की ओर से जारी किया गया है। यह जानकारी सरकार की ओर से दी गई। सूरत नगर निगम में नगर आयुक्त शालिनी अग्रवाल ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2070 तक नेट जीरो के लक्ष्य के तहत यह ग्रीन बॉन्ड जारी किए गए थे। यह ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड 6 अक्टूबर से लेकर 9 अक्टूबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुले थे। इसका साइज 200 करोड़ रुपए का था और यह आठ गुना से अधिक सब्सक्राइब हुआ है।

# ट्रेड डील पर बातचीत के लिए अमेरिका जाएगा भारतीय प्रतिनिधिमंडल...

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को अंतिम रूप देने के लिए अपनी बातचीत में लगातार प्रगति कर रहे हैं। भारतीय अधिकारियों का एक दल ट्रेड डील पर आगे की बातचीत के लिए इस सप्ताह वाशिंगटन डीसी के लिए रवाना हो सकता है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा, "दोनों देशों के बीच बातचीत काफी अच्छे माहौल में आगे बढ़ रही है। भारत ने अमेरिका से तेल और गैस का आयात बढ़ाने की पेशकश की है, जिससे ट्रेड सरप्लस की भरपाई करने में मदद मिलेगी और साथ ही देश को भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अपने ऊर्जा स्त्रोतों में विविधता लाने में मदद मिलेगी।



**भारत की ओर से प्रस्ताव**

- भारत ने अमेरिका से तेल और गैस आयात बढ़ाने का प्रस्ताव रखा।
- उद्देश्य: ट्रेड सरप्लस में संतुलन लाना और ऊर्जा आपूर्ति स्रोतों में विविधता सुनिश्चित करना।

भारत द्वारा ट्रेड पैकेज के हिस्से के रूप में अमेरिका से और अधिक रिन्यूएबल एनर्जी टेक्नोलॉजी प्राप्त करने की भी संभावना है, जो देश को जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मदद करेगा।

यह घटनाक्रम नए अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास में कार्यभार संभालने के बाद सामने आया है। गोर ने पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और रक्षा, व्यापार और टेक्नोलॉजी सहित द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में दोनों देशों के लिए जरूरी क्रिटिकल मिनरल के महत्व पर भी चर्चा हुई। गोर ने कहा, "अमेरिका भारत के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व में, मैं दोनों देशों के आने वाले दिनों को लेकर आशावादी हूं। राष्ट्रपति ट्रंप, प्रधानमंत्री मोदी को अपना एक महान और निजी मित्र मानते हैं।

इससे पहले सितंबर में ट्रेड डील पर बातचीत के लिए अमेरिकी अधिकारियों के एक दल ने नई दिल्ली का दौरा किया था, जिसके बाद वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल वाशिंगटन गया था।

# एक समृद्ध भारत की कल्पना समावेशी विकास के बल पर ही संभव : गोयल




**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि पीएम गति शक्ति का उद्देश्य केवल रोड और रेलवे लाइन की प्लानिंग से जुड़ा नहीं रह गया है। हम पीएम गतिशक्ति की मदद से नेशनल प्लानिंग के कहीं अधिक गहन इंटीग्रेशन की ओर बढ़ रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने भारत मंडपम में पीएम गति शक्ति की चौथी वर्षगांठ पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, "112 आकांक्षी जिलों का एक ही डेटाबेस पर मानचित्रण, यानी 112 आकांक्षी जिलों के लिए पीएम गतिशक्ति जिला मास्टर प्लान, इन आकांक्षी जिलों को अत्यंत समग्र रूप से देखने में हमारी मदद करेगा। उन्होंने आगे कहा, "अगर हम एक समृद्ध भारत की कल्पना कर रहे हैं तो यह समावेशी विकास के बल पर ही संभव है। जब तक देश के 140 करोड़ नागरिकों का विकास नहीं होता तब तक देश का विकास पूरा नहीं हो सकता। इसलिए, एरिया अप्रोच प्लानिंग के एक टूल के रूप में भी यह किसी क्षेत्र की संपूर्ण योजना है, ताकि उस क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक, प्रत्येक व्यवसाय, प्रत्येक उद्योग को जीवन के सभी पहलुओं का लाभ मिले, चाहे वह स्वास्थ्य सेवा हो, शिक्षा हो, व्यवसायों के लिए कुशल लॉजिस्टिक्स हो, क्षेत्र का औद्योगिक विकास हो, पर्यावरणीय नियोजन हो, सुरक्षा हो, खनिजों या खनिज संपदा की क्षमता का दोहन हो या रिन्यूएबल एनर्जी से बिजली उत्पादन की क्षमता का दोहन हो।

# जीएसटी कटौती से महंगाई में बड़ी गिरावट, खुदरा मुद्रास्फीति दर आठ वर्षों के निचले स्तर पर पहुंची

**नई दिल्ली ।** खुदरा मुद्रास्फीति दर सितंबर में कम होकर 1.54 प्रतिशत हो गई है। यह महंगाई का जून 2017 के बाद सबसे निचला स्तर है। यह जानकारी सरकार की ओर से जारी किए गए डेटा में दी गई। सितंबर में खुदरा महंगाई दर में अगस्त के मुकाबले 0.53 प्रतिशत की कमी आई है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से बताया गया कि खाद्य महंगाई दर सितंबर में -2.28 प्रतिशत रही है। ग्रामीण इलाकों में खाद्य महंगाई दर -2.17 प्रतिशत और शहरी इलाकों में खाद्य महंगाई दर -2.47 प्रतिशत रही है। खाद्य महंगाई दर अगस्त में 0.64 प्रतिशत थी। महंगाई दर में कमी की वजह जीएसटी सुधार को माना जा रहा है, जिससे देश में दैनिक उपभोग से लेकर गाड़ियों तक की कीमतों में कमी देखी गई है।



# सोने व चांदी में उछाल, ऑल-टाइम हाई पर कीमतें

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सोने और चांदी में सोमवार को तूफानी तेजी देखने को मिली, जिससे दोनों कीमती धातुओं के दाम नए ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। आखिरी कारोबारी सत्र के मुकाबले सोने की कीमत में 2,600 रुपए प्रति 10 ग्राम से अधिक और चांदी के दाम में 10,000 रुपए प्रति किलो से ज्यादा का उछाल देखने को मिला है।



इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 1,24,155 रुपए पर पहुंच गई है, जो कि इससे पहले शुक्रवार को 1,21,525 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। 24 कैरेट के सोने में 24 घंटों में 2,630 रुपए प्रति 10 ग्राम की तेजी आई है। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 1,13,726 रुपए हो गई है, जो कि इससे पहले 1,11,317 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 93,116 रुपए हो गया है, जो कि पहले 91,144 रुपए प्रति 10 ग्राम था।